# देशबन्धु

वर्ष – 34 । अंक – 267 । भोपाल, मंगलवार 26 सितंबर 2023 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 3.00 रुपए

जनजातीय विद्यार्थियों को 'सक्षम' से मिलेगी जीवन कौशल शिक्षा — पृष्ठ 3
- मोदी की चुप्पी, मोदी के बोल!
- प्रस्तावित भारत मध्य-पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे की चुनौतियां — पृष्ठ 4
- हरदौली जल आवर्धन योजना से अब प्रतिदिन मिलेगा 22 लाख लीटर पेयजल — पृष्ठ 6

अधिक से अधिक पात्र बहनों को दिलाएं रियायती दर पर रसाई गैस सुविधा : शिवराज — पृष्ठ 8

### महाकुंभ में मोदी ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश, विपक्ष पर किए तीखे हमले, कहा-

# कांग्रेस जंग लगा लोहा, उसके पास भविष्य की सोच नहीं



## यह भी बोले- कांग्रेस कुनीति, कुशासन और करप्शन की पहचान, मोदी हर गारंटी के पूरे होने की गारंटी है

**भोपाल, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि कांग्रेस कुनीति, कुशासन और करप्शन की पहचान है। जबकि वे हर के पूरे होने की गारंटी हैं। राजधानी के जंबूरी मैदान में आयोजित कार्यकर्ता महाकुंभ में श्री मोदी ने जहां पार्टी कार्यकर्ताओं में जोश भरा, वहीं कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा और एक के बाद एक तीखे हमले किये। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस जंग लगा लोहा है उसके पास भविष्य की सोच नहीं है। वहीं हम समाज के अंतिम व्यक्ति के विकास को प्राथमिकता दे रहे हैं। हमारी योजनाओं के मूल में सबका साथ सबका विकास और सबके विश्वास की भावना है। जिसके चलते हमने आज गरीबों, महिलाओं और पिछड़े वर्ग के लोगों को सरकारी योजनाओं का सबसे बड़ा लाभार्थी बना दिया है। श्री मोदी ने कहा कि 50 साल पहले कांग्रेस ने गरीबी दूर करने का नारा दिया, लेकिन अपना वादा पूरा नहीं किया। दूसरी तरफ, भाजपा सरकार के पांच सालों में ही देश के 13.5 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आ चुके हैं। उन्होंने कहा कि ये मोदी की गारंटी का नतीजा है। जब मोदी गारंटी देता है, भाजपा गारंटी देती है, तो वो जमीन पर उतरती है, हर व्यक्ति तक पहुंचती है। मोदी हर गारंटी के पूरे होने की गारंटी है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस की हालत जंग लगे लोहे के समान हो गई है। उसके पास भविष्य की सोच नहीं है और न ही भविष्य को देखने का सामर्थ्य तथा देशहित को समझने की क्षमता बची है। कांग्रेस को विकसित भारत के हर प्रोजेक्ट में खोट नजर आती है। उसने डिजिटल इंडिया की आलोचना की, लेकिन आज भारत के यूपीआई से पूरी दुनिया मंत्रमुग्ध है। आधुनिक सड़कों, चौड़े हाईवे, एक्सप्रेस वे की कांग्रेस आलोचना करती है। देश में वंदे भारत जैसी ट्रेनें चल रही हैं, स्टेशनों का कायाकल्प हो रहा है, बुलेट ट्रेन की तैयारियां चल रही हैं, लेकिन कांग्रेस को यह सब नहीं पच रहा, वह इनकी भी आलोचना करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा ■ शेष पृष्ठ 8 पर

### कांग्रेस ने 30 सालों से महिला आरक्षण बिल को पारित नहीं होने दिया

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि मोदी ने बहनों को जो गारंटी दी थी और नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान करके उस गारंटी को पूरा कर दिया है। लेकिन मैं बहनों को सावधान करना चाहता हूं कि कांग्रेस और उसके घमंडिया गठबंधन ने मजबूरी में इस विधेयक का समर्थन किया है। गठबंधन में वही लोग शामिल हैं, जिन्होंने पिछले 30 सालों में इसे पारित नहीं होने दिया। श्री मोदी ने कहा कि ये वही लोग हैं, जिन्होंने श्रीमती द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनने से रोकने का प्रयास किया। उन्हें बार-बार अपमानित करते हैं। ये वही लोग हैं, जिन्होंने सेना में बेटियों की एंट्री को रोके रखा। मुझे वो काम आजादी के इतने सालों बाद करना पड़ रहा है, क्योंकि इनकी नीयत ठीक नहीं थी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पूछा कि यदि इनकी नीयत ठीक होती तो क्या मुझे करोड़ो ■ शेष पृष्ठ 8 पर

### मंच पर ये रहे मौजूद

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री व प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक नरेंद्र सिंह तोमर, केंद्रीय संसदीय बोर्ड के सदस्य डॉ. सत्यनारायण जटिया, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, फग्गनसिंह कुलस्ते, प्रहलाद पटेल, वीरेन्द्र कुमार खटीक, पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय, अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालसिंह आर्य, महाराष्ट्र के सहप्रभारी जयभानसिंह पवैया, सांसद राकेश सिंह, पार्टी क प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद, प्रदेश शासन के मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा, भूपेन्द्र सिंह, राजेन्द्र शुक्ला सहित पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी मंच पर उपस्थित थे।

### महिला जनप्रतिनिधियों ने किया मोदी का स्वागत



प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा लाये गये नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 के लिए महाकुंभ में उपस्थित पार्टी की महिला पदाधिकारी, जनप्रतिनिधियों सरपंच से लेकर सांसद व मंत्री व विधायकों ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का बड़ी पुष्प माला से स्वागत कर महिला शक्ति की ओर से अभिनंदन पत्र भेंट किया। प्रदेश शासन की मंत्री श्रीमती यशोधराराजे सिंधिया, सुश्री उषा ठाकुर, प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती सीमा सिंह जादौन, प्रदेश उपाध्यक्ष व पूर्व विधायक श्रीमती ललिता यादव, प्रदेश महामंत्री व सांसद सुश्री कविता पाटीदार, प्रदेश मंत्री डॉ. लता वानखेडे, विधायक ■ शेष पृष्ठ 8 पर

### प्रधानमंत्री रथ पर सवार होकर पहुंचे आमजन के बीच



श्री मोदी जंबूरी मैदान में आयोजित कार्यकर्ता महाकुंभ में मंच के सामने रथ पर सवार होकर पहुंचे। रथ पर मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान और प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा साथ थे। रथ आमजन के बीच पहुंचा तो दोनों ओर जनसमुदाय से भरा पंडाल मोदी-मोदी के नारों से गूंज उठा।

### शिवराज ने किया दावा

## प्रदेश में 2 तिहाई बहुमत से बनेगी सरकार



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कार्यकर्ता महाकुंभ को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश निरंतर आगे बढ़ रहा है। आने वाले पांच वर्षों में मध्यप्रदेश भारत का नंबर वन राज्य बनेगा। उन्होंने कहा कि आपके बढ़ते हुए उत्साह को देखकर आज कह सकता हूँ कि भारतीय जनता पार्टी फिर दो तिहाई बहुमत से मध्यप्रदेश में सरकार बनायेगी। श्री चौहान ने कार्यकर्ताओं से आव्हान किया कि चुनाव में सिर्फ दो माह शेष हैं, यह दो महीने भारतीय जनता पार्टी को चुनाव प्रचार के लिए दीजिए। अपने बूथ पर हम भारी बहुमत से भाजपा को जिताएंगे, यह संकल्प लेकर यहां से जायें। उन्हांने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमारी मॉं है और प्रत्येक कार्यकर्ता को दूध की लाज रखनी है और अपने बूथ को जिताकर फिर से सरकार बनानी है। हमें आने वाले विधानसभ चुनावों में ऐतिहासिक जीत दर्ज करनी है और 2024 में मोदी जी को 29 में से 29 सीटें जीतकर ■ शेष पृष्ठ 8 पर

### महिलाओं को आरक्षण देकर इतिहास रचा



पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कार्यकर्ता महाकुंभ को संबोधित करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जी-20 देशों की सफलतापूर्वक अध्यक्षता की एवं देश में महिलाओं की 50 प्रतिशत आबादी के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम लाकर 33 प्रतिशत आरक्षण देकर इतिहास बनाने का काम किया है। प्रधानमंत्री आज पं. दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयंती पर भोपाल आए हैं, सभी कार्यकर्ताओं की ओर से उनका हार्दिक अभिनंदन करता हूँ। उन्होने कहा कि देश में प्रधानमंत्री श्री मोदी और प्रदेश में मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने पं. दीनदयाल उपाध्याय के विचार को प्रतिपादित कर गरीब कल्याण की योजनाओं से गरीबों का जीवन बदलने का काम किया है। प्रधानमंत्री ने 25 जून को मेरा बूथ-सबसे मजबूत अभियान दिया था, उस बूथ सशक्तिकरण के अभियान को कार्यकर्ताओं की महाशक्ति ने जमीन पर उतारने का संकल्प पूरा किया है। आज मध्यप्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 44 लाख परिवारों को पक्का मकान और आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 3 करोड़ 60 लाख परिवारों को मुफ्त इलाज मिला है। प्रदेश में ■ शेष पृष्ठ 8 पर

## सार-समाचार

### पंजाब के पूर्व वित्त मंत्री मनप्रीत बादल पर केस दर्ज

**चंडीगढ़, एजेंसी।** पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने बठिंडा में एक संपत्ति की खरीद में अनियमितता के आरोप में राज्य के पूर्व वित्त मंत्री और भाजपा नेता मनप्रीत सिंह बादल और पांच अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। कांग्रेस से आए मनप्रीत के अलावा, बठिंडा नगर निगम के पूर्व आयुक्त बिक्रमजीत शेरगिल, राजीव कुमार, अमनदीप सिंह, विकास अरोड़ा और पंकज पर रविवार रात केस दर्ज किया गया। अधिकारी ने बताया कि मामले में राजीव कुमार और अमनदीप सिंह को गिरफ्तार किया गया है। 2021 में पूर्व विधायक सरूप चंद सिंगला की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए ब्यूरो ने जांच शुरू की और उन पर मामला दर्ज किया।

### भाजपा ने नए प्रदेश अध्यक्षों की नियुक्ति की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने नागालैंड, मेघालय और पुडुचेरी में पार्टी संगठन में बदलाव करते हुए नए प्रदेश अध्यक्षों की नियुक्ति कर दी है। पार्टी ने बेंजामिन येपथोमी को नागालैंड, रिकमैन मोमिन को मेघालय और एस. सेल्वगनबथी को पुडुचेरी का नया प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा नागालैंड,मेघालय और पुडुचेरी के नए प्रदेश अध्यक्षों की नई संगठनात्मक नियुक्तियों को लेकर अलग-अलग पत्र जारी करते हुए बताया कि यह नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू होंगी।

### मोदी विदेश जाते हैं, लेकिन मणिपुर से बचते हैं : कांग्रेस

**इंफाल, एजेंसी।** मणिपुर कांग्रेस ने सोमवार को मांग की कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को राज्य का दौरा करना चाहिए और जल्द से जल्द शांति और सामान्य स्थिति बहाल करनी चाहिए। मणिपुर कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता निंगोम्बम बुपेंडा मैतेई ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी पहले ही (29-30 जून) मणिपुर का दौरा कर चुके हैं और राहत शिविरों में लोगों से बात कर चुके हैं, लेकिन प्रधानमंत्री को राज्य का दौरा करने का समय नहीं मिला। एआईसीसी के सदस्य मैतेई ने मीडिया को बताया, प्रधानमंत्री ने देश के विभिन्न राज्यों और विदेशों का लगातार दौरा किया, लेकिन लगभग पांच महीने से चल रही जातीय हिंसा के बावजूद उन्होंने मणिपुर का दौरा करने से परहेज किया।

### सर्वसम्मति से पार्टी ने प्रस्ताव किया पास

# अन्नाद्रमुक ने भाजपा से नाता तोड़ा

- अपने नेताओं पर टिप्पणी से थी नाराजगी
- अन्नादुरई, जयललिता की आलोचना की थी

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु में अन्नाद्रमुक ने भाजपा और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के साथ अपना रिश्ता खत्म कर लिया है। पार्टी के उपसमन्वयक केपी मुनुसामी ने इसका आधिकारिक एलान किया। उन्होंने कहा कि अन्नाद्रमुक ने बैठक में सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित किया। अन्नाद्रमुक आज से भाजपा और एनडीए गठबंधन से सभी संबंध तोड़ रही है। भाजपा का राज्य नेतृत्व लगातार पिछले एक साल से हमारे पूर्व नेताओं, हमारे महासचिव ईपीएस और हमारे कैडर के बारे में अनावश्यक टिप्पणी कर रहा है। इससे पहले अन्नाद्रमुक ने कहा था कि उनका भाजपा के साथ कोई गठबंधन नहीं है और गठबंधन को लेकर चुनाव के समय विचार किया जाएगा। एआईएडीएमके के वरिष्ठ नेता डी जयकुमार ने यह बयान दिया था। उन्होंने साफ किया था कि यह उनका निजी बयान नहीं है, बल्कि उनकी पार्टी का स्टैंड है।

डी जयकुमार ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के अन्नामलाई पर निशाना साधा था। उन्होंने आरोप लगाया था कि अन्नामलाई ने द्रविड़ राजनीति के दिग्गज नेता सीएन अन्नादुरई की आलोचना की और उनकी पार्टी के कार्यकर्ता यह बर्दाश्त नहीं करेंगे। अन्नामलाई ने एआईएडीएमके नेताओं के खिलाफ भी बयानबाजी की और दिवंगत पूर्व सीएम जे जयललिता की भी आलोचना की थी। एआईएडीएमके ने इस पर भी आपत्ति जताई थी। डी जयकुमार ने ये भी कहा था कि अन्नामलाई भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बनने के लायक नहीं हैं।

### भाजपा ने जारी की दूसरी सूची, दिग्गजों पर लगाया दांव

# केंद्रीय मंत्री तोमर, पटेल और कुलस्ते को मैदान में उतारा, 4 सांसदों को भी टिकट





**भोपाल, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी ने आज विधानसभा चुनाव के लिए 39 और प्रत्याशियों की दूसरी सूची जारी कर दी। इसमें 3 केंद्रीय मंत्रियों के अलावा 4 सांसदों को भी टिकट दिया गया है। पार्टी ने केंद्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर को मुरैना जिले की दिमनी से मैदान में उतारा है तो वहीं केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल को नरसिंहपुर और फग्गन सिंह कुलस्ते को मंडला जिले की निवास से टिकट दिया गया है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय को इंदौर-1 से टिकट दिया गया है, जबकि सांसद राकेश सिंह को जबलपुर पश्चिम, गणेश सिंह को सतना, श्रीमती रीति पाठक को सीधी, उदय प्रताप सिंह को नरसिंहपुर जिले के गाडरवारा से प्रत्याशी बनाया गया है।

केंद्रीय मंत्री श्री तोमर मुरैना संसदीय सीट से सांसद हैं और वे 2 बार विधायक रह चुके हैं। प्रहलाद पटेल को उनके भाई विधायक भाई जालम सिंह पटेल की जगह प्रत्याशी बनाया गया है। निवास से प्रत्याशी बनाए गए फग्गन सिंह कुलस्ते के भाई रामप्यारे निवास से पिछला विधानसभा चुनाव हार गए थे। पार्टी महासचिव कैलाश विजयवर्गीय राज्य के पूर्व मंत्री हैं। पिछले चुनाव में अपने पुत्र आकाश विजयवर्गीय को इंदौर-3 से विधायक बनवाया था। लोकसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक राकेश सिंह पहली बार विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं। पार्टी ने 6 महिलाओं को टिकट दिया है। पार्टी इससे पहले भी 39 उम्मीदवार घोषित कर चुकी है। इन्हें मिलाकर अब भाजपा के घोषित प्रत्याशियों की संख्या 78 हो गई है।

### इन्हें बनाया प्रत्याशी

श्योपुर-दुर्गालाल विजय
मुरैना-रघुराज कंसाना
दिमनी-नरेंद्र सिंह तोमर
लहार-अमरीश शर्मा गुड्डू
भितरवार-मोहन सिंह ठाकुर
डबरा (अजा)-इमरती देवी
सेवढ़ा-प्रदीप अग्रवाल
करैरा (अजा)-रमेश खटीक
राद्योगढ़-हिरेंद्र सिंह बंटी बना
देवरी-बृजबिहारी पटेरिया
राजनगर-अरविंद पटेरिया
सतना-गणेश सिंह
मैहर-श्रीकांत चतुर्वेदी
सीधी-रीति पाठक
सिंहावल-विश्वामित्र पाठक
कोतमा-दिलीप जायसवाल
जबलपुर पश्चिम-राकेश सिंह
डिंडोरी (अजजा)-पंकज टेकाम
निवास (अजजा)-फग्गन सिंह कुलस्ते
कंटगी-गौरव पारधी
नरिसंहपुर-प्रहलाद सिंह पटेल
गाडरवाड़ा-उदय प्रताप सिंह
जुन्नारदेव-नत्थन शाह
छिंदवाड़ा-विवेक बंटी साहू
परासिया (अजा)-ज्योति डहेरिया
घोंडाडोंगरी (अजजा)-गंगा बाई उइके
उदयपुरा-नरेंद्र शिवाजी पटेल
खिलचीपुर-हजारी लाल दांगी
आगर (अजा)-मधु गेहलोत
शाजापुर-अरूण भीमावत
भीकनगांव (अजजा)-नंदा ब्राह्मणे
राजपुर (अजजा)-अंतर सिंह पटेल
पानसेमल (अजजा)-श्याम बर्डे
थांदला (अजजा)-कलसिंह भांवर
गंधवानी (अजजा)-सरदार सिंह मेड़ा
देपालपुर-मनोज पटेल
इंदौर-1-कैलाश विजयवर्गीय
नागदा-खाचरोद-डा. तेजबहादुर सिंह
सैलाना (अजजा)-संगीता चारेल

### कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा, जातिगत जनगणना हिंदुस्तान का एक्सरे

# जातीय जनगणना से देश का फायदा होगा

- देश को चला रहे 90 सचिवों में केवल 3 ही ओबीसी वर्ग से
- कांग्रेस का रिमोट कंट्रोल गरीबों व भाजपा उद्योगपतियों के साथ

**बिलासपुर, देशबन्धु।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले के तखतपुर विकासखंड के परसदा (सकरी) में राहुल गांधी ने छत्तीसगढ़ ग्रामीण आवास न्याय योजना एवं प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के हितग्राहियों, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक आवास सहायता योजना के हितग्राहियों को राशि का वितरण करते हुए कहा कि जातिगत जनगणना जनगणना हिंदुस्तान का एक्सरे है। इससे पता लग जाएगा कि देश में ओबीसी कितने हैं।

आदिवासी कितने हैं। सामान्य वर्ग से कितने हैं। एक बार आंकड़ा आ जाएगा तो देश सबको लेकर आगे चल पाएगा। महिलाओं को भागीदारी देनी है। सबको भागीदारी देनी है तो जातिगत जनगणना करानी होगी। उन्होंने सोमवार को कहा कि हमारी सरकार आई तो जातीय जनगणना कराएंगे। जातीय जनगणना से देश को फायदा होगा. राहुल गांधी ने आगे कहा कि देश को 90 सचिव चला रहे हैं, यही लोग योजनाएं बनाते हैं, इनमें महज तीन ही ओबीसी वर्ग से हैं, इस तरह बजट का सिर्फ पांच प्रतिशत के नियंत्रण की जिम्मेदारी ओबीसी सचिवों के हाथ में होती है। इस मौके पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी संबोधित किया।

### केंद्र सरकार गरीबी विरोधी

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने केंद्र सरकार को गरीब विरोधी करार देते हुए कहा कि कांग्रेस का रिमोट कंट्रोल गरीबों के खातों में राशि डालने के लिए और भाजपा का रिमोट कंट्रोल उद्योगपतियों के लिए चलता है। देश में दो तरह के रिमोट हैं, एक रिमोट सबके सामने है और गरीबों के खाते में राशि जा रही है, दूसरा रिमोट भाजपा का है जो छिपकर चलता है।

राहुल गांधी ने आगे कहा कि बिलासपुर पहुंचकर आज मुझे बहुत खुशी हो रही है। मुझे यह रिमोट कंट्रोल दिया गया और कहा गया कि देखिए इसका बटन दबाइये और जैसे ही हमने बटन दबाया तो करोड़ों रुपए छत्तीसगढ़ के गरीबों के बैंक अकाउंट में गये। एक-दो सेकेंड में बैंक एकाउंट में पैसा मिला। उन्होंने आगे कहा कि दूसरा रिमोट भाजपा का है, जिसके दबते ही एयरपोर्ट, इंफ्रास्ट्रक्चर, जल, जंगल और जमीन उद्योगपतियों को चले गए। भाजपा के इसी रिमोट कंट्रोल को लेकर संसद में आवाज उठाई तो मेरी संसद सदस्यता रद्द कर दी गई।

### हमने सारे वादे पूरे किए: राहुल

राहुल गांधी ने आगे कहा कि हमने सारे वादे पूरे किए। किसान न्याय योजना में 21,000 करोड़ रुपए इनपुट सब्सिडी के माध्यम से दिए। जिन किसानों के पास जमीन नहीं थी, उन्हें भी हम नहीं भूले, उन्हें सात हजार रुपए दिए। आदिवासियों को लघु वनोपजों के लिए समर्थन मूल्य दिया। वन अधिकार दिए गए। 5 लाख रुपए के इलाज की सुविधा दी है, 70 लाख परिवारों को लाभ मिला। 42 हजार वैकेंसी भरी। 1 लाख 30 हजार युवाओं को बेरोजगारी भत्ता दिया गया।

## राहुल ने ट्रेन से किया सफर



छत्तीसगढ़ दौरे पर पहुंचे कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को ट्रेन में सफर किया। उन्होंने बिलासपुर से रायपुर तक 117 किलोमीटर तक का सफर किया। बिलासपुर में हुए कांग्रेस के आवास सम्मेलन में शामिल होने के बाद राहुल बिलासपुर से इंटरसिटी एक्सप्रेस के स्लीपर कोच में सवार हुए। वे शाम करीब पौने छह बजे रायपुर रेलवे स्टेशन पहुंचे। इस दौरान ट्रेन में उनके साथ सीएम भूपेश बघेल और प्रभारी कुमारी सैलजा भी थीं। राहुल ने ट्रेन में सामान्य यात्रियों की तरह सफर किया और घूम-घूमकर लोगों से भी मिले और उनकी समस्याओं की जानकारी ली।

## सार समाचार

### शराब के नशे में जेठ ने की बहू से मारपीट

**गुना, देशबन्धु।** मृगवास थानांतर्गत ग्राम नैनवास में शराब के नशे में जेठ ने बहू के साथ मारपीट कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादिया भरोषीबाई पत्नी पवन कुमार मीना निवासी ग्राम नैनवास ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराई कि वह अपने खेत पर बने घर में रहती है।पास में ही उनका जेठ भीकम सिंह भी रहता है। गत दिवस वह अपने पति के साथ घर के पास वाले खेत में सोयाबीन काट रही थी। तभी उनका जेठ शराब पीकर में गाली गलौंच करने लगा। जब महिला ने गाली गलौंच करने से रोका तो जेठ ने बहू के साथ लाठी डंडों से मारपीट कर दी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी जेठ पर मारपीट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है।

### टेलर की गुमटी में सेंधमारी, आधा सैकड़ा सिले पैंट- शर्ट ले गए चोर

**गुना, देशबन्धु।** जिले के म्याना थानांतर्गत कुम्हार मोहल्ले में एक टेलर की गुमटी में अज्ञात चोरों ने सेंधमारी कर आधा सैकड़ा के करीब सिले हुए रखे पैंट-शर्ट चोरी कर लिए। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी बबलू प्रजापति पुत्र राधेश्याम प्रजापति निवासी कुम्हार मोहल्ला ने बताया कि वह टकनेरा रोड पर गुमटी में सिलाई का काम करता है।गत रात्रि में वह अपनी दुकान बंद करके अपने घर आ गया था। अगले दिन सुबह करीब 7 बजे वह अपनी दुकान पर पहुंचा उसकी गुमटी का ताला टूटा हुया था। गुमटी में अंदर देखा तो ग्रहको के सिले हुये कपड़े पैंट शर्ट 40-45 जोड़ी नहीं मिले। कोई अज्ञात चोर मेरी दुकान से सिले हुए कपड़े चोरी कर ले गया। फिलहाल पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अज्ञात चोर पर मामला दर्ज किया है।

### टैक्सी में बैठने से मना किया तो कर दी मारपीट

**गुना, देशबन्धु।** सिटी कोतवाली थानांतर्गत जयस्तंभ चौराहे पर एक यात्री द्वारा टैक्सी में बैठने से मना करने पर टैक्सी चालक ने राहगीर से मारपीट कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी अबरार शाह पुत्र अजीज शाह निवासी जगनपुर चक हड्डीमील ने बताया कि गत दिवस रात्रि को वह जय स्तम्भ चौराहा गुना से अपने घर हड्डीमील गुना जा रहा था। तभी जय स्तम्भ चौराहा पर टेक्सी चालक साहिल पुत्र रंजीत बाल्मीकि निवासी भुजरिया तालाब ने उससे अपनी टेक्सी में बैठने का बोला।

जिस पर उसने टेक्सी में बैठने से मना कर दिया। इसी बात को लेकर टैक्सी चालक ने उसके साथ गाली गलौंच कर मारपीट कर दी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी टैक्सी चालक पर मारपीट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है।

पुलिस ने किया उभयपक्षीय प्रकरण दर्ज

# पुरानी रंजिश के चलते भिड़े साले-जीजा के परिवार

**गुना, देशबन्धु।** सिटी कोतवाली थानांतर्गत अन्नपूर्णा कॉलोनी में पैसे के लेन देन और पुरानी रंजिश में जीजा और साले के परिवार आपस में भिड़ गए। जिसमें पुलिस ने दोनों पर उभयपक्षीय मामले दर्ज किए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी विनय रघुवंशी पुत्र अशोक रघुवंशी निवासी अन्नपूर्णा ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि गत रात करीबन 9 बजे वह अपने घर पर थे। तभी उनका साला सुनीत रघुवंशी, सास पार्वती रघुवंशी, बडसास नीतू रघुवंशी और विश्वजीत सिह रघुवंशी घर के अन्दर आए और गाली गलौंच करने लगे। फरियादी ने उन लोगों से गालियां देने से मना किया तो सुनीत रघुवंशी ने कैंची से हमला कर दिया।

इस दौरान विश्वजीत सिंह बोला कि मेरी साली को 20 लाख रुपये दो नहीं तो जान से खत्म कर देंगे। फरियादी के अनुसार पूरी वारदात सीसीटीव्ही कैमरे में भी कैद हो गई। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपियों पर मारपीट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है। इधर दूसरे पक्ष की फरियादिया नीतू रघुवंशी पत्नी विश्वजीत रघुवंशी निवासी एम.श्री टाउन नानाखेड़ी ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराई कि गत रात करीबन 12.10 बजे वह अपने घर पर थी।

तभी उनके पति के फोन पर उनके भाई सुनीत रघुवंशी का फोन आया और बताया कि जीजा विनय रघुवंशी शराब के नशे में तलवार लेकर मुझे मारने आया है और गेट पर तलवार मारी है। मैंने गेट खोला तो मुझे तलवार मारी जो निके हाथ में लगी।

जब वह उनके पति तथा भाई सुनीत के पास नयापुरा पहुंचे, तब तक विनय रघुवंशी वहाँ से भाग गया। जिसके बाद वह थाने में शिकायत करने पहुंची तो वहां भी विनय रघुवंशी मिल गया और गाली गलौंच की। पुलिस ने फरियादी महिला की शिकायत पर मामला दर्ज किया है।

# पटवारियों ने शंख और ताली बजाकर किया प्रदर्शन



**गुना, देशबन्धु।** पिछले महीने अगस्त की 28 तारीख से गुना सहित प्रदेशभर में पटवारी वेतन विसंगतियों की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन और हड़ताल पर बैठे हैं। प्रदर्शन के दौरान सोमवार को पटवारी संघ ने धरना स्थल पर शंखनाद कर एवं थाली-चम्मच बजाकर अपना संदेश मुख्यमंत्री तक पहुंचाया। उल्लेखनीय है कि पटवारी संघ के बैनर तले चलने वाली हड़ताल को एक महीने होने को है। इस दौरान धरने पर बैठे पटवारियों ने थाली और शंख बजाकर सरकार का ध्यान आकर्षित करने की एक और कोशिश की है। इस मौके पर पटवारी संघ ने बताया कि सरकार तक अपनी आवाज पहुंचाने और सरकार का ध्यान आकर्षित करने के लिए थाली और शंख बजाया गया है। वेतन विसंगतियों को लेकर कई सालों से पटवारियों की मांग मध्य प्रदेश शासन के समक्ष लंबित हैं लेकिन सरकार हमारी मांगों पर ध्यान नहीं दे रही। यही वजह है कि पटवारी 28 अगस्त से लेकर अभी तक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हैं। इससे पहले हमारी मांगों को लेकर साल 2007 में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गंभीरता से विचार करने का आश्वासन दिया था, जिसपर आज तक किसी प्रकार का कोई विचार नहीं हुआ है।

# जयस्तंभ पर खड़ी महिला का मंगलसूत्र खींच कर भागे बदमाश

**गुना, देशबन्धु।** शहर के हृदय स्थल जयस्तंभ चौराहे पर भरी भीड़ में दो मोटर सायकिल सवार बदमाश यहां खड़ी महिला के गले से मंगलसूत्र खींचकर ले भागे। घटना शाम 5 बजे के करीब की है जब महिला टैक्सी का इंतजार करने शिमला होटल के आगे खड़ी थी। सडक़ के उस ओर यातायात पुलिस थाना है और चंद कदमों की दूरी पर सिटी कोतवाली है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादिया प्रमिला जोशी पत्नी राजकुमार जोशी निवासी रामकृष्णपुरम कालोनी ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई कि गत दिवस वह सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल से टैक्सी से जयस्तंभ चौराहा लक्ष्मीनारायण मंदिर के पास पहुंची। फिर यहां से रोड पार करके शिमला होटल के पास बीजी रोड पर खड़ी होकर टेक्सी का इंतजार कर रही थी। तभी एक काले रंग की मोटरसाईकिल पर दो व्यक्ति जिनमें से मोटरसाईकिल पर पीछे बैठे व्यक्ति ने हेलमेट लगा रखा था, बजरंगढ रोड तरफ से आये और उन्होंने उनका मंगलसूत्र खींचा और तेलघानी तरफ भाग गए। घटना के बाद भरे चौराहे पर अफरा-तफरी मच गई। महिला के अनुसार उसके मंगलसूत्र की कीमत करीब 60 हजार रुपए है।

# रोजगारोन्मुखी हस्तशिल्प प्रशिक्षण का हुआ समापन



**गुना, देशबन्धु।** शासकीय कस्तूरबा कन्या महाविद्यालय में अल्पावधि रोजगारोन्मुखी 25 दिवसीय हस्तशिल्प प्रशिक्षण का समापन हुआ। इस मौके पर प्राचार्य विनीता जैन, जिला नोडल अधिकारी ललित नामदेव, हस्तशिल्प विशेषज्ञ तुलसी शर्मा द्वारा सरस्वती और स्वामी विवेकानंद की तस्वीर पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. विनीता जैन ने उपस्थित अतिथियों का शाब्दिक स्वागत कर छात्रों को शुभकामनाएं दीं। तत्पश्चात स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी प्रीति यादव ने हस्तशिल्प प्रशिक्षण की रुपरेखा रखी। स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के जिला नोडल अधिकारी ललित नामदेव ने कहा की कोई भी काम छोटा नहीं होता ,छोटे-छोटे काम बड़ी पहचान देते हैं। साथ ही उद्यमिता का महत्व प्रतिपादित करते हुए छात्राओ को स्वयं का उद्यम विकसित करने की सलाह दी और छात्रों को अग्रिम जीवन के लिए शुभकामनाएं दी। हस्तशिल्प विशेषज्ञ तुलसी शर्मा ने 25 दिन जूट, रस्सी और ऊन से बैग झूला आदि बनाना सिखा कर छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि सीखने की कोई उम्र नहीं होती, आप अपने कौशल द्वारा विदेशों में भी अपनी पहचान बना सकती हैं। उन्होंने छात्रों का हर संभव सहयोग करने का वादा भी किया और छात्राओं द्वारा बनाए गए बैग बिकवाने का अनुबंध भी किया। कार्यक्रम का संचालन प्रीति यादव एवं आभार प्रशांत आर्य ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में पूनम पारीक, केव्ही बुनकर, केके नंदा, आशा बाथम, श्रीमती सोनू सिसोदिया, कीर्ति सोनी, मनोज मीणा, जावेद अली और मिथुन धाकड़ समेत बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

### संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने सौंपा ज्ञापन



**गुना, देशबन्धु।** एनएचएम संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ द्वारा वेतन निर्धारण सहित अन्य मांगों को लेकर सीएमएचओ को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि 12 सितंबर को एनएचएम की गर्वनेस बॉडी द्वारा समक्षकता का निर्धारण करते हुए वेतनमान निर्धारित किया जा चुका है। किंतु इस संबंध में एनएचएन कार्यालय में आदेश जारी नहीं किए गए हैं। जिससे जिले में कार्यरत सभी एनएचएम संविदा कर्मचारियों में आक्रोष है। ज्ञापन में मांग की गई कि माह अक्टूबर 23 में सभी कर्मचारियों के लिए त्यौहार का माह है। ऐसे में सभी कर्मचारी अपने अल्पवेतन में त्यौहार मनाने को बाध्य है। इसका एक कारण अभी तक आदेश जारी नहीं होना है।

# सुपोषण सप्ताह के तहत लगा शिविर



**गुना, देशबन्धु।** शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बूढ़े बालाजी पर सोमवार को सेवा भारती मध्य भारत के तत्वाधान में जागृति मंच जन अभियान द्वारा सुपोषण सप्ताह में आयोजित विशाल निशुल्क गर्भवती महिला परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ. रामवीर सिंह रघुवंशी एवं अध्यक्ष सुनीता अग्रवाल, सचिव सपना शर्मा, कोषाध्यक्ष काजल अवस्थी, उपाध्यक्ष ममता ओझा, सहसचिव ज्योति नामदेव उपस्थित रही। शिविर में मीना शर्मा एएनएम द्वारा27 गर्भवती महिलाओं की निशुल्क जांच की गई। वहीं स्टाफ नर्स कुमारी वर्षा कटरे द्वारा 25 रोगियों की ब्लड प्रेशर एवं 15 रोगियों की डायबिटीज की जांच की गई। इसी क्रम में हब एंड स्पोक मॉडल के द्वारा जिला लैब सुपरवाइजर आनंद ओझा द्वारा 05 रोगियों के ब्लड सैंपल लिए गए। जबकि सुमिता सेंगर द्वारा 10 आभा आई डी तथा 10 आयुष्मान कार्ड बनाए गए। शिविर में डॉ. रघुवंशी द्वारा 171 रोगियों का निशुल्क उपचार किया गया। स्टाफ नर्स कुंवारी प्रियंका मरावी द्वारा सभी रोगियों को दवाइयां वितरित की गई। एएनएम पूजा साहू, एएनएम रचना कश्यप सौरभ रघुवंशी एवं मेहरबान अहिरवार द्वारा शिविर में सहयोग किया गया ।

### मारवाड़ी महिला मंडल ने लगाया कैंसर जांच शिविर

इधर अखिल भारतीय मारवाडी महिला मंडल और माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा निशुल्क कैंसर जागरूकता जानकारी एवं जांच शिविर लगाया गया। ये शिविर स्थानीय राम हाईटेक हॉस्पिटल में लगाया गया। जिसमें ग्वालियर से आए कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. आरके जैन और डॉ. अंजुला जैन द्वारा बहुत से जानकारियां दी गई। जिनसे हम सब आज तक अनभिज्ञ थे। उन्होंने बताया की नियमित स्क्रीनिंग जांच करवाते रहना चाहिए। वहां पर उपस्थित कुछ महिलाओं ने जांच भी करवाई। संस्था सदस्याओं ने बताया कि हमारा उद्देश्य कैंसर से डरना और डराना नहीं बल्कि जागरूकता फैलाना है। राम हाईटेक हॉस्पिटल के डॉक्टर्स, स्टाफ एवं डॉक्टर रामवीर सिंह रघूवंशी का विशेष सहयोग रहा।

# दरगााह मैदान पर सजी कव्वाली की महफिल, झूमे श्रोता



**सीहोर, देशबन्धु।** प्राचीन हजरत दूल्हा बादशाह दरगाह मैदान में बीती 24 सितम्बर की रात कव्वाली का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कव्वाली चांद अफजल कादरी ने देर रात तक समां बांधा रखा। चांद ने अपनी शानदार कव्वाली 'मेरी जान जाए वतन के लिए .....की जब प्रस्तुति दी तो श्रोताओं में देशप्रेम का जज़्बा हिलोरे मारने लगा। निर्दलीय प्रत्याशी समाजसेवी डॉ.अकरम खान, रिजवान पठान, महफूज बंटी मित्र मंडली द्वारा कव्वाली का यह आयोजन किया गया था। कव्वाली के प्रेमी श्रोताओं की तादाद को देखते हुए दर्शकों आयोजन स्थल पर जगह-जगह स्क्रीन लगाकर विशेष व्यवस्था की गई थी। इसके पहले समिति द्वारा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. अकरम खान का आतिशबाजी व पुष्पवर्षा कर हार फूल माला से स्वागत किया।

समाजसेवी डॉ अकरम खान, हजरत दुल्हा बादशाह कमेटी अध्यक्ष रिजवान पठान, समाजसेवी महफूज बंटी मित्र मंडल द्वारा अंतरराष्ट्रीय कव्वाल चांद अफजल कादरी का दूल्हा बादशाह के मंच से सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी महफूज बंटी ने किया। अंत में रिजवान पठान ने सभी का आभार माना।

### नवनियुक्त पदाधिकारियों का किया स्वागत



**आष्टा, देशबन्धु।** ऑल इंडिया जमीयत मंसूर में जिला अध्यक्ष की नियुक्ति के बाद से ही आष्टा क्षेत्र में संगठन सक्रिय हो गया। इसी तारतम्य में ग्राम मुंडला मोहब्बा में ऑल इंडिया जमीयत मंसूर की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक का आयोजन डॉक्टर महबूब मंसूरी एवं सुल्तान मंसूरी द्वारा किया गया। इस बैठक में मंसूरी समाज में जागरुकता लाना शिक्षा के स्तर को बढ़ाने एवं कई सामाजिक मुद्दों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर क्षेत्र के हाजी एवं नवनियुक्त प्रदेश जमीयत मंसूर के प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व पार्षद मोहम्मद इदरीस मंसूरी और जिलाध्यक्ष पत्रकार जहूर मंसूरी का स्वागत किया गया।

# नवभारत साक्षरता अभियान : किशोरों को बताए नवशिक्षा के महत्व



**आष्टा, देशबन्धु।** प्रदेश में साक्षरता दर बढ़ाने के लिए नवभारत साक्षरता अभियान के तहत नव साक्षरों के बुनियादी साक्षरता के मूल्यांकन के लिए 15 वर्ष से अधिक के आयु वर्ग के नवसाक्षरों को साक्षर करने के लिए आष्टा विकासखंड में नवसाक्षरों के बुनियादी साक्षरता के मूल्यांकन के लिए रविवार की परीक्षा आयोजित की गई । मूल्यांकन कार्य के लिए समस्त सामाजिक चेतना केंद्र के प्रधान अध्यापक द्वारा निरीक्षण कार्य किया गया । सभी 253 परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा आयोजित की। जिसमें 4772 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। साक्षर भारत की परीक्षा में परीक्षा में उत्साह पूर्वक शामिल हुए। एसडीम आनंद सिंह राजावत ने परीक्षा केंद्रो का निरीक्षण कर शिक्षा ग्रहण करने वाले व्यक्ति को होने वाले फायदे के बारे में समझाया। वहीं विकासखंड समन्वयक अनिल श्रीवास्तव ने साक्षर भारत अभियान के तहत आयोजित परीक्षा के महत्व के बारे में जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम जिम्मेदार विकासखंड स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित कर मेवाड़ा व गांधी को दायित्व दिया गया। इसी तरह नेशनल कम मेरिट मिस की परीक्षा तीन केदो पर संपन्न हुई जिसमें दर्ज छात्र संख्या 1424 में से 1142 बच्चे उपस्थित हुए 282 बच्चे अनुपस्थित रहे बच्चों और निरीक्षकों ने बड़े चढ़कर परीक्षा में भाग लिया। इन परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण एसडीएम आनंद सिंह राजावत विकासखंड शिक्षा अधिकारी अजब सिंह राजपूत नायब तहसीलदार चंचल जैन, विकासखंड समन्वयक अनिल श्रीवास्तव, फूलचंद सांकले संबंधित जन शिक्षा केंद्र के जन शिक्षक द्वारा किया गया। दोनों परीक्षा शांति पूर्वक तरीके से सम्पन्न की गईं।

वेटलिफ्टिंग व कुराश प्रतियोगिता का आयोजन

# आवासीय खेलकूद संस्थान के खिलाड़ियों की प्रतिभा राष्ट्रीय स्तर पर दिखेगी




**सीहोर, देशबन्धु।** राज्य स्तरीय वेट लिफ्टिंग कुराश प्रतियोगिता में आवासीय खेल कूद संस्थान के छात्रों का शानदार प्रदर्शन, राज वर्मा गगन उरेति, गौरव वर्मा ने प्राप्त किया। शासकीय आवासीय खेलकूद संस्थान सीहोर में चल रही राज्य स्तरीय वेट लिफ्टिंग एवं कुराश प्रतियोगिता में संस्थान के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण एवं एक रजत पदक प्राप्त किया। वेट लिफ्टिंग में राज वर्मा ने 180 किलोग्राम वजन उठाते हुए गोल्ड मेडल प्राप्त किया तथा 55 किलोग्राम वर्ग में गगन आरती ने गोल्ड मेडल एवं गौरव वर्मा ने सिल्वर मेडल अर्जित कर संस्थान को गौरवान्वित किया। छात्रों का चयन राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया है। इस उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी संजय तोमर, आवासीय खेलकूद संस्थान के प्राचार्य आलोक शर्मा, क्रीड़ा अधिकारी अरविंद इलियाजर, भारत लाल शर्मा, अत्ताउल्लाह खान, नारायण कुशवाहा, सुश्री अरुण पारे, शैलेंद्र सिंह चौहान, प्रदीप नगिया और समस्त खेल संगठनों ने बधाई दी हैं।

# एनएसएस स्थापना दिवस : राजश्री महाविद्यालय में हुए कार्यक्रम




**आष्टा, देशबन्धु।** एनएसएस स्थापना दिवस के मौके पर राजश्री कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। आयोजन के शुभारंभ में महाविद्यालय प्रभारी प्राचार्य अर्जुन परमार की मौजूदगी में एनएसएस के विद्यार्थियों द्वारा अनेक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। जिसमें भाषण गायन और नृत्य शामिल हैं।

महाविद्यालय एनएसएस प्रभारी ओमप्रकाश मेवाड़ा द्वारा बताया गया कि राष्ट्र सेवा योजना भारत सरकार के युवा और खेल मंत्रालय की एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है, जिसे औपचारिक रूप से 24 सितंबर 1969 को शुरू किया गया था। एनएसएस का उद्देश्य युवा छात्रों को सामुदायिक सेवा के माध्यम से अपने व्यक्तित्व को विकसित करने के लिए अनुभव प्रदान करना है। राष्ट्रीय सेवा योजना का आदर्श वाक्य है 'मैं नहीं लेकिन तुम'। कार्यक्रम के अंत में एनएसएस विद्यार्थियों द्वारा नगर में भ्रमण कर स्वच्छता रैली निकाली। विद्यार्थियों ने स्वच्छता संबंधित नारे लगाकर नगरवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरुक करने का प्रयास किया गया। आयोजन में महाविद्यालय विद्यार्थियों के साथ महाविद्यालय स्टाफ में संचालक बीएस परमार, प्रभारी प्राचार्य अर्जुन परमार, एनएसएस प्रभारी ओमप्रकाश मेवाडा, मीडिया प्रभारी मनोज कमलोदिया, सविता बैरागी, प्रहलाद मेवाड़ा, श्रीमती रमा मेवाड़ा, श्रीमती पुष्पा मेवाडा, राहुल सेन, भैयालाल वर्मा, द्वारकाप्रसाद करमोदिया, श्रीमती पूजा मेवाड़ा, पूजा परमार, श्रीमती मनीष सोलंकी, अखिलेश सक्सेना, श्रीमती दीपिका जाधव, रविन्द्र प्रजापति, हिमांशी झावर, रवि मेवाड़ा, शिवराम परमार, बहादुर सिंह, अरविंद यादव व रीना यादव आदि उपस्थित रहे।

### प्रधानमंत्री की सभा को लेकर की गई यातायात व्यवस्था बिगड़ी

# मुख्यमंत्री से लेकर केंद्रीय मंत्री तक जाम में फंसे

**भोपाल, देशबन्धु।** राजधानी भोपाल में सोमवार को आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा को लेकर यातायात पुलिस ने यातायात को सुचारु बनाए रखने के बड़े-बड़े दावे किए थे। लेकिन जैसे ही श्री मोदी की सभा खत्म हुई। तमाम दावे ध्वस्थ होते नजर आए। चूंकि दोपहर में आधे शहर में जाम के हालात बन गए थे। इस दौरान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह से लेकर केंद्रीय मंत्री, प्रदेश सरकार के मंत्री और भाजपा के कई बड़े नेता भी जाम में फंस गए। सबसे ज्यादा बुरे हाल भेल इलाके और पुराने भोपाल के रहे।

दरअसल प्रधानमंत्री का भाषण खत्म होने से पहले ही लोगों ने निकलना शुरू कर दिया था। इस वजह से जाम की स्थिति बनी। इस दौरान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह का काफिला जब जंबूरी मैदान से निकला तो पास में ही महात्मा गांधी चौराहे पर जाम में फंस गया। हालात को देखते हुए मुख्यमंत्री गाड़ी के द्वार पर खड़े हो गए और जनता का अभिवादन करते हुए धीरे-धीरे आगे बढ़ते रहे। इसी तरह केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव और अश्विनी वैष्णव का काफिला भी जाम में फंस गया। दोनों केंद्रीय मंत्रियों को जाम में फंसा देख कई लोग उनसे मिलने पहुंच गए। वहीं प्रदेश के कई मंत्रियों और भाजपा के कई बड़े नेता की गाड़ियां भी जंबूरी मैदान से गांधी चौराहे तक जाम में फंसी रही।

वहीं सभा समाप्त होने के बाद अन्ना नगर चौराहे पर भी जाम लग गया। चूंकि यहां वीआईपी के काफिले निकलने की वजह से पुलिस ने एक तरफ का रास्ता बंद कर दिया था। और थोड़ी-थोड़ी देर में वाहनों को रवाना किया जा रहा था। इस कारण गाड़ियों की लंबी कतारें लग गईं। दूसरी ओर कई मंत्री, सांसद और विधायकों की गाड़ियों को भी कतार में फंसना पड़ा। काफी समय से फंसे लोगों के सब्र का बांध भी टूट गया और उन्होंने पुलिस से अपनी नाराजगी भी जताई। वहीं पिपलानी चौराहे पर भी बसों को एक कतार से निकाला जा रहा था। दूसरी कतार पर पैदल आ रहे लोगों की वजह से जाम जैसे हालात रहे। इस दौरान पिपलानी से आनंद नगर की ओर जाने वाली सड़क पार एक एम्बुलेंस भी जाम में फंस गई, जिसे पुलिस ने बड़ी मशक्कत के बाद रास्ता दिलाया। वहीं भेल क्षेत्र में जाम में फंसने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं की बसें और अन्य वाहन सुभाष नगर, पुल बोगदा होते हुए आगे बढ़े तो इस मार्ग पर जहां आमतौर पर वाहनों का दबाव रहता है, पर जाम लग गया। इससे पुल बोगदा से बरखेड़ी सेंट्रल लायब्रेरी तिराहा, भारत टाकीज, रेलवे स्टेशन से बस स्टेण्ड और भोपाल टाकीज तक वाहन फंस गए। यहां जाम में फंसे वाहन रेंगकर गुजरे।





### नहीं मिली बस और रिक्शो लोग होते रहे परेशान

होशंगाबाद रोड पर दोपहर में लोग न सिर्फ यातायात जाम से परेशान थे, बल्कि बसें नहीं मिलने से भी उनकी मुसीबतें बढ़ गई थी। यहां आम दिनों में जो बस 5-10 मिनट में आ जाती थी, वे एक घंटे में भी नहीं मिल रही थी। इस दौरान ऑटो भी नहीं आ रहे थे। मिसरोद चौराहे पर बस का इंतजार कर रही महिला नेहा ने बताया कि उन्हें न्यू मार्केट जाना है, लेकिन बस ही नहीं मिल रही है।

# जनजातीय विद्यार्थियों को 'सक्षम' से मिलेगी जीवन कौशल शिक्षा

### हुआ करार

**भोपाल, देशबन्धु।** जनजातीय कार्य विभाग और मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन ने सोमवार को प्रदेश स्तरीय 4 वर्षीय जीवन कौशल शिक्षा कार्यक्रम 'सक्षम' की शुरुआत की। इसके तहत मध्यप्रदेश के 20 जनजातीय बाहुल्य जिलों के 89 विकासखंडों के जनजातीय विद्यार्थियों को 21वीं सदी के जीवन कौशल का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस कार्यक्रम के तहत प्रदेश के 9000 शासकीय विद्यालयों के लगभग 18 हजार शिक्षकों को प्रशिक्षित कर लगभग 10 लाख जनजातीय विद्यार्थियों को लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा गया है।

प्रमुख सचिव जनजातीय कार्य डॉ. पल्लवी जैन गोविल की उपस्थिति में अपर आयुक्त डॉ. सत्येन्द्र सिंह और मैजिक बस के ग्लोबल सीईओ जयंत रस्तोगी ने सक्षम' कार्यक्रम के एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर डॉ. पल्लवी ने कहा कि जनजातीय विद्यार्थियों में जीवन कौशल शिक्षा के प्रशिक्षण और प्रचार-प्रसार की अत्यंत आवश्यकता है। इससे वे जीवन के विभिन्न पहलुओं को बेहतर आत्मविश्वास के साथ जीते हुए सफलता प्राप्त कर समाज की मुख्यधारा में अपनी अहम भूमिका निभा सकेंगे। अपर आयुक्त डॉ. सत्येन्द्र सिंह ने कहा कि इस 'सक्षम' कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले शिक्षकों को जब मास्टर ट्रेनर्स के रूप में प्रशिक्षित किया जाएगा तो उन पर नई जिम्मेदारी होंगी। वे शिक्षा के नए परिदृश्य स्थापित करने के लिए ध्वजवाहक के रूप में इस कार्यक्रम में अपने नवाचार और प्रतिभा का इस्तेमाल करेंगे। जयंत रस्तोगी ने कहा कि जनजातीय कार्य विभाग के साथ मिलकर शुरू किए गए इस कार्यक्रम का उद्देश्य नई शिक्षा नीति के अनुरूप शिक्षकों को मास्टर ट्रेनर्स के रूप में प्रशिक्षित करना है। इससे वे जनजातीय विद्यार्थियों को 21वीं सदी के अनुरूप आवश्यक जीवन कौशलों का विकास कर उन्हें एक सफल व आदर्श नागरिक बनने में सहायता कर सकेंगे। इस अवसर पर संभागीय उपायुक्त जेपी यादव, सहायक आयुक्त सुधांशु वर्मा, सहायक संचालक अनूप हिरवे व अन्य विभागीय अधिकारियों सहित प्रदेश भर से आए मास्टर ट्रेनर्स भी उपस्थित रहे।

### खेल-खेल में पाएंगे 11 जीवन कौशल की शिक्षा

इस 4 वर्षीय कार्यक्रम के तहत प्रथम चरण में प्रदेश के 20 जिलों और 53 विकासखंडों को शामिल किया गया है, जिसे द्वितीय चरण में सभी 89 जनजातीय विकासखंडों में लागू किया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कक्षा 6वीं से 10वीं के जनजातीय विद्यार्थियों में खेल-खेल में चुनौतियों व परिस्थितियों को समझने व उसका सामना करने का कौशल और आत्मविश्वास विकसित करना है जिससे उनके व्यक्तित्व का बेहतर निर्माण हो सके। कार्यक्रम में जनजातीय विद्यार्थियों को स्व-जागरुकता, अनुकूलन क्षमता, समस्या समाधान, निर्णय क्षमता, समझौता वार्ता, निश्चयात्मकता, संवाद, आत्म-प्रबंधन, सहानुभूति, सहयोगात्मकता और रचनात्मकता जैसे 11 जीवन कौशल की रोचक शिक्षा प्रदान की जाएगी।

# पटरी पर आई मेट्रो, सुभाष नगर डिपो में हुआ परीक्षण

### आज आरकेएमपी तक जाएगी

*भोपाल, देशबन्धु। भोपाल में मेट्रो कोच आने के बाद इन्हें आपस में जोड़ने और जांच की प्रक्रिया पूरी हो गई है। सुभाषनगर डिपो में बने इंस्पेक्शन बे लाइन पर सीनियर इंजीनियर्स, टेक्निकल एक्सपर्ट्स, सुपरवाइजर सहित 50 से ज्यादा लोगों की टीम ने इस काम को पूरा किया। इसके बाद सोमवार को मेट्रो पटरी पर चलाकर देखी गई। मंगलवार को इसे सुभाषनगर से लेकर आरकेएमपी स्टेशन तक चलाकर देखा जाएगा।*

*प्राप्त जानकारी के अनुसार गुजरात के सांवली (बड़ोदरा) से तीन कोच आने के बाद भोपाल मेट्रो के ट्रायल परीक्षण की तैयारियां की जा रही है। इससे पहले तीनों कोच को आपस में जोड़ कर दिया गया। मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल के अलावा सॉफ्टवेयर जांच करने के बाद इसे सोमवार को डिपो में बनी पटरी पर चलाकर भी देखा गया। यह परीक्षण सफल रहा और अब मेट्रो को शहरी पटरी पर लेकर आएंगे। आने वाले कुछ दिनों तक शहरी ट्रैक पर पर सुरक्षा ट्रायल चलेगा। इसके बाद अंतिम ट्रायल रन होगा। संभवत: 2 अक्टूबर को फायनल ट्रायल रन किया जा सकता है। इस दौरान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान मेट्रो में सफर भी करेंगे।*



# चोरी कर भागते समय गिरा बदमाश, पहुंचा हवालात

### फरार हुए साथी की तलाश जारी

**भोपाल, देशबन्धु।** शाहजहांनाबाद थाना क्षेत्र स्थित संजय नगर के एक घर में बदमाश घुस गए। बदमाशों ने घुसने से पहले उस घर की बिजली बंद कर दी थी। महिला ने जब उजाला करने के लिए बिजली का बटन चालू किया तो एक बदमाश दीवार फांदकर भाग निकला, जबकि दूसरा बदमाश भागने की कोशिश में गिर पड़ा। इस पर महिला ने घरवालों की मदद से बदमाश को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।

शाहजहांनाबाद पुलिस के अनुसार 42 वर्षीय राजकुमारी सिलावट रौनक क्लीनिक के पास संजय नगर शाहजहांनाबाद में रहती है। उनकी घर में ही किराना की दुकान है। बीती रात परिवार के लोग सो रहे थे। इस दौरान घर में राजकुमारी उनका बेटा ईशू और भतीजा नितेश था, जबकि उनके पति शेर सिंह सिलावट गांव गए हुए थे। तड़के साढ़े तीन बजे के आसपास अचानक घर की बिजली गुल हो गई। इस पर राजकुमारी बिजली का तार देखने बाहर पहुंची तो निकला हुआ था। उन्होंने तार लगाया तो बिजली जल गई, तभी एक बदमाश दीवार फांदकर भागा, जबकि अंदर उसका एक साथी नजर आया। वह सिलाई मशीन पर रखे रुपये चुराकर भागने की कोशिश कर रहा था। यह देख महिला ने शोर मचाया तो बेटे ईशू और भतीजे नितेश की नींद खुल गई। शोर सुनकर अंदर मौजूद चोर ने भागने का प्रयास किया। तभी आंगन में रखे टब में उसका पैर पड़ गया और वह वहीं गिर गया। इसके बाद तीनों ने मिलकर उसे पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस बदमाश के खिलाफ मामला दर्ज कर उसके साथी के बारे में पूछताछ कर रही है।

### 70 स्वास्थ्य संस्थानों में चलाया अभियान

**भोपाल, देशबन्धु।** गर्भावस्था में उच्च जोखिम की महिलाओं की जांच के लिए प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान भोपाल के 70 स्वास्थ्य संस्थाओं में चलाया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. प्रभाकर तिवारी ने बताया कि यह अभियान प्रत्येक माह की 9 और 25 तारीख को आयोजित किया जा रहा है। अभियान में गर्भावस्था की द्वितीय एवं तृतीय त्रैमास की उच्च जोखिम के लक्षणों वाली गर्भवती महिलाओं की जांच, परामर्श, उपचार, पैथोलॉजी जांच, सोनोग्राफी जांच की जा रही है । स्वास्थ्य विभाग के मैदानी कार्यकर्ता आशा, एएनएम द्वारा हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं का चिन्हांकन कर उन्हें नजदीकी अस्पताल में जांच एवं उपचार हेतु लाया जा रहा है। एम्स चिकित्सालय के जागरूकता एवं जांच शिविर में गर्भावस्था के गंभीर लक्षणों की जानकारी दी गई। शिविर में गर्भवती महिलाओं की खून की जांचें ओपीडी से ही किए जाने की शुरुआत की गई।


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल जोन क्रं.-2 भोपाल**

**आम सूचना**

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी कटारा हिल्स भोपाल में स्थित भवन क्रं. सीनियर एम.आई.जी. 415 मंडल द्वारा श्री राजेन्द्र पुरी आत्मज स्व.श्री हरदेव पुरी एवं श्रीमती उर्मिला देवी पत्नी श्री राजेन्द्र पुरी के नाम आवंटित है। एवं विक्रय पत्र पंजीयन कार्यालय में दिनांक 04.08.2003 को पंजीकृत है। स्व. श्रीमती उर्मिला देवी पत्नी श्री राजेन्द्र पुरी का स्वर्गवास दिनांक 28.03.2020 को हो जाने के कारण श्री राजेन्द्र पुरी आत्मज स्व. श्री हरदेव पुरी द्वारा, मृत्यु प्रमाण पत्र, आवेदन पत्र, मंडल द्वारा निर्धारित आवेदन पत्र, एवं श्री मनोज पुरी आत्मज श्री राजेन्द्र पुरी, श्री योगेश पुरी आत्मज श्री राजेन्द्र पुरी का सहमति पत्र प्रस्तुत करते हुये भवन क्रं. सीनियर एम.आई.जी. 415 कटारा हिल्स भोपाल से स्व.श्रीमती उर्मिला देवी पत्नी श्री राजेन्द्र पुरी का नाम विलोपित करते हुये एकल नाम श्री राजेन्द्र पुरी आत्मज स्व.श्री हरदेव पुरी के नाम करने हेतु निवेदन किया गया है। जो कि इस कार्यालय में विचाराधीन है।

यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी एवं संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित दिनांक से 15 दिवस के अंदर आपत्ति सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल जोन क्रं.-2 भोपाल**

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल जोन क्रं.-2 भोपाल**

**आम सूचना**

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी अरविंद विहार बागमुगलिया भोपाल में स्थित भूखण्ड क्रं. एच-3/446 मंडल द्वारा श्रीमती पूजा उधानी पत्नी श्री विजय कुमार उधानी के नाम हस्तांतरण आदेश क्रं. 1027-33 दिनांक 18.06.2018 को जारी है। एवं विक्रय पत्र पंजीयन कार्यालय में दिनांक 20.03.2018 को पंजीकृत है। श्रीमती पूजा उधानी पत्नी श्री विजय कुमार उधानी एवं श्री राजेश वी आत्मज श्री के. विस्वम भरन के द्वारा आवेदन पत्र, मंडल द्वारा निर्धारित आवेदन पत्र, शपथ पत्र, आई.डी.प्रूफ, संयुक्त शपथ पत्र परिचय पत्र एवं विक्रय पत्र की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त भूखण्ड क्रं. -एच. 3/446 अरविंद विहार बागमुगलिया भोपाल को श्री राजेश वी आत्मज श्री के. विस्वम भरन के नाम हस्तांतरण करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है। जो कि इस कार्यालय में विचाराधीन है।

यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी एवं संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित दिनांक से 15 दिवस के अंदर आपत्ति सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल जोन क्रं.-2 भोपाल**

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल जोन क्रं.-2 भोपाल**

**आम सूचना**

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी अरविंद विहार बागमुगलिया भोपाल में स्थित भूखंड क्रं. एच-1/1 मंडल द्वारा श्री अरुण माहेश्वरी आत्मज श्री जगदीश प्रसाद माहेश्वरी के नाम आवंटन आदेश क्रं. 5038-39 दिनांक 26.05.1992 जारी है। एवं विक्रय पत्र पंजीयन कार्यालय में दिनांक 22.03.1995 को पंजीकृत है। दानदाता श्री अरुण माहेश्वरी आत्मज श्री जगदीश प्रसाद माहेश्वरी के द्वारा उक्त भूखंड क्रं. एच-1/1 अरविंद विहार बागमुगलिया भोपाल का विक्रय पत्र दानग्रहिता श्रीमती सीमा माहेश्वरी पत्नी श्री प्रमोद माहेश्वरी के नाम विक्रय पत्र पंजीयन कार्यालय में दिनांक 25.03.2023 को पंजीकृत किया गया है। दानदाता श्री अरुण माहेश्वरी आत्मज श्री जगदीश प्रसाद माहेश्वरी एवं दानग्रहिता श्रीमती सीमा माहेश्वरी पत्नी श्री प्रमोद माहेश्वरी द्वारा, आवेदन-पत्र, शपथ पत्र, आई.डी.प्रूफ, संयुक्त शपथ पत्र परिचय पत्र एवं विक्रय पत्र की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त भूखंड को दानग्रहिता श्रीमती सीमा माहेश्वरी पत्नी श्री प्रमोद माहेश्वरी के नाम हस्तांतरण करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है। जो कि इस कार्यालय में विचाराधीन है।

यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी एवं संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित दिनांक से 15 दिवस के अंदर आपत्ति सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल जोन क्रं.-2 भोपाल**

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल जोन क्रं.-2 भोपाल**

**आम सूचना**

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी कटारा हिल्स भोपाल में स्थित भवन क्रं. 639 एल.आई.जी. डुप्लेक्स मंडल द्वारा श्री धनसिंह परिहार आत्मज स्व. श्री रामसिंह परिहार के नाम आवंटन आदेश क्रं. 397-401 दिनांक 05.03.2013 को जारी है। एवं विक्रय पत्र पंजीयन कार्यालय में दिनांक 17.07.2013 को पंजीकृत है। श्री धनसिंह परिहार आत्मज स्व.श्री रामसिंह परिहार एवं श्री मनीष सिंह तोमर आत्मज स्व.श्री सरदार सिंह तोमर द्वारा, आवेदन पत्र, मंडल द्वारा निर्धारित आवेदन पत्र, शपथ पत्र, आई.डी.प्रूफ संयुक्त शपथ पत्र, परिचय पत्र एवं विक्रय पत्र की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये भवन क्रं. 639 एल.आई.जी. डुप्लेक्स कटारा हिल्स भोपाल को श्री मनीष सिंह तोमर आत्मज स्व.श्री सरदार सिंह तोमर के नाम हस्तांतरण करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है। जो कि इस कार्यालय में विचाराधीन है।

यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी एवं संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित दिनांक से 15 दिवस के अंदर आपत्ति सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल जोन क्रं.-2 भोपाल**

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल जोन क्रं.-2 भोपाल**

**आम सूचना**

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी बागमुगलिया एक्सटेंशन भोपाल में स्थित भूखण्ड क्रमांक-एच. 3/74 मंडल द्वारा श्रीमति रश्मि भाटिया पत्नी स्व. श्री विकेक भाटिया के नाम नामांतरण आदेश क्रं. 647-50 दिनांक 24.02.2012 जारी है। दानदाता श्रीमती रश्मि भाटिया पत्नी स्व.श्री विवेक भाटिया के द्वारा उक्त भूखण्ड क्रं. एच. 3/74 अरविंद विहार बागमुगलिया भोपाल का पंजीयन प्रमाण पत्र दानग्रहिता श्री गोविंदा भाटिया आत्मज स्व.श्री विवेक भाटिया के नाम पंजीयन कार्यालय में दिनांक 12.08.2021 को पंजीकृत किया गया है। दानदाता श्रीमती रश्मि भाटिया पत्नी स्व.श्री विवेक भाटिया एवं दानग्रहिता श्री गोविंदा भाटिया आत्मज स्व.श्री विवेक भाटिया द्वारा आवेदन पत्र, शपथ पत्र, आई.डी.प्रूफ, संयुक्त शपथ पत्र, परिचय पत्र एवं पंजीयन प्रमाण पत्र की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त भूखंड को दानग्रहिता श्री गोविंदा भाटिया आत्मज स्व.श्री विवेक भाटिया के नाम हस्तांतरण करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है। जो कि इस कार्यालय में विचाराधीन है।

यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी एवं संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित दिनांक से 15 दिवस के अंदर आपत्ति सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल जोन क्रं.-2 भोपाल**

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल जोन क्रं.-2 भोपाल**

**आम सूचना**

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी बागमुगलिया एक्सटेंशन भोपाल में स्थित भूखण्ड क्रमांक-एच. 211 मंडल द्वारा श्रीमति रेखा नागानी पत्नी श्री महेश नागानी एवं श्री महेश नागानी आत्मज स्व.श्री नानकराम नागानी के नाम हस्तांतरण आदेश क्रं. 256-61 दिनांक 19.01.2006 को जारी है। एवं विक्रय पत्र पंजीयन कार्यालय में दिनांक 08.02.2006 को पंजीकृत है। श्रीमती रेखा नागानी पत्नी महेश नागानी, श्री महेश नागानी आत्मज स्व.श्री नानकराम नागानी एवं श्री डोलराज गैरे आत्मज स्व.श्री बालकिशन गैरे द्वारा आवेदन पत्र, मंडल द्वारा निर्धारित आवेदन पत्र, शपथ पत्र, आई.डी.प्रूफ, संयुक्त शपथ पत्र, परिचय पत्र एवं विक्रय पत्र की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये भूखण्ड क्रं. एच 211 बागमुगलिया एक्सटेंशन भोपाल को श्री डोलराज गैरे आत्मज स्व.श्री बालकिशन गैरे के नाम हस्तांतरण करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है। जो कि इस कार्यालय में विचाराधीन है।

यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी एवं संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित दिनांक से 15 दिवस के अंदर आपत्ति सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल जोन क्रं.-2 भोपाल**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल**
यांत्रिक विभाग (मुख्यालय) गोविंदपुरा (बी.एच.ई.एल.)
**निविदा आमंत्रण घोषणा-पत्र**

क्रं. 205/ यां.वि. / 2023 भोपाल, दिनांक 23.09 2023

निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु दो लिफाफा पद्धति के अनुसार म.प्र. लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीकृत व्यवस्था के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदार परसेन्टेज मोहर बंद निविदाये निर्धारित प्रपत्र पर आनलाईन आंमत्रित की जाती है

| क्रं. | ऑनलाईन निविदा क्रं. | कार्य का नाम | अनुमानित राशि | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2023_ UAD_ 310897_1 | CONSTRUCTION OF CC ROAD AT SONU PANTI TO AJAY YADAV JHUGGI, NANDU PANTI TO WAJID KHAN JHUGGI, NASIR AHMED TO VISHNU RAJAK JHUGGI AND FROM LAKHAN SAHU TO SATISH SAHU JHUGGI RAM NAGAR JHUGGI BASTI PIPLANI W- 63 Z-15 | 900310/- | 2 Month |

1. Interested bidders can view the NIT on website https://www.mptenders.gov.in/ 2. The Bid Document can be purchased only online from 10:30A.M. (time) 23.09.2023(date) to 17:30P.M. (time) 09.10.2023(date). 3. Amendments to NIT, if any, would be published on website https:// www.mptenders.gov.in/ only, and not in newspaper.

नि.क्र.01083/023/024

**Executive Engineer**
**Municipal Corporation Bhopal, District Bhopal**

**परिशिष्ठ IV (नियम 8(1)) आधिपत्य सूचना (अचल संपत्ति हेतु)**

**एडलवाइस एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड**
**CIN - U67100MH2007PLC174759**
**रिटेल केन्द्रीय एवं पंजीकृत कार्यालय :** एडलवाइस हाउस, ऑफ सी.एस.टी. रोड, कलीना, मुम्बई 400098

जबकि यहाँ उल्लिखित सुरक्षित लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी ने वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन (अधिनियम), 2002 के तहत तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 (नियम 3) के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग कर नीचे यथा उल्लखित मांग सूचना जारी की थी जिमसें कर्जदार(ओं) से सूचना में उल्लिखित राशि उक्त सूचना प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के अंदर भुगतान करने के लिए कहा।

इसके बाद, असाईनर संदर्भित ने अधोल्लिखित वित्तीय परिसंपत्तियाँ **एडलवाइस एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड** को स्वयं/अपनी **उल्लेखित विभिन्न ट्रस्ट के ट्रस्टी** की क्षमता से कार्यरत (यहाँ आगे **"ईएआरसी"** कहा गया है) असाइनमेंट एग्रीमेंट के अनुसार सरफासी अधिनियम, 2002 की धारा 5 के तहत एसाइन कर दीं। ईएआरसी असाईनर की भूमिका में आ गया और वित्तीय परिसंपत्तियों के संबंध में विचाराधीन प्रतिभूति हितों, गारंटी, रेहनों सहित असाईनर के सभी अधिकार, हक और हित कर्जदार द्वारा ली गई वित्तीय सहायता के संबंध में **ईएआरसी** को निहित हो गए हैं और **ईएआरसी** प्रत्याभूत लेनदार के रूप में अपने सभी अधिकार प्रयोग करता है।

कर्जदार द्वारा राशि का भुगतान करने में असफल रहने पर एतद्द्वारा कर्जदार और सर्व सामान्य को सूचित किया जाता है कि **एडलवाइस एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड** के प्राधिकृत अधिकारी की क्षमता से अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (4) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग कर नीचे वर्णित संपत्ति का **सांकेतिक कब्जा** प्रत्येक संपत्ति के समक्ष उल्लेखित दिनांक को ले लिया है।

उधारकर्ता का ध्यान प्रतिभूत आस्तियों के मोचन के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधो की ओर आकृष्ट किया जाता है। विशेष रूप से कर्जदार और सामान्य रूप में सर्वजन को संपत्ति से कोई लेन-देन न करने के लिए आगाह किया जाता है और संपत्ति का कोई भी लेन-देन नीचे उल्लिखित राशि और इस पर ब्याज के लिए **एडलवाइस एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड** के प्रभार के अधीन होगा।

| समनुदेशक का नाम | ट्रस्ट का नाम | ऋण खाता नंबर | उधारकर्ता एवं सह-उधारकर्ता(ओं) का नाम | मांग सूचना की राशि एवं दिनांक | कब्जे की तारिख | कब्जे की स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| एयू स्माल फाइनेंस बैंक लि. | EARC Trust SC-379 | 900106 011526 3295 | 1) गजराज सिंह (ऋणी) 2) अतर बाई (सह-ऋणी) | ₹ 16,53,690/- (रुपये सोलह लाख तिरेपन हजार छ: सौ नब्बे मात्र) एवं 13-11-2019 | 21-09-2023 | सांकेतिक आधिपत्य |
| **संपति का विवरण:** संपत्ति के समस्त भाग एवं अंश, मकान खसरा नं.207/1/3 वार्ड नं. 15 पाटनदेव रायसेन प.ह.नं.21/47, अर्जुन नगर, 1500 वर्ग फुट का क्षेत्रफल (जिस पर पहली मंजिल 728 वर्ग फुट आरसीसी छत और शेष 772 वर्ग फुट खुला प्लॉट) तहसील एवं जिला रायसेन शहर रायसेन राज्य मध्य प्रदेश-464551 **चर्तुसीमा:-** पूर्व-खालिद बाई का मकान; पश्चिम - प्लॉट नं. 46 पर सोनी जी का मकान; उत्तर- राम मोहन बघेल का प्लॉट नं. 48; दक्षिण - 20 फीट चौड़ी सड़क। | | | | | | |
| एयू स्माल फाइनेंस बैंक लि. | EARC Trust SC - 379 | 900106 011560 9090 | 1) मुल्लो बाई धाकड़ पति माधो सिंह धाकड़ (सह-ऋणी एवं बंधककर्ता एवं स्व. श्री शेर सिंह धाकड़ के कानूनी वारिस) 2) मुल्लो बाई धाकड़ (सह-ऋणी) | Rs.12,96,159/- (रुपये बारह लाख छियान्वे हजार एक सौ उनसाहठ मात्र) एवं 23.06.2020 | 21-09-2023 | सांकेतिक आधिपत्य |
| **संपत्ति का विवरण:** प्लाट नं.20, मुल्ला बाई का मकान, सर्वे नं. 438 नातेरन जिला विदिशा म.प्र., माप 2030 वर्गफीट, मुल्लो बाई धाकड़ के स्वामित्व में, **जिसकी चर्तुसीमा इस प्रकार है :-** पूर्व - अमर सिंह कुशवाह का प्लाट; पश्चिम - रोड़; उत्तर- पंचायत की भूमि; दक्षिण - ओमकार सिंह का मकान | | | | | | |
| बजाज हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड | EARC Trust SC - 422 | 5P5RMS 88631906 | 1) अफरोज खान (ऋणी) 2) मोहम्मद आसिफ खान (सह-ऋणी) | ₹ 7,64,444/- (रुपये सात लाख चौसठ हजार चार सौ चवालीस मात्र) एवं 22.07.2021 | 22-09-2023 | सांकेतिक आधिपत्य |
| **संपत्ति का विवरण:** गैर-कृषि संपत्ति के समस्त भाग एवं हिस्से इस प्रकार वर्णित हैं: प.ह. नं. 78/22 खसरा नं. 942/1/केए/1 ग्राम खाचरोद तेह. आष्टा जिला सिहोर मध्य प्रदेश-466116. **चर्तुसीमा:** पूर्व: कन्नोद रोड; पश्चिम: विक्रेता की भूमि; उत्तर: विक्रेता की भूमि; दक्षिण: अमनुल्ला का प्लॉट। | | | | | | |
| बजाज हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड | EARC Trust SC - 422 | 4E9RHB956 46976 & 4E9RHT969 74417 | 1) राम प्रवेश मीणा (ऋणी) 2) रेखा मीणा (सह-ऋणी) | Rs.14,02,130/- (रुपये चौदह लाख दो हजार एक सौ तीस मात्र) एवं 31.07.2021 | 22-09-2023 | सांकेतिक आधिपत्य |
| **संपत्ति का विवरण:** गैर-कृषि संपत्ति के समस्त भाग एवं अंश इस प्रकार वर्णित है : प.ह.नं. 64 ग्राम तीलाखेड़ी वार्ड नं. 39 नई बस्ती, विदिशा मध्यप्रदेश 464001., **चर्तुसीमा :-** पूर्व - साहू जी का प्लाट; पश्चिम - रोड़ 20 फीट चौड़ा; उत्तर- विक्रेता की भूमि; दक्षिण - महेश जी का प्लाट | | | | | | |
| बजाज हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड | EARC Trust SC - 422 | 5P5RMS85 114493 | 1) प्रशांत ताम्रकार (ऋणी) 2) सपना ताम्रकार (सह-ऋणी) | Rs.8,91,585/- (रुपये आठ लाख इंक्यान्वे हजार पांच सौ पिच्यासी मात्र) एवं 22.07.2021 | 22-09-2023 | सांकेतिक आधिपत्य |
| **संपत्ति का विवरण:** गैर-कृषि संपत्ति के समस्त भाग एवं अंश इस प्रकार वर्णित है : म.नं. म्यु. नं.390 डब्ल्यु एन 17, काचिपुरा आष्टा, तह. आष्टा, जिला सिहोर, मध्यप्रदेश - 466116. **चर्तुसीमा :-** पूर्व - गली; पश्चिम - रोड़; उत्तर- हूकूमचंद का मकान; दक्षिण - मकान | | | | | | |

**स्थान : मुम्बई**
**दिनांक : 25.09.2023**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**एडलवाइस एसेट रिकंस्ट्रक्शन कम्पनी लिमिटेड**

Edelweiss Asset Reconstruction

देशबन्धु

भोपाल, मंगलवार 26 सितम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



# रोजगार घटने के चिंताजनक आंकड़े

2018-19 से 2022-23 के दौरान देश में सभी तरह के रोजगार में बड़ी कमी होने के आंकड़े सामने आए हैं। नौकरियां हों या दैनिक वेतनभोगी मजदूर, बड़ी संख्या में उन्होंने आजीविका खोई है। अधिक चिंताजनक यह है कि इनमें महिलाएं अधिक हैं। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकानॉमी की इस अवधि की रिपोर्ट के अनुसार 31 लाख लोगों ने नौकरियां खोई हैं जिनमें पुरुष 5 लाख तो महिलाएं 26 लाख हैं। ऐसे ही, छोटे कारोबार एवं दैनिक वेतन पर काम करने वालों में 1.35 करोड़ रोजगार घटे हैं। 52 लाख महिलाएं तथा 83 लाख पुरुष थे। ये आंकड़े ऐसे वक्त में सामने आ रहे हैं जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत को खुशहाल देश बतला कर दावा कर रहे हैं कि जल्दी ही वह दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जायेगा जिसकी अर्थव्यवस्था का आकार 5 ट्रिलियन होगा। यह तथ्य ऐसे भी वक्त सबके समक्ष आया है जब नारी शक्ति वंदन अधिनियम को संसद में पारित होकर एक सप्ताह भी नहीं हुआ है। विकसित व आर्थिक रूप से सशक्त समाज बनाने में कामकाजी महिलाओं की बड़ी भूमिका होती है, लेकिन जिस प्रकार से इन आंकड़ों के मुताबिक औरतों के जीविकोपार्जन के साधन छीने गये हैं, वे भारतीय अर्थव्यवस्था का क्रूर चेहरा भी उजागर करते हैं। समाज के तौर पर देश महिलाओं को लेकर पूर्वाग्रह से ग्रस्त तो पहले से ही है।

जिन लोगों ने नौकरियां खोई हैं, वे संगठित क्षेत्रों के थे और उनके वेतन बढ़िया थे। नौकरियां जाने से उनके जीवन पर क्या असर हुआ होगा, इसकी कल्पना की जा सकती है। असंगठित क्षेत्रों में रोजाना वेतन पर काम करने वाले मजदूरों, जिन्हें दिहाड़ी मजदूर भी कहा जाता है, उनकी संख्या 2018-19 में 14.05 करोड़ थी, जो 2022-23 में घटकर 12.7 करोड़ रह गई। सीएमआईई के अनुसार देश में कामकाजी लोगों की संख्या 40.58 करोड़ है जिनमें से पुरुष 36.77 करोड़ तथा महिलाएं 3.82 करोड़ हैं- केवल 10 प्रतिशत के आसपास। व्यवसाय हो या कृषि, वेतनभोगी हों या दिहाड़ी मजदूर, सभी क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी काफी कम है। वैसे छोटे व्यवसाय एवं खेती-किसानी में महिलाओं के रोजगार कुछ बढ़े हैं परन्तु अभी भी सभी सेक्टरों में व्यापक बेरोजगारी का आलम है। खासकर, महिलाओं की स्थिति दयनीय है।

यह तस्वीर मोदी सरकार के बेहद खराब प्रबन्धन का नतीजा है। 2016 में लाई गई नोटबन्दी और बाद में जीएसटी कानून ने अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर दिया है। इसके दुष्परिणाम अब तक देश भुगत रहा है। नोटबन्दी ने रातों-रात लाखों कारोबार और छोटे-मोटे कामों को बन्द कर दिया। रही-सही कसर जीएसटी ने पूरी कर दी। कई छोटे व लघु आकार की इकाइयों ने भी दम तोड़ दिया था। अनेक कारोबार व उद्योग उस वक्त जो बन्द हुए, आज तक या तो खुल नहीं पाये अथवा उनमें से बड़ी संख्या में लोगों को काम से हटाया गया। इसके बाद कोविड-19 भी कहर बनकर लोगों पर टूटा है। बड़ी तादाद में व्यवसाय और निर्माण इकाइयों को भी लॉकडाउन में बन्द करना पड़ा था। उनमें से कई उद्योगों व कारोबार के ताले आज तक नहीं खुले। सीएमआईई की ही पूर्ववर्ती रिपोर्ट में बताया गया था कि इसी साल (2023) जनवरी (7.14 प्रश) से अप्रैल (8.11) के दौरान ये आंकड़े भी सामने आये थे कि भारत में बेरोजगारी की दर हर माह बढ़ती जा रही है। अभी मई में इसका प्रतिशत 7.68 था जो जून में बढ़कर 8.45 हो गया है। हालांकि भारत सरकार इन आंकड़ों को गलत बताती है क्योंकि उसके राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय (एनएसओ) के अनुसार देश में रोजगार की स्थिति सुधर रही है। वैसे लगभग सारे अर्थशास्त्री सीएमआईई के आंकड़ों को ही सही मानते हैं। आंकड़ों को एक ओर रख दिया जाये तो भी देश में बढ़ती बेरोजगारी नंगी आंखों से भी दिखती है।

वैसे भी केन्द्र सरकार रोजगार बढ़ाने के मामले में कभी भी गम्भीर नहीं रही है। उसके सारे आश्वासन कहीं दूर भविष्य में फलीभूत होने की बात करते हैं। तत्काल प्रभाव से मिलने वाले रोजगार कम ही हैं। 2014 में जब यह सरकार केन्द्र की सत्ता में आई थी, उसने हर वर्ष दो करोड़ रोजगार देने की बात कही थी। उलटे, बेरोजगारी इतनी बढ़ी है कि अब केन्द्र सरकार ने उससे सम्बन्धित आंकड़े रखने ही बन्द कर दिये हैं। इसका ऐलान भी वह कर चुकी है। अब सरकार या आर्थिक नीति पर काम करने वालों के पास ऐसी कोई व्यवस्था ही नहीं रह गई है जिसके आधार पर वे रोजगार बढ़ाने सम्बन्धी योजना बना सकें। सरकार की रोजगार बढ़ाने में कोई रुचि ही नहीं रह गई है। जो थोड़ी बहुत शासकीय नौकरियां निकलती हैं उनके नियुक्ति पत्र मोदी समारोहों के जरिये बांटते हैं और उसका उपयोग अपनी छवि सुधारने या फिर चुनावी लाभ लेने में करते हैं। गम्भीर प्रयासों का अभाव स्पष्ट दिखलाई देता है। ऐसे में बेरोजगारी और बढ़े तो आश्चर्य नहीं।

बेरोजगारों की बढ़ती संख्या का समाज पर क्या असर होगा, इसकी कल्पना की जा सकती है। जब देश के युवाओं के हाथों में रोजगार नहीं होंगे व जिनके पास काम हैं भी तो उन्हें जिस प्रकार से खत्म किया जा रहा है उससे एक निष्क्रिय समाज ही बनेगा जो गैर रचनात्मक होगा। वैसे भी जिस प्रकार से निजीकरण को बढ़ावा देकर लोगों की जीविका के सभी तरह के साधन छिने जा रहे हैं उसके दो कारण हैं। पहला तो यही कि कारोबार व उद्योग बंद होने से वे मोदी के मित्र उद्योगपतियों व व्यवसायियों के हाथों में चले जाएंगे। दूसरे, उन्हें सस्ता मानव संसाधन मिलेगा। महिलाओं की आय के साधन छीनना तो गरीबी को और तेजी से बढ़ायेगा।

# मोदी की चुप्पी, मोदी के बोल!

हैरानी की बात नहीं है कि संसद के पांच दिन के लिए प्रस्तावित किंतु चार दिन ही चले विशेष सत्र के आखिरी दिन, सत्ताधारी पार्टी के सांसद रमेश बिधूड़ी ने मुस्लिमविरोधी सांप्रदायिक गाली-गलौच का जो इतिहास कायम किया, उस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से, अपने ट्विटर एकाउंट तक से दो शब्द तक नहीं कहलवाए गए हैं। मणिपुर को जलता देखते रहने के बाद भी पूरे अस्सी दिन तक, उस पर दु:ख या पछतावे या चिंता का एक शब्द तक नहीं बोलने वाले प्रधानमंत्री की, अपनी पार्टी के एक सांसद के लोकसभा में खुलेआम नफरती सांप्रदायिक बोल बोलने पर चुप्पी, शायद ही किसी को हैरान करेगी। उल्टे सचाई यह है कि प्रधानमंत्री की यह चुप्पी, इस पूरे प्रसंग को सांप्रदायिक कंसोलिडेशन का ही हथियार बनाने की कोशिश में, उक्त संसदीय कदाचार के बाद से ही सत्ता पक्ष के अन्य मुंहों से निकले बोलों को ही, आगे बढ़ाती है।

बेशक, सत्ताधारी पार्टी के भी विशेष रूप से बदजुबान सांसदों में गिने जाने वाले, इस दक्षिण दिल्ली के सांसद ने जिस तरह भरी संसद में अपनी सांप्रदायिक नफरत की उल्टी ही कर दी और उसे संसद टीवी के जरिए तथा उससे बढ़कर सोशल मीडिया में वाइरल हुई वीडियो क्लिपों के जरिए दुनिया भर ने देख लिया, उसके बाद मोदी-शाह की भाजपा ने प्रकटत: नुकसान कम करने की भी कुछ कोशिशें की हैं। इन कोशिशों में अपनी पार्टी के दोषी सांसद को कारण बताओ नोटिस दिया जाना भी शामिल है। यह दूसरी बात है कि सभी जानते हैं कि वर्तमान सत्ताधारी पार्टी में ऐसे कारण बताओ नोटिस, तब तो झूठ-मूठ की रस्मअदायगी से रत्तीभर ज्यादा नहीं होते हैं, जब शिकायत सांप्रदायिकता की अति की हो। वास्तव में यह स्वांग भी इसलिए जरूरी हो गया था कि भाजपा सांसद ने घोर और आक्रामक सांप्रदायिक नफरत की उस सचाई को सारी दुनिया के सामने दिखा दिया, जो बार-बार तथा विभिन्न तरीकों से संघ के ईको-सिस्टम में अपना काम तो लगातार करती आ रही थी, लेकिन तिनके को ओट बनाकर। संसद के मंच पर पहली बार उसका खुलकर प्रदर्शन किया गया है। इसलिए, सत्ताधारी पार्टी के लिए, कारण बताओ नोटिस की तिनके की ओट फिर खड़ी करना जरूरी हो गया।

भारतीय जनतंत्र के दुर्भाग्य से कुछ ऐसी ही तिनके की ओट स्पीकर के पद की ओर से जुटाने की भी कोशिश की गयी। वाइरल वीडियो में सब कुछ साफ-साफ सारी दुनिया के देख लेने के बाद, लोकसभा के स्पीकर की ओर से, आपत्तिजनक शब्दों को कार्रवाई के रिकार्ड से हटा देने भर की कार्रवाई को, तिनके की ओट लेकर खुद को अलग करने की कोशिश ही कहा जाएगा। इसके अलावा, भाजपा के गालीबाज सांसद को स्पीकर ने इसकी चेतावनी भर देकर जाने दिया कि 'दोबारा ऐसा नहीं हो'! इस मामले में स्पीकर के निष्पक्षता का दिखावा तक छोड़ देने का अंदाजा सिर्फ इस एक तथ्य से लगाया जा सकता है कि इससे पहले के मानसून सत्र के आखिर में, लोकसभा में कांग्रेस ग्रुप के नेता, अधीर रंजन चौधुरी को, जो वास्तव में व्यावहारिक मानों में सदन में नेता विपक्ष हैं, सत्ताधारी पार्टी के मंत्री/मंत्रियों के लिए "धृतराष्ट्र" की पौराणिक संज्ञा का प्रयोग करने के लिए ही, सदन से निलंबित कर दिया गया था। जाहिर है कि सत्ता पक्ष के सदस्यों के लिए लोकसभा अध्यक्ष का एक पैमाना है और विपक्षी सदस्यों के लिए एक अलग ही पैमाना है।

बहरहाल, तिनके की ओट में छुपने की इस मजबूरी का दायरा भी बस इतना ही था। इस पूरे प्रसंग में, संबंधित भाजपा सांसद के अलावा उस समय सदन में उसके ठीक पीछे बैठे दो पूर्व-मंत्रियों, हर्षवर्द्धन और रविशंकर प्रसाद की भी भूमिका तीखी आलोचना के दायरे में आ गयी। दोनों माननीय पूर्व-मंत्री, पूरे प्रकरण के दौरान हंस-हंसकर, अपने अनुमोदन से, अपने सांप्रदायिक गालीबाज संगी को बढ़ावा ही दे रहे थे, जो वीडिया में दर्ज भी हुआ था। इस मामले में काफी आलोचनाएं आने के बाद, रविशंकर प्रसाद ने तो एक संक्षिप्त आम खंडनात्मक बयान जारी कर, यह दावा कर के अपना दामन साफ हो गया मान लिया कि वह तो हमेशा मर्यादाओं का पालन करने में विश्वास रखते हैं, आदि। लेकिन, दिल्ली के सांसद हर्षवर्द्धन ने सोशल मीडिया में एक लंबी सफाई लिखकर अपना बचाव किया, जिसमें अपने मुस्लिम विरोधी नहीं होने का दावा किया गया था। इससे भी बेढ़ब यह कि उन्होंने यह बहाना बनाने की भी कोशिश की कि कहा-सुनी के बीच वह ठीक-ठीक सुन ही नहीं पाए थे कि उनके बगल में खड़ा उनका संगी सांसद क्या-क्या कह रहा था? लेकिन, इससे भी भयानक यह कि गंभीरता के इस सारे पाखंड के बीच, पूर्व-मंत्री ने अपने बयान में इसे बसपा सदस्य दानिश अली और भाजपा सदस्य रमेश बिधूड़ी के बीच बहस और उत्तर-प्रत्युत्तर का मामला बनाकर, मामूली बना देने की बेशर्म कोशिश की थी।

यही सूत्र है जिसे बाद में आगे बढ़ाते हुए, भाजपा के एक और बदजुबानी के लिए कुख्यात सांसद, निशिकांत दुबे ने, यह कहने की रस्म अदायगी करने के बाद कि जो बिधूड़ी द्वारा कहा गया उचित नहीं था, स्पीकर को लिखी चिट्ठी में उल्टे बसपा सदस्य दानिश अली पर ही इसका इल्जाम लगा दिया कि वही, रमेश बिधूड़ी के भाषण के बीच में बार-बार टोक कर और प्रधानमंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक बातें कहकर, उन्हें भड़का रहे थे। और जैसा कि संघ-भाजपा के झूठ के प्रचार का एक जाना-पहचाना हथियार ही हो गया है, उन्होंने पीड़ित सांसद पर बाकायदा षडयंत्र का आरोप लगा दिया कि उन्होंने षडयंत्रपूर्वक भाजपा सांसद को गुस्सा दिलाया और वह "बेचारे" इस षडयंत्र के जाल में फंसकर, आपत्तिजनक बोल बोल बैठे! दुबे ने अपने इस पत्र के माध्यम से स्पीकर से सदन की अनुशासन समिति से पूरे मामले की जांच कराने की मांग की है। कहने की जरूरत नहीं है कि पीड़ित पर ही आरोप लगाने का यह पूरा खेल, संघ-भाजपा के अनुमोदन से ही खेला जा रहा है। इसमें अगर किसी को संदेह हो तो सोशल मीडिया में संघ की ट्रोल सेना द्वारा इस संबंध में जो कुछ कहा गया है और जिस तरह इस हास्यास्पद "षडयंत्र सिद्धांत" को प्रचारित किया गया है, उससे यह साफ हो जाता है कि हर्षवर्द्धन तथा निशिकांत दुबे के रास्ते, पूरा संघ परिवार सांप्रदायिक गालीबाज भाजपा सांसद के पीछे खड़ा है। हैरानी की बात नहीं है कि यह सिलसिला जल्द ही, पीड़ित सांसद को तरह-तरह की धमकियां दिए जाने तक पहुंच चुका है।



राजेंद्र शर्मा

**याद रहे कि यहां पहुंचकर यह सब, रमेश बिधूड़ी की शर्मनाक करतूत और सांप्रदायिक नफरती बोली से, संघ-भाजपा के बचाव से आगे बढ़कर, इस प्रकरण को ही सांप्रदायिक नफरत फैलाने का औजार बनाने तक पहुंच जाता है। यह वह जगह है जहां रमेश बिधूड़ी की सांप्रदायिक गालियां, "गोली मारो सालों को..." के मोदी सरकार के मंत्रियों के नारों और "वोटिंग मशीन का बटन दबाकर...शाहीन बाग में झटका लगाने" के देश के गृहमंत्री के नुस्खों की बगल की खड़ी नजर आती हैं।**

याद रहे कि यहां पहुंचकर यह सब, रमेश बिधूड़ी की शर्मनाक करतूत और सांप्रदायिक नफरती बोली से, संघ-भाजपा के बचाव से आगे बढ़कर, इस प्रकरण को ही सांप्रदायिक नफरत फैलाने का औजार बनाने तक पहुंच जाता है। यह वह जगह है जहां रमेश बिधूड़ी की सांप्रदायिक गालियां, "गोली मारो सालों को..." के मोदी सरकार के मंत्रियों के नारों और "वोटिंग मशीन का बटन दबाकर...शाहीन बाग में झटका लगाने" के देश के गृहमंत्री के नुस्खों की बगल की खड़ी नजर आती हैं। और ठीक यहीं उनकी ही बगल में प्रधानमंत्री की चुप्पी को खड़े देखा जा सकता है, इस सब का अनुमोदन करते हुए और अपने अभयदान से सब को बढ़ावा देते हुए!

दिलचस्प बात यह है कि प्रधानमंत्री मोदी की चुप्पी और उनके बोल, दोनों एक ही काम करते हैं, सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की धार को सान पर चढ़ाने का काम। यह संयोग ही नहीं है कि जो प्रधानमंत्री, रमेश बिधूड़ी के कारनामे पर एकदम चुप्पी साधे रहे हैं, वही प्रधानमंत्री पिछले दिनों में अपनी आत्मप्रशंसा के अलावा, एक ही मुद्दे पर विशेष रूप से मुखर रहे हैं—कथित सनातन धर्म पर उदयनिधि स्टालिन की टिप्पणी। यहां इस विषय पर विस्तार से चर्चा करने की गुंजाइश तो नहीं है, पर इतना तो याद दिलाया ही जा सकता है कि जिस समय जी-20 के सिलसिले में विदेशी मेहमानों का भारत आना शुरू हो रहा था, उस समय भी प्रधानमंत्री मोदी को इसी सिलसिले में बुलायी गयी मंत्रिमंडल की विशेष बैठक में भी, अपने मंत्रिमंडलीय सहयोगियों को इसके लिए तिकतिकाना बखूबी याद रहा था कि सनातन के मुद्दे पर "उपयुक्त जवाब" देना चाहिए!

उसके बाद, चुनाव की ओर बढ़ रहे राज्यों, मध्य प्रदेश तथा छत्तीसगढ़ में और राजस्थान में भी, पहली ही फुर्सत में मोदी ने खुद "उपयुक्त जवाब" देने की कमान संभाल ली और इस प्रकरण के रास्ते विपक्षी इंडिया गठबंधन को हिंदू-विरोधी, धर्मविरोधी, भारतीय संस्कृति विरोधी और अंतत: भारत विरोधी भी घोषित कर दिया। यह इसके बावजूद था कि यह मानना संभव ही नहीं है कि मोदी इससे कतई बेखबर हो सकते हैं कि उन्नीसवीं सदी के आखिर में गुजरात से ही, हिंदी-गुजराती प्रदेश के, तथाकथित सनातन धर्म के सबसे उग्र खंडनकर्ता, स्वामी दयानंद निकले थे, जिन्होंने खुद को सनातनी कहने वाले धार्मिक-सामाजिक सुधार-विरोधी मनुवादियों के खिलाफ ही, हिंदी-पंजाबभाषी क्षेत्र में अपनी पाखंड-खंडिनी पताका गाढ़ी थी और एक के बाद एक शास्त्रार्थों के जरिए खुद को सनातनी कहने वालों को चुनौती दी थी। हैरानी की बात नहीं है मोदी की इस मुखरता में, कथित सनातनियों के मनुवाद के खिलाफ, खुद हिंदू धार्मिक तथा सामाजिक सुधारकों के उन्नीसवीं व बीसवीं सदी के वास्तविक और विराट संघर्षों पर चुप्पी भी शामिल है। याद रहे कि इससे कुछ ही पहले, कर्नाटक चुनाव की हार के फौरन बाद, मोदी की ऐसी ही मुखरता समान नागरिक संहिता पर भी सुनाई दी थी। उससे पहले कश्मीर के विनाश से लेकर, नागरिकता कानून, विदेशी घुसपैठिए आदि, यहां तक कि कब्रिस्तान-श्मशान तक, ऐसे हरेक मुद्दे पर, जिसका सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के लिए इस्तेमाल किया जा सकता था, मोदी की बोली सुनाई दी थी और सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के खिलाफ जाने वाले हर मुद्दे पर, मोदी की वैसी ही मुखर चुप्पी।

**( लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं। )**

# प्रस्तावित भारत मध्य-पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे की चुनौतियां

■ गिरीश लिंगन्ना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वास्तव में भारत मध्य-पूर्व यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) को लेकर आशान्वित हैं, जिसे उन्होंने हाल ही में नई दिल्ली में जी 20 शिखर सम्मेलन में पेश किया था। हालांकि, कुछ लोगों का मानना है कि इस परियोजना में शामिल सभी देश इसे चीन की बेल्ट एंड रोड पहल के खिलाफ़ नहीं मानते हैं।

संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, जॉर्डन और इज़राइल के माध्यम से भारत को दक्षिणी यूरोप से जोड़ने वाले एक सुगम परिवहन मार्ग का निर्माण भारत के प्रभाव को बढ़ायेगा और चुनौतीपूर्ण 'अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे' के लिए एक और विकल्प प्रदान करेगा जो ईरान और रूस से होकर गुजरता है लेकिन इसके विकास में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

पिछले प्रयास के विपरीत, आईएमईसी एक नया रास्ता बनाना चाहता है जो इज़राइल और पूर्वी भूमध्य सागर को भारत के करीब जोड़ता है। चीन का अध्ययन करने वाले इजरायली थिंक टैंक सिंग्नल ग्रुप का नेतृत्व करने वाले कैरिस विट्टे ने बताया कि सिर्फ दो दशक पहले, इस क्षेत्र को अदन की खाड़ी में समाप्त माना जाता था, जहां हिंद महासागर लाल सागर से मिलता है। सऊदी अरब और यूएईआईएमईसी को बढ़ते और लाभदायक भारतीय बाजार तक पहुंचने के एक रास्ते के रूप में देखते हैं। वे तेल पर अपनी निर्भरता कम करना चाहते हैं और पैसा कमाने के नये तरीके ढूंढना चाहते हैं।

अंतरराष्ट्रीय संबंधों का अध्ययन करने वाले और चीन तथा मध्य पूर्व में संघर्षों के बारे में लिखने वाले प्रोफेसर गाइबर्टन इसी बारे में बात कर रहे हैं- मैं नहीं मानता कि यह धारणा कि यह चीन के खिलाफ़ होगी, खाड़ी में व्यापक रूप से स्वीकार की जाती है। भले ही अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने हाल ही में जी 20 शिखर सम्मेलन में आईएमईसी के लिए मजबूत समर्थन व्यक्त किया, लेकिन वास्तव में यह भारत, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात थे जो समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए सबसे अधिक दृढ़ थे, वाशिंगटन नहीं।

रियाद, विशेष रूप से, इस नये गलियारे को वैश्विक मंच पर अपनी भूमिका को बदलने के साधन के रूप में देखता है। मुख्य रूप से तेल निर्यात करने के बजाय, सऊदी अरब का लक्ष्य पर्यटन, निवेश और रसद का एक प्रमुख केंद्र बनना है। यह परिप्रेक्ष्य अज़ीज़ अल-ग़शियान से आया है, जो एक सऊदी राजनीतिक विश्लेषक और विदेश नीति विशेषज्ञ हैं। सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात, जो देश मुख्य रूप से जीवाश्म ईंधन बेचते हैं, नये गलियारे को लेकर विशेष रूप से उत्साहित हैं क्योंकि यह उनकी अर्थव्यवस्थाओं को और अधिक विविध बनाने की उनकी योजनाओं के अनुरूप है।

आईएमईसी केवल व्यापारिक वस्तुओं के बारे में नहीं है। यह आपूर्ति श्रृंखलाओं को एक साथ बेहतर ढंग से काम करने पर भी ध्यान केंद्रित करता है। लक्ष्य एक साथ चीज़ें बनाने के लिए रास्ते में आने वाले देशों में सरकारी और व्यावसायिक सहयोग दोनों को प्रोत्साहित करना है। उनकी प्रस्तावित बंदरगाहों, रेलवे और सड़कों के बगल में बिजली केबल और पाइप लगाने की भी योजना है। ये सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात से भारत और यूरोपीय संघ तक नवीकरणीय बिजली और हरित हाइड्रोजन ले जायेंगे। हरित हाइड्रोजन को प्राकृतिक गैस का अधिक पर्यावरण-अनुकूल विकल्प माना जाता है, और यह इन धूप वाले देशों में बड़ी सौर परियोजनाओं द्वारा उत्पन्न होता है।

उन्होंने वास्तव में एक लंबा फाइबर-ऑप्टिक नेटवर्क बनाने का भी सुझाव दिया है जो इस परियोजना के क्षेत्रों के बीच इंटरनेट कनेक्शन को बेहतर बनायेगा। इस महीने जी 20 शिखर सम्मेलन में एक कार्यक्रम के दौरान, भारतीय प्रधानमंत्री मोदी ने नये समझौते की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह आने वाली पीढ़ियों के लिए और भी बड़े सपने देखने की नींव रखता है। उसके तुरंत बाद, उन्होंने सऊदी अरब के वास्तविक नेता, क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के साथ दिल्ली में एक निजी बैठक की। अपनी चर्चा के दौरान, उन्होंने भारत में सऊदी निवेश में 100 अरब डॉलर लाने की प्रक्रिया में तेजी लाने का फैसला किया। यह निवेश योजना पहली बार 2019 में बनाई गई थी लेकिन महामारी के कारण इसमें देरी हुई।

इस धनराशि में से लगभग 55अरब का उपयोग भारत के पश्चिमी तट पर एक विशाल यीरिफाइनरी और पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स के निर्माण के लिए किये जाने की योजना है। वे सऊदी अरब और यूएई के साथ साझेदारी में भारत में एक रणनीतिक तेल रिजर्व बनाने का भी इरादा रखते हैं। यूएई की कंपनियों का एक समूह, जिसमें बंदरगाहों और मुक्त क्षेत्रों का प्रबंधन करने वाली कंपनी डीपी वर्ल्ड शामिल है, ने पहले ही लॉजिस्टिक्स और भारत और मध्य पूर्व के बीच एक नियोजित खाद्य गलियारे के लिए 7अरब के वितरण नेटवर्क के निर्माण पर काम करना शुरू कर दिया है।

भारत और खाड़ी सहयोग परिषद, जिसमें सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कतर, कुवैत, ओमान और बहरीन जैसे देश शामिल हैं, के बीच व्यापार में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। वित्तीय वर्ष 2021-22 में यह 154.7अरब डॉलर तक पहुंच गया, जो कि पिछले वर्ष की तुलना में 77प्रतिशत अधिक है। इसी अवधि के दौरान, चीन ने इस क्षेत्र के साथ दोनों दिशाओं में लगभग 180अरब अमेरिकी डॉलर का व्यापार किया।

**आईएमईसी केवल व्यापारिक वस्तुओं के बारे में नहीं है। यह आपूर्ति श्रृंखलाओं को एक साथ बेहतर ढंग से काम करने पर भी ध्यान केंद्रित करता है। लक्ष्य एक साथ चीज़ें बनाने के लिए रास्ते में आने वाले देशों में सरकारी और व्यावसायिक सहयोग दोनों को प्रोत्साहित करना है। उनकी प्रस्तावित बंदरगाहों, रेलवे और सड़कों के बगल में बिजली केबल और पाइप लगाने की भी योजना है।**

आईएमईसी के कार्यान्वयन में एक स्पष्ट भू राजनीतिक बाधा सऊदी अरब और इज़राइल के बीच औपचारिक राजनयिक संबंधों की अनुपस्थिति है। हालांकि दोनों देशों के बीच कोई ज़मीनी सीमा नहीं है, लेकिन उन्हें सऊदी अरब द्वारा वित्तपोषित एक प्रस्तावित रेलवे के माध्यम से जोड़ा जाना तय है, जो जॉर्डन तक फैली हुई है। जॉर्डन, जिसने 1994 में इज़राइल के साथ संधि कर शांति स्थापित की और रियाद के साथ एक मजबूत गठबंधन बनाये रखा, इस संबंध में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने आईएमईसी के लिए अपना उत्साह व्यक्त किया, और इसे एक महत्वपूर्ण सहयोग पहल बताया जो क्षेत्रीय और वैश्विक एकीकरण और सहयोग के आकार और महत्व के संदर्भ में पहले देखी गई किसी भी चीज़ के विपरीत एक नये युग का प्रतीक है।

आधिकारिक संबंध नहीं होने के बावजूद, योजना अभी भी आगे बढ़ सकती है क्योंकि, जैसा कि इजरायली विश्लेषक विट्टे ने बताया, इजरायल और सऊदी अरब औपचारिक सामान्यीकरण के बिना वर्षों से चुपचाप व्यापार कर रहे हैं। आईएमईसी को वर्तमान स्थिति में भी पूरा किया जा सकता है, और यह सामान्यीकरण पर जोर नहीं देता है या इसकी मांग नहीं करता है।

सऊदी विश्लेषक अल-गशियान के अनुसार, आर्थिक गलियारे का मतलब यरूशलेम और रियाद के बीच संबंधों का तत्काल सामान्यीकरण नहीं है, जिस पर वर्तमान में अमेरिका के साथ तीन-तरफा वार्ता में चर्चा चल रही है। इसके बजाय, यह भविष्य में अंतत: घटित होने पर सामान्यीकरण की प्रक्रिया को आसान बना सकता है।

आईएमईसी के संबंध में, वर्तमान में अनिश्चितता है कि कौन सी निजी कंपनियां भाग लेंगी, और जिन परियोजनाओं का काम उन्हें सौंपा जायेगा उनकी प्रकृति क्या होगी। परियोजना के विशाल पैमाने, व्यापक दायरे और जटिल प्रकृति को देखते हुए, एक सतत और मजबूत राजनीतिक दृढ़ संकल्प आवश्यक है।

## पावन प्रसंग

# मन की शुद्धि के लिए अन्न की शुद्धि

जैसा खाए अन्न वैसा बने मन- वाली उक्ति अक्षरश: सत्य है। तामसिक और राजसिक भोजन करने से न केवल शारीरिक स्वास्थ्य की जड़ें खोखली होती हैं वरन उनका प्रभाव मानसिक स्तर पर भी पड़ता है। आहार के अनुरूप ही मानसिक स्थिति में तमोगुण रहता है, कुविचार आते हैं। उत्तेजनाएं छाई रहती हैं। चिंता, उद्विग्नता और आवेश का दौर चढ़ा रहता है। ऐसी स्थिति में न तो एकाग्रता सधती है और न ध्यान धारणा बन पड़ती है। मन की चंचलता ही इंद्रियों को चंचल बनाए रखती है। शरीर भी उसी के इशारे पर चलता है। इस विघ्न को जड़ से काटने के लिए अध्यात्म पथ के पथिक सर्वप्रथम आहार की सात्विकता पर ध्यान देते हैं।

मन की 11वीं इंद्रिय कहा गया है। यह भी शरीर का ही एक भाग है। अन्न से रस, रस से रक्त, रक्त से मांस, मांस से अस्थि और मज्जा, मेद, वीर्य आदि बनते-बनते अंत में मन बनता है। इसमें चेतना का समावेश तो है, मस्तिष्क संस्थान, वस्तुत: अन्न शरीर का ही एक भाग है। इसलिए स्वाभाविक है कि मन बनेगा। शरीरशास्त्री और मनोवैज्ञानिक भी इस संबंध में प्राय: एक मत है कि आहार से मन का स्तर बनता है। प्रकृति की कैसी विचित्रता है कि जहां मन की प्रेरणा से शरीर को चित्र-विचित्र काम करने पड़ते हैं, वहां यह भी एक रहस्य है कि मन स्तर शरीर द्वारा बनता है। यह शरीर जो आहार का, अन्न का उपादान है, जिसके आधार पर वह बनता, बढ़ता, परिपुष्ट होता है और उसी का पाचन समाप्त हो जाने पर अथवा उससे विषाक्तता रहने पर वह मर भी जाता है। शरीर जहां मन का अनुचर है, वहां उसकी स्थिति को बनाने में प्रमुख भूमिका भी निर्माता है। उस उलझन को देखते हुए यह नहीं कहा जा सकता कि शरीर प्रधान है या मन। गुत्थी इस तरह सुलझती है कि दोनों का सृजेता अन्न है। इसलिए शरीर और मन, दोनों का सूत्र संचालन मन को कहा जाए तो अतियुक्ति नहीं होगी।

प्रत्यक्ष जीवन का आधार आहार को ही माना गया है। इसके आधार पर ही शरीर बनता और बढ़ता है। इसकी शुद्धता क्यों आवश्यक है; इस संबंध में शास्त्रकार कहते है- 'अन्नमयं हि सौम्य मन:' अर्थात हे सौम्य, यह मन अन्नमय है। इसे अधिक स्पष्ट करते हुए छांदोग्योपनिषद् के छठे अध्याय के पांचवें खंड में उद्दालक ऋषि ने कहा है- जो अन्न खाया जाता है वह तीन भागों में विभक्त हो जाता है। स्थूल अंश मल, मध्यम अंश रस, रक्त, मांस का सूक्ष्म अंश मन बन जाता है। अगले खंड में कहा है- हे सौम्य, मंथन करने से जिस प्रकार निश्चित रूप से ग्रहण किए अन्न का जो सूक्ष्म भाग है, वह ऊपर जाकर मन बनता है इसी तरह पिए हुए जल का सूक्ष्म भाग ऊपर जाकर प्राण और घी, तेल आदि का सूक्ष्मभाग ऊपर जाकर वाणी बनता है। इससे सिद्ध है अन्न का कार्य ही मन है।'

अत: जीवन का व्यक्तित्व का स्तर निर्धारित करने के लिए सर्वप्रथम अन्न के स्वरूप को संबालन करना पड़ता है। क्योंकि वही शरीर को विनिर्मित करता है और उसी के अनुरूप मन की प्रवृत्ति बनती है। इस प्रधान आधार की शुद्धता पर ध्यान न दिया जाए तो न शरीर की स्थिति ठीक रहेगी और न मन की दिशाधारा में औचित्य बना रह सकेगा। अध्यात्म विद्या के वैज्ञानिक ऋषियों ने आहार के सूक्ष्म गुणों का, उसके समस्त आयामों का अथ्यन्त गंभीरतापूर्वक अध्ययन किया था और यह पाया था कि प्रत्येक खाद्य पदार्थ अपने में सात्विक, राजसिक और तामसिक गुण धारण किए हुए है और उनके खाने से मनोभूमि का निर्माण भी वैसा ही होता है। साथ ही यह भी शोध किया गया था कि आहार में निकटवर्ती स्थिति का प्रभाव ग्रहण करने का एक विशेष गुण है। दुष्ट, दुराचारी, दुर्भावनायुक्त या हीन मनोवृत्ति के लोग यदि भोजन पकाएं या परोसें तो उनके वे दुर्गुण आहार के साथ सम्मिश्रित होकर खाने वाले पर अपना प्रभाव अवश्य डालेंगे।

**युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

# कोचिंग सेंटरों को प्रतिबन्धित करने की जरूरत

देश भर में नियम विरुद्ध कोचिंग सेंटरों का धड़ल्ले से संचालन हो रहा है। सरकार ने कोचिंग संस्थान चलाने के लिए कोई ठोस बिल या नियम तक नहीं बना रखे हैं, बिना कानून के संचालित अधिकतर कोचिंग क्लासेस मामूली नियमों को ताक में रखकर मनमर्जी से मोटी फीस वसूल कर सेंटरों का संचालन कर रहे हैं। इतना ही नहीं इन कोचिंग सेंटरों का जाल अब ग्रामीण क्षेत्रों तक फैल चुका है। ये छात्रों को बिना पूरी सुविधा दिए मोटी फीस वसूल रहे हैं। छात्रों के जीवन से खिलवाड़ को देखते हुए भी देश भर में शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारी मौन बैठे हैं। यह उनकी कार्यप्रणाली को संदेह के घेरे में डाल देता है। लाभकारी शिक्षा उद्योग के उदय के साथ, कुछ संस्थानों ने अपनी कोचिंग सेवाओं के लिए अत्यधिक दरों की मांग करना शुरू कर दिया है। इससे शिक्षा का व्यावसायीकरण हो गया है, जहां छात्रों के कल्याण से ऊपर मुनाफे को प्राथमिकता दी जाती है। जैसे-जैसे शिक्षा अधिक विपणन योग्य हो गई है, वैसे-वैसे कोचिंग सेंटर भी बढ़ गए हैं, जिनमें से ज्यादातर अपने शिक्षार्थियों को फायदे की बजाय नुकसान अधिक पहुंचा रहे हैं।

आजकल हम आये दिन परीक्षाओं के लिए कोचिंग करने वाले छात्रों द्वारा आत्महत्या के मामलों को सुनते हैं। हमारी सरकारें कोचिंग माफिया को शिक्षा ऋण के बोझ के लिए जिम्मेदार ठहराते हैं। माता-पिता पर शैक्षिक ऋण का बोझ छात्रों के बीच तनाव के कारणों में से एक है और इसके लिए केंद्र को एक नीति बनानी चाहिए ताकि माता-पिता को शिक्षा के लिए पैसे उधार न लेना पड़े। कोचिंग संस्थान सस्ते नहीं हैं, और इनकी फीस माता-पिता, विशेषकर कम आय वाले परिवारों पर काफी वित्तीय बोझ हो सकती है। फीस के अलावा, अध्ययन सामग्री, परिवहन और आवास के लिए भारी अतिरिक्त शुल्क हो सकता है। माता-पिता को कोचिंग के खर्चों को कवर करने के लिए ऋण लेने के लिए भी मजबूर होना पड़ता है। यह वित्तीय भार तनाव और चिंता उत्पन्न करने वाला हो सकता है और कई परिवारों के लिए यथार्थवादी नहीं हो सकता है। कोचिंग संस्थान केवल पैसा इकट्ठा करने में रुचि रखते हैं। इसलिए कोचिंग सेंटरों को माफिया करार करके सरकार को उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी होगी।

आजकल प्रतिस्पर्धा बढ़ गई है। हर माता-पिता अपने बच्चों को ऊंची शिक्षा देना चाहते हैं। पहले भी तो कोई कोचिंग कक्षाएं नहीं होती थी। तब क्या छात्र आईएएस, आईपीएस नहीं बन रहे थे? कोचिंग के नाम पर आज के दौर में माफिया उपज गए हैं और सरकार को इनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी होगी। गहराई से और विश्लेषणात्मक रूप से देखा जाए तो यह राष्ट्रीय संसाधनों का शुद्ध दुरुपयोग बन गया है। जो छात्र शैक्षणिक उपलब्धि के लिए पूरी तरह से कोचिंग सेंटरों पर निर्भर हैं, वे लंबी अवधि में सफल होने के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान का निर्माण करने में विफल हो सकते हैं। वे नियंत्रित सीखने के माहौल और कोचिंग सेंटर द्वारा दिए जाने वाले व्यक्तिगत ध्यान पर बहुत अधिक निर्भर हो सकते हैं, जिससे आत्मविश्वास और पहल की कमी हो सकती है।

क्योंकि प्रतिस्पर्धा परीक्षाओं के लिए कोचिंग के घोषित बुनियादी उद्देश्य सर्वश्रेष्ठ उम्मीदवारों के चयन की पूर्ति नहीं करते। कोचिंग सेंटर न होने पर भी सर्वश्रेष्ठ छात्रों का चयन किया जाएगा। वास्तव में कोचिंग सेंटरों की अनुपस्थिति में सर्वश्रेष्ठ छात्रों का चयन अधिक वास्तविक होगा। क्योंकि यह स्व-अध्ययन और कच्ची प्रतिभा पर आधारित होगा। कोचिंग सेंटर आंशिक रूप से देश में शिक्षा के गैर समाज पैटर्न का उत्पादन है। दूसरी और इनका बाहरी खर्च अक्सर उन गरीब परिवारों की कमर तोड़ देता है जिन्हें इस डर की दौड़ में भाग लेना पड़ता है। संस्थानों में सीटों की सीमित संख्या और बढ़ती आबादी हर साल प्रतिस्पर्धा को और अधिक कठिन बना देती है। इससे छात्र शारीरिक और मानसिक रूप से तनावग्रस्त हो जाते हैं। उनमे से कई दुर्भाग्य से इस भारी तनाव से निपटने में असफल होकर अपने बहुमूल्य जीवन को समाप्त कर देते हैं।

**-डॉ प्रियंका सौरभ**

# बेतवा- पार्वती अंचल

## सार-समाचार

### जलसे में आएंगे भोपाल विधायक



**सिरोंज, देशबन्धु।** मुस्लिम त्योहार कमेटी के ब्लॉक अध्यक्ष डॉक्टर वसीम ने बताया की हर साल की तरह इस साल भी स्थानीय पुराने बस स्टेंड पर ईद मिलादुन्नबी का जलसा 29 सितंबर दिन शुक्रवार को रात में ईशा की नमाज के बाद 8 बजे सेआयोजित किया गया है। इस जलसे के मेहमान ऑल इण्डिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के वर्किंग कमेटी के सदस्य भोपाल विधायक हाजी आरिफ मसूद होंगे। जलसे की सदारत भोपाल ताजुल मस्जिद दारुल उलूम के उस्ताद हदीस सैय्यद शराफत अली नदवी होंगे। इस जलसे की सरपरस्ती हजरत मौलाना डॉक्टर अजीज़ उद्दीन नदवी करेंगे इसके अलावा शहर एवं आसपास के दीगर उलामा जलसे में शिरकत कर उपस्थित जनों को मोहम्मद सल्ललाहो अलैहे वसल्लम की जीवनी पर रोशनी डालेंगे।

### रैली निकालकर जल संरक्षण के लिए किया जागरुक



**सिरोंज, देशबन्धु।** नेहरू युवा केंद्र विदिशा के प्रोग्राम कैच दी रैन के द्वितीय चरण अभियान में जल संरक्षण पर शासकीय माध्यमिक शाला सबदलपुर में रैली निकाली और बच्चों और ग्रामीण जनों को समाजसेवी रामबाबू कुशवाह के द्वारा जल संरक्षण और जल के सद्पयोग और दुरुपयोग और वाटर हार्वेस्टिंग और सोखता गड्डों के बारे में बताया और जल बचाने की शपथ दिलाई गई। इस दौरान शाला प्रभारी गोविंद कुशवाह पंचायत सचिव वीर सिंह अहिरवार उप सरपंच सुरेश कुशवाह, नेहरू युवा केंद्र के पूर्व ब्लॉक प्रभारी रामबाबू कुशवाह,अतिथि शिक्षक सुमित कुशवाह, मुंशीलाल ,छगन सिंह, अनिकेत राजपूत ,कुबेर सिंह, पटेल चंपालाल कुशवाह आदि उपस्थित रहे।

### आवक बढ़ने से मंडी बायपास पर घंटों बने जाम के हालात



**सिरोंज, देशबन्धु।** सोमवार को मंडी खुलते खरीफ मौसम की आवक शुरू होने के साथ ही आवक आम दिनों की अपेक्षा ज्यादा आने के कारण मंडी में जाम के घंटों हालात उत्पंन होते रहे और नगर की यातायात व्यवस्था संभालने वाला यातायात अमला मंडी बायपास रोड पर नदारद रहा। जाम लगने से लोग काफी परेशान रहे। उल्लेखनीय होकि आवक बढ़ते ही मंडी बायपास रोड पर जाम की समस्या खड़ी हो जाती है।

### पं. दीनदयाल जयंती मनाई



**सिरोंज, देशबन्धु।** भाजपा के पूर्व पार्षद एवं पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष वरिष्ठ भाजपा नेता हरिबाबू भार्गव ने सोमवार को सुबह दीनदयाल उद्यान पहुंचकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जंयती के उपलक्ष्य में प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जंयती मनाई।

बैठक में की विभागीय गतिविधियों की समीक्षा

# मतदान केन्द्र भवनों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखें : कलेक्टर




**रायसेन, देशबन्धु।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक में कलेक्टर अरविंद दुबे द्वारा समय सीमा वाले शासकीय पत्रों, सीएम हेल्पलाईन तथा शासकीय गतिविधियों और योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। उन्होंने विभागवार सीएम हेल्पलाईन में लंबित शिकायतों की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्धारित समयावधि में संतुष्टिपूर्ण निराकरण कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

बैठक में कलेक्टर दुबे ने मतदान केन्द्रों में व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि मतदान केन्द्र भवनों का निरीक्षण कर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली जाएं। निरीक्षण के दौरान किसी प्रकार की कमी या समस्या होने पर तत्काल अवगत कराएं। उन्होंने कहा कि जिन विभागों के भवनों में मतदान केन्द्र हैं, वह मतदान केन्द्रों में सभी व्यवस्थाएं उपलब्ध होने संबंधी प्रमाण पत्र उपलब्ध कराएं। यह सुनिश्चित करें कि मतदान केन्द्रों के निरीक्षण के उपरांत ही प्रमाण पत्र जारी किए जाएं। कलेक्टर दुबे ने कहा कि ईवीएम किस प्रकार ऑपरेट की जाती है, आयोग के दिशा-निर्देश क्या हैं यह सभी नोडल अधिकारियों को मालूम होना चाहिए। निर्वाचन संबंधी कार्यों में कोई त्रुटि ना हो, इसके लिए सभी अधिकारी उन्हें सौंपे गए दायित्वों का पूरी सजगता और निष्ठा से निर्वहन करें। बैठक में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना आवास योजना, मूंग उपार्जन भुगतान, धान पंजीयन सहित अनेक विभागों की गतिविधियों की समीक्षा की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अंजू पवन भदौरिया, अपर कलेक्टर अभिषेक दुबे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमृता गर्ग सहित अनेक विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

### टीमों को दिया प्रशिक्षण

**रायसेन, देशबन्धु।** आगामी विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के दृष्टिगत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे की अध्यक्षता में एफएसटी तथा एसएसटी टीमों का प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। जिसमें विधानसभा निर्वाचन के दौरान निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप किस तरह से कार्य करना है, कार्य संपादन के दौरान आने वाली समस्याएं तथा उनका निराकरण किस प्रकार किया जा सकता है। इसके बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान जिला कोषालय अधिकारी आरके गुप्ता तथा एनआईसी के डीआईओ श्री दीपेन्द्र कटियार द्वारा बताया गया कि विधानसभा निर्वाचन-2023 की घोषणा होने के साथ ही आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो जाएगी। इस दौरान एसएसटी और एफएसटी टीम को सर्चिंग के दौरान संदेहास्पद वाहनों की गहनता से जांच करनी होगी। सर्चिंग के दौरान शराब, मादक पदार्थ, गिफ्ट आयटम, नगदी, जेवरात आदि पर निगरानी रखनी होगी। प्रशिक्षण में जानकारी दी गई कि निर्वाचन आयोग ने विधानसभा निर्वाचन हेतु 40 लाख रू व्यय की सीमा निर्धारित की है।

# सफाईकर्मी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर, ज्ञापन सौंपा



**गैरतगंज, देशबन्धु।** अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ के आव्हान पर नप के अंतर्गत काम करने वाले सभी सफाई कर्मी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे। संगठन द्वारा सोमवार को स्थानीय अधिकारियों एसडीएम पल्लवी वैध एवं सीएमओ एनके परसानिया को लिखित ज्ञापन देकर हड़ताल की सूचना दी।

नप सफाईकर्मियों ने बताया कि वे अपनी मांगों को लेकर लंबे समय आंदोलन कर रहे है। सोमवार को स्थानीय प्रशासन के अधिकारी एसडीएम पल्लवी वैध एवं नपा सीएमओ को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन देते हुए सफाई कर्मियों ने बताया बीते 2021 एवं 2022 में उन्होंने अपनी आठ सूत्रीय मांगो को लेकर प्रदेश के मुखिया शिवराज सिंह चौहान, क्षेत्रीय विधायक डॉक्टर प्रभुराम चौधरी को ज्ञापन सौंपा गया था। परन्तु प्रदेश सरकार द्वारा हमारी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया। न ही शासन स्तर पर चर्चा की गई है। जिसके चलते प्रदेश के सफाई मजदूर कर्मचारियों में काफी रोष है। अत: शासन की अनदेखी के चलते अखिल भारतीय मजदूर संघ के आव्हान पर सफाई मजदूर कर्मियों द्वारा मांगे न माने जाने तक अनिश्चितकालीन हड़ताल की जाएंगी। ज्ञापन सौंपने वालों में सफाई यूनियन के तहसील अध्यक्ष जितेंद्र सारवान, उपाध्यक्ष ज्ञया बाई लोडेले, सरला बाई, अमेतलाल सारवान, दिनेश चावरिया, मनोज खरे, विध्या बाई, गुड्डी बाई, विनिता बाई, जितेंद्र डोलपुरे, विनोद, राजकुमार सहित अनेक कर्मी शामिल रहे।

# सुपोषण सप्ताह: छात्रावास में आयोजित कार्यशाला में छात्राओं को दी जानकारी



**सिरोंज, देशबन्धु।** सेवा भारती द्वारा शासकीय अनुसूचित जाति सीनियर कन्या छात्रावास में सुपोषण पर कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें वरिष्ठ चिकित्साक डॉ. पुष्पा रानी, डॉ. नेहल माथुर एवं पूर्व स्वास्थ्य महिला बाल विकास सभापति माधवी माथुर द्वारा सुपोषण पर विस्तार से छात्राओं को बताया। एनीमिया को दूर करने, किशोरी बालिकाओं को सुपोषित होने के अनेकों घरेलू उपचार एवं खान पान के बारे में जानकारी दी ।

# स्वास्थ्य शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों ने मरीजों का किया उपचार

**भैरूंदा/नसरुल्लागंज, देशबन्धु।** आयुष्मान भव: के तहत आयोजित किए गए स्वास्थ्य शिविर में विभिन्न बीमारियों के मरीजों का चिकित्सकों द्वारा उपचार किया गया। कृषक संगोष्ठी भवन में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में पीपुल्स अस्पताल भोपाल के चिकित्सक मौजूद रहे। नसरूलागंज-भैरूंदा सिविल अस्पताल के सीबीएमओ डा. मनीष सारस्वत ने आयुष्मान स्वास्थ्य शिविर के लिए सभी व्यवस्थाएं की। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर परिषद अध्यक्ष मारूति शिशिर द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। उसके बाद डॉ. मनीष सारस्वत द्वारा सभी अतिथियों का पुष्प माला पहनाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर ने स्वास्थ्य विभाग की योजनाएं चल रही है उनकी विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर एसडीएम एमएस रघुवंशी, एसडीओपी दीपक कपूर, डीएचओ, डॉ. प्रफुल्ल, डॉ. अंकित चांडक



उपस्थित थे। नाक कान गला, छाती एवं श्वास, चर्म रोग,आंख के चिकित्सकों ने विभिन्न बीमारियों के मरीजों का उपचार किया। शिविर में कुल पंजीयन हुए 1764, आयुष्मान कार्ड बने 92, आभा आईडी 105,ब्लड टेस्ट 346, सोनोग्राफी 29,एक्सरे 31, आयुष्मान रेफर मरीज 43,नेत्र रेफर 8, जनरल मेडीसिन 19, गायनिक 9, अस्थिरोग के 7 मरीजों का उपचार किया।

# राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस मनाया

**गंजबासौदा, देशबन्धु।** सैंट एस. आर. एस. उ. मा. विद्यालय में एन. एस. एस. का 54वां स्थापना दिवस बालक और बालिका इकाई द्वारा मनाया गया। कार्यक्रम में समाजसेवी पिंगले ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से राष्ट्रीयता एवं राष्ट्र सेवा की भावना को जागृत कर राष्ट्र सेवा के लक्ष्य में सहभागी बन सकते हैं। आज के समय में युवा वर्ग में नशा की लत देखने को मिलती है। आप सभी नशा मुक्ति अभियान में सहभागी बन युवाओं को इस लत से बचा सकते हैं। पंडित अरविंद अवस्थी ने बताया कि स्वयंसेवक का पहला कार्य अपने में सेवा भाव को आत्मसात करना है, सेवा भाव जागृत होने से मानवता व राष्ट्र सेवा का भाव बनता है। वहीं दीपक तिवारी द्वारा सामाजिक कार्यों में सहभागी बनकर राष्ट्र सेवा की प्रेरणा दी ।

उन्होंने बताया कि बेतवनादी के स्वच्छता अभियान में समाज के विभिन्न संगठनों के साथ-साथ राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है। वार्ड नंबर 6 के पार्षद मनीष विश्वकर्मा ने बताया कि राष्ट्र सेवा के लिए कोई भी कार्य छोटा बड़ा नहीं होता । हम अपने छोटे-छोटे प्रयासों से राष्ट्र सेवा में अपना योगदान दे सकते हैं।एन .एस. एस .कार्यक्रम




प्रभारी कृष्ण पाल सिंह चौहान एवं रजनी गुप्ता ने एन.एस.एस की स्थापना के उद्देश्य को रेखांकित करते हुए छात्रों को बताया की एन. एस. एस का मूल वाक्य पहले आप की भावना है।

एन. एस. एस के माध्यम से हम विभिन्न प्रकार से राष्ट्र की सेवा कर सकते हैं ।जब भी राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर लगाए जाते हैं तो उनमें विभिन्न प्रकार के सत्र आयोजित किए जाते हैं। बौद्धिक सत्र में विद्वान अतिथियों द्वारा छात्रों को जीवन के मूल उद्देश्यों से परिचित कराया जाता है। वहीं जगह-जगह पर छात्र-छात्राओं द्वारा स्वच्छता, मतदान ,बाल कल्याण,शिक्षा, पर्यावरण की सुरक्षा एवं विभिन्न शैक्षिक गतिविधियों के बारे में जन जागरण कर समाज को मुख्य धारा में जोड़कर देश सेवा के लिए प्रेरित किया जाता है। अतिथियों द्वारा छात्रों को प्रेरित करते हुए समझाया कि देश की सेवा अनेकों प्रकार से कर सकते हैं।

### दीक्षा का संभाग स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए चयन



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** श्री लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय की बीकॉम सेकंड की छात्रा दीक्षा गुप्ता का चयन संभाग स्तरीय बेडमिंटन प्रतियोगिता के लिए किया गया। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा खेल केलेंडर के अनुसार शासकीय कन्या महाविद्यालय विदिशा मे जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता आयोजित की गई,जिसमे लटेरी,सिरोंज, गंज बासौदा, गुलाबगंज,विदिशा,कुरवाई, नटेरन, आदि के महाविद्यालय बैडमिंटन खिलाड़ी ने सहभागिता की। कु दीक्षा गुप्ता ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए फाइनल मे अपनी जगह बनाई ।26 एवं 27 सितंबर को भोपाल मे आयोजित संभाग स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता मे वह विदिशा जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी। प्राचार्य आर आर द्विवेदी, उप प्राचार्य डॉक्टर पियूष दुबे, क्रीड़ा अधिकारी मनीष अहिरवार एवं समस्त प्राध्यापक व ऑफिस स्टाफ ने छात्रा को शुभकामनाएं दी ।

### एडवोकेट जोशी बने कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष

सिरोंज, देशबन्धु। पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह के काफी करीबी वरिष्ठ कांग्रेस नेता एडवोकेट ज्योतेन्द्र जोशी को कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश कटारे पूर्व सीएम प्रदेशाध्यक्ष कमलनाथ के निर्देशानुसार कांग्रेस का जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। जिससे समर्थकों में काफी हर्ष व्याप्त है। समर्थकों ने वरिष्ठ नेतृत्व का आभार जताया।

# अधिकारों को प्राप्त करने कानूनों का ज्ञान होना बहुत जरूरी: परमार

**मुरैना, देशबन्धु।** महात्मा गांधी सेवा आश्रम जौरा के सहयोग से चलाई जा रही भूमि अधिकार परियोजना के क्रियान्वयन के तहत महात्मा गांधी सेवा आश्रम जौरा में राज्यस्तरीय कानूनी प्रशिक्षण का शुभारंभ गांधी आश्रम के सचिव डॉ रन सिंह परमार, दिनेश सिकरवार एडवोकेट, एकता परिषद के उदय भान सिंह, परियोजना राज्य समन्वयक डोंगर शर्मा एवं साबो बाई बहन ने विख्यात गांधीवादी समाजसेवी .डॉ.एस.एन. सुब्वाराव भाईजी की तस्वीर पर फूल अर्पित एवं दीप प्रज्वलित कर किया।

इस अवसर पर संस्था सचिव डॉ. रन सिंह परमार ने कहा कि सरकार ने वंचितों के लिए कई कानून बनाए हैं व इनके कल्याण के लिऐ कई योजनाओं का क्रियान्वयन हो रहा है, लेकिन कानूनी जानकारी के अभाव में यह वंचित वर्ग अपने आधिकार नही ले पा रहे है और कई योजनाओं का लाभ भी इन्हें ठीक से नहीं मिल पा रहा है। इस कानूनी प्रशिक्षण का उद्देश्य उन सभी कानूनी बारीकियों को बताना है, जिनकी वजह से इन्हें इनके अधिकार नहीं मिल पा रहे हैं। यह प्रशिक्षण दो दिन चलेगा। दूसरे सत्र में प्रशिक्षण में वन अधिकार कानून, रोजगार गारंटी, सूचना का आधिकार और अनुसूचित जाति जनजाति कानून पर चर्चा कर सभी प्रतिभागियों ने अभ्यास कार्य किया। इसके अलावा आवास योजना, लाडली बहन योजना, महिला पोषण राशि पेयजल, स्वरोजगार और संबल योजना आदि पर समूह में अभ्यास कार्य हुआ।

### एकात्मा मानववाद के प्रेरणाश्रोत पं. दीनदयाल: तोमर

**मुरैना, देशबन्धु।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के नेहरू युवा केन्द्र मुरैना द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर ग्राम बांसी हायर सेकेण्ड्री स्कूल में कार्यक्रम संपन्न हुआ। नेहरू युवा केन्द्र के उपनिदेशक राकेश सिंह तोमर ने बताया कि पं. दीनदयाल उपाध्याय ने एकात्म मानव दर्शन को विस्तार से प्रस्तुत किया। एकात्मा का तात्पर्य एक ही होना है एक ही प्रकार की चेतना, बुद्धि और एक ही प्रकार की चिंतन प्रक्रिया का होना एकात्मा मानववाद का दर्शन है। शिवराज शर्मा जिला प्रौढ शिक्षा अधिकारी ने कहा कि एकात्म मानव दर्शन का लक्ष्य मनुष्य को ठीक ढंग से खड़ा करना है। एकात्म मानववाद बस्तुत धर्म आधारित दर्शन है। मनुष्य का विचार करना ही धर्म का विचार करना है, लेकिन श्री उपाध्याय ने बार-बार धर्म आधारित दर्शन, धर्म आधारित समाज, धर्म आधारित व्यक्ति, धर्म आधारित राज्य व्यवस्था का कार्य किया।

# बानमोर में शराब बनाने की अवैध फैक्ट्री पकड़ी, 5 गिरफ्तार

**मुरैना, देशबन्धु।** जिले की बानमोर थाना पुलिस ने साइबर सेल टीम की मदद से फूलपुर रोड स्थित एट भत्ते के पास एक मकान में अवैध रूप से शराब निर्माण कर रही फैक्ट्री को छापा मारकर पकड़ लिया और 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में ओपी स्प्रिट, पैकिंग करने वाला बारदाना जप्त किया है, जबकि एक आरोपी मौके से भाग निकला। पुलिस द्वारा आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में शराब के अवैध निर्माण एवं परिवहन पर रोक लगाने हेतु चलाई जा रही मुहिम के तहत थाना प्रभारी बानमोर मंगल सिंह को फूलपुर रोड ईंट भट्टे के पास शराब के अवैध निर्माण की फैक्ट्री संचालित होने की जानकारी मिली, जिस पर से उन्होंने एसडीओपी बानमौर श्रीमती दीपाली चंदौरिया के मार्गदर्शन में सोमवार की सुबह पुलिस टीम के साथ हेमंत लोधी के मकान पर दबिश दी। जहां पर 03 नीले ड्रमों में कुल 600 लीटर ओपी (ओवर प्रूफ एल्कोहल स्प्रीट द्रव), ओपी से निर्मित की गई शराब, जिसमें 90 लीटर बनी शराब, 13 पेटी देशी प्लेन शराब, 02 पेटी देशी मसाला शराब, जिनमें प्रत्येक में से 50-50 क्वार्टर भरे हुए थे। मकान के कमरे में अवैध शराब के अतिरिक्त 02 बड़ी प्लास्टिक की पन्नी में बधे हुए 7600 नग करीबन खाली शराब के क्वार्टर का बारदाना, खाली कार्टून की 60 पेटिया, 02 कार्टून में भरे हुए शराब पर चिपकाने वाले रेपर चिट (जिस पर म.प्र. आबकारी देशी मसाला मदिरा व देशी प्लेन मदिरा लिखा हुआ था), शराब के भरे क्वार्टर पर ढक्कन लगाकर पैक करने वाली मशीन, दो कार्टूनों में भरे शराब क्वार्टर के ढक्कन जिस पर एमपी एक्साईज लिखा हुआ, शराब में एल्कोहल की मात्रा नापने वाले तीन थर्मामीटर, 03 पैमाना नापने वाली कीप 03 शराब भरने की कुप्पियाँ, 03 शराब में मिलाने वाले कलर के डब्बे एवं अन्य शराब बनाने का सामान बरामद हुआ। पुलिस टीम ने मौके से आरोपी अजीत सिकरवार निवासी सिकरौदा, हेमंत लोधी, रामनिवास रावत, लव कुश कुशवाहा, केशव शाक्य को गिरफ्तार किया है, जबकि एक आरोपी ऑफिसर यादव फरार हो गया। बाड़मेर पुलिस द्वारा आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट का मामला दर्ज करते हुए उनसे पूछताछ की जा रही है। उक्त कार्यवाही में मंगल सिंह पपोला थाना प्रभारी बामौर, उनि नीलम सिंह यादव, सउनि मुन्नालाल गौर, सउनि कमलेश कुमार, राजकुमार, प्रआर प्रवेन्द्र सिंह एवं सायबर सेल से उनि अभिषेक जादौन प्रभारी सायबर सेल, उनि विवेक शर्मा, सुदेश कुमार, शैलेन्द्र जाट, कुलदीप भदौरिया, रामकिशन जादौन, प्रशांत इण्डोतिया, राहुल कुशवाह का सराहनीय योगदान रहा है।

### 8 दिन से लापता नाबालिग लड़की का नर कंकाल मिला, कपड़ों से हुई पहचान

**मुरैना, देशबन्धु।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के बिण्डवा क्वारी गांव के पास खेत में पिपरसा गांव से 8 दिन से लापता लडकी का नर कंकाल मिला है, जिसकी पहचान वहां पड़े कपड़ों से की गई है। लडकी का शव पोस्टमार्टम के लिए ग्वालियर भेजा गया है, फिलहाल पुलिस द्वारा पीएम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। वही इस मामले को तीन दिन पूर्व आत्महत्या करने वाले युवक से जोडक़र देखा जा रहा है। सिविल लाइन थाना प्रभारी वीरेश सिंह कुशवाह ने जानकारी देते हुए बताया कि पिपारसा गांव निवासी एक नाबालिक लडकी 18 सितंबर से लापता थी, जिसकी गुमशुदगी थाने में दर्ज कराई गई और पुलिस एवं परिजन उसे तलाश कर रहे थे। सोमवार की सुबह 8 बजे पुलिस को बिण्डवा क्वारी गांव के पास खेत में एक नर कंकाल होने की जानकारी मिली। सूचना पर से पुलिस मौके पर पहुंची तो वहां नर कंकाल पड़ा हुआ था तथा आसपास झाडियां में कपड़े डले हुए थे। पुलिस द्वारा ग्रामीणों को एकत्रित कर कपड़ों की पहचान कराई गई, जिसके बाद परिजनों ने उसकी पहचान कर ली। पुलिस द्वारा नाबालिक लडकी के नर कंकाल को पीएम हेतु ग्वालियर भेजा गया है और मामले की जांच की जा रही है। चर्चाओं के अनुसार सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ही बिण्डवा गांव में 22 अगस्त को अवैध हथियार से गोली मारकर आत्महत्या करने वाले पप्पन गुर्जर का नाबालिक से प्रेम प्रसंग बताया जा रहा है तथा यह मामला ऑनर किलिंग का भी हो सकता है।

# ताप्ती तीरे

## सार समाचार

### ओपन जीम का शुभारंभ

**आठनेर, देशबन्धु।** नगर सरकार द्वारा खेल युवा कल्याण विभाग के माध्यम से ओपन जीम मशीनरी लगाई गई है। नपं अध्यक्ष सुषमा मनोज जगताप ने बताया है कि मंगलवार को आठनेर पहुंच रहे पूर्व सांसद हेमंत खंडेलवाल द्वारा शुभारंभ किया जाएगा। खेल युवा कल्याण विभाग मध्यप्रदेश के माध्यम से बेहतर शारीरिक स्वास्थ्य रखने उद्देश्य से ओपन जीम में बच्चे बड़े भी यहां पहुंचते हैं। वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज जगताप ने बताया है कि नगर क्षेत्र वार्ड क्रमांक 9 में हनुमान बाघेश्वर से गायत्री नगर पहुंचने वाली डिवाइडर वाली सड़क का भूमिपूजन, भैंसदेही रोड के डिवाइडर वाले कार्यों का 26 सितंबर को हेमंत खंडेलवाल भूमिपूजन करेंगे। नगर सरकार के द्वारा विकास कार्यों के उद्देश्य से शीघ्र कार्य शुरू करना है। अलग-अलग मद से स्वीकृत किए गए रोड डिवाइडर सड़क निर्माण कार्य शुरू करने तकनीकी स्वीकृति के बाद नगर विकास करने हेमंत खंडेलवाल शुरुआत करेंगे।

### अंतराष्ट्रीय सप्ताह में बच्चों को सांकेतिक भाषा की दी जानकारी

**बैतूल, देशबन्धु।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा खेलो एमपीयूथ गेम्स हेतु पुलिस ग्राउण्ड बैतूल में आए बच्चों को श्रवण सप्ताह अंतर्गत सांकेतिक भाषा के बारे में जानकारी दी गई। जिला टीकाकरण अधिकारी (नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ) डॉ.अरविन्द कुमार भट्ट ने बताया कि हाथ के इशारों और शरीर तथा चेहरों के हाव-भाव के माध्यम से हम श्रवण बाधित व्यक्तियों को किस प्रकार बातों को समझा कर उनकी सहायता कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि श्रवण संबंधी समस्याओं की पहचान की जाकर बधरिता के प्रारंभिक उपचार हियरिंगएड, स्पीच थेरैपी एवं ऑपरेशन के माध्यम से रोक जा सकता है एवं इसमे होने वाली विकलांगता को 50 प्रतिशत तक कम किया जा सकता है, बहरेपन के प्रमुख कारणों में कान में मैल, कान में संक्रमण, सिर एवं कान में चोट का लगाना, बचपन की बीमारियों, खसरा, मम्स, मस्तिक जवर, अत्यधिक शोर का दबाव जो श्रवण शक्ति को नुकसान करता है। बहरेपन से बचाव हेतु तेज आवाज में गाना न सुने, कानों में नुकीली वस्तुएं न डाले, कान से संबंधित बीमारी होने पर चिकित्सक से जांच करवाएं। आयोजित गतिविधि में आरबीएसके मेनेजर श्री योगेन्द्र दंवडे एवं नर्सिंग स्टॉफ उपस्थित था।

### आयुष्मान भवः अभियानः रक्तदान शिविर का किया आयोजन

**बैतूल, देशबन्धु।** आयुष्मान भवः अभियान के अंतर्गत सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सेहरा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ.दिलीप घोडक़ी, खंड विस्तार प्रशिक्षक सीताराम भुसुमकर, लेखापाल बसीम खान, एमपीडब्ल्यू. धर्मेन्द्र बासनिक एवं श्रृवण परते द्वारा रक्तदान किया गया। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ घोडक़ी ने बताया कि रक्तदान महादान माना जाता है। क्योंकि रक्तदान से लोगों को नई जिंदगी मिलती है और वो रक्तदाता के इस सराहनीय कार्य को हमेशा याद रखता है। रक्तदान से न तो शरीर में बीमारी आती है न शरीर कमजोर पड़ता है, और न ही एचआईव्ही होने का खतरा होता है। रक्तदान शिविर में जिला चिकित्सालय के लेब सहायक रमेश जैन, अजय साहू उपस्थित रहे।

# हरदौली जल आवर्धन योजना से अब प्रतिदिन मिलेगा 22 लाख लीटर पेयजल

**▸ फिल्टर पाइप लाइन से जुड़ी सिविल लाइन टंकी**

**मुलताई, देशबन्धु।** सिविल लाइन में बनी हरदौली जल आवर्धन योजना की नवनिर्मित पानी की टंकी को हरदौली फिल्टर प्लांट पाइप लाइन से जोड़ने का कार्य पूर्ण हो गया है। अब नगर को हरदौली जलावर्धन योजना के फिल्टर प्लांट से 18 लाख लीटर के स्थान पर प्रतिदिन 22 लाख लीटर पानी उपलब्ध होगा। नगर की पेयजल समस्या के स्थाई हल के लिए बनाई गई हरदौली जल आवर्धन योजना का लाभ अब तक 8 वार्ड को मिल रहा था किंतु अब इस योजना का लाभ नगर के 15 वार्डों में से 11 वार्ड को मिल सकेगा। नगर पालिका अध्यक्ष नीतू परमार ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर को शुद्ध पेयजल मिले, हमारी परिषद की यह पहली प्राथमिकताओं मे शामिल है। हम जल आवर्धन योजना के क्रियान्वयन की समस्याओं को दूर कर, नगर के 15 वार्डों में हरदौली जल आवर्धन योजना का शुद्ध जल पहुंचने का प्रयास कर रहे हैं। इसी क्रम में नगर के सिविल लाइन पानी की टंकी को हरदौली योजना की पाइप लाइन से जोड़ा जा चुका है। इस टंकी से ताप्ती, आंबेडकर और तिलक वार्ड की कुल 18 सप्लाई को जोड़कर शुद्ध पेयजल वितरण किया जाएगा।



**आम व्यक्ति तक पहुंचने में हरदौली योजना को लगे 10 साल:** हरदौली जल आवर्धन योजना नगर की महत्वाकांक्षी योजना थी किंतु इसे आम व्यक्ति तक पहुंचने में 10 वर्ष लग गए। यह योजना 2013 में प्रारंभ हुई थी किंतु पूर्व ठेकेदार लोखंडे कार्य पूरा नहीं कर पाए और 2020 में रिटेंडर होकर जलावर्धन योजना का कार्य आदि एक्रा प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड भोपाल को दिया गया। अधूरे पड़े हरदौली प्रोजेक्ट के फिल्टर प्लांट, सम्पवेल, टांकियो के सुधार कार्य और टंकियो तक कनेक्टिविटी का कार्य 2020 में शुरू किया गया था। आदि एक्रा का मुलताई में काम देख रहे मानब ने बताया कि उनकी कंपनी द्वारा अधूरे फिल्टर प्लांट को पूरा कर इंटेकवेल का निर्माण कराया गया। सिविल लाइन और शारदा नगर की टंकियां का सुधार किया गया। साथ ही सीएमओ बंगले के सामने एवं पुरानी टंकी की जगह बनी नई टंकी तक कनेक्टिविटी करवाई गई। अब सिविल लाइन की टंकी तक कनेक्टिविटी कार्य पूर्ण होने के बाद नगर में 22 लाख लीटर पानी पहुंचेगा जिससे नगर वासियों की पेयजल समस्या का बहुत हद तक समाधान हो सकेगा।

फिर गर्माया डिप्टी कलेक्टर निशा बांगरे के इस्तीफे का मामला

# सैकड़ों समर्थकों के साथ कलेक्ट्रेट में दिया धरना

**बैतूल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश शासन की डिप्टी कलेक्टर निशा बांगरे के इस्तीफे का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। मामला कोर्ट में है लेकिन इस बीच अपना इस्तीफा मंजूर करवाने के लिए अब निशा बांगरे सड़क पर उतर आयी हैं. उन्होंने आंदोलन शुरू कर दिया है। वे प्रदेश की ऐसी पहली डिप्टी कलेक्टर हैं जो कलेक्ट्रेट परिसर में धरना देकर बैठ गयी हैं। निशा बांगरे ने ज्ञापन सौंपकर मध्यप्रदेश शासन पर न्यायपालिका को गुमराह करने के आरोप लगाते हुए चेतावनी दी है कि अगर तीन दिन में उनका इस्तीफा मंजूर नहीं किया गया तो वो आमरण अनशन पर बैठेंगी और किसी भी हाल में उन्हें चुनाव लड़ने से कोई रोक नहीं सकता। विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए तैयार डिप्टी कलेक्टर निशा बांगरे का कहना है उनकी राह में शासन रोढ़ा बना हुआ है। वह बैतूल की दलित आरक्षित आमला सीट से चुनाव लड़ना चाहती हैं. सरकारी नौकरी से इस्तीफा दे चुकी हैं लेकिन अभी उनका इस्तीफा मंजूर नहीं हुआ है। इसलिए प्रदेश सरकार से उनकी लड़ाई अब सड़क पर आ गई है। डिप्टी कलेक्टर निशा बांगरे अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ जुलूस की शक्ल में कलेक्ट्रेट पहुंचीं और यहां धरना दिया। निशा बांगरे ने मध्यप्रदेश शासन पर न्यायपालिका को गुमराह करने के गम्भीर आरोप भी लगाए हैं. उनके मुताबिक शासन उन्हें चुनाव लड़ने से रोकने के लिए मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय को भ्रामक जानकारियां दी रही है।

एक साल पहले निशा बांगरे बैतूल में बतौर डिप्टी कलेक्टर पदस्थ थीं। जिस जगह वह कल तक लोगों की समस्याएं सुनती थीं, वहीं धरने पर बैठी गयी। निशा के मुताबिक महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण की बात हो रही है और दूसरी तरफ एक महिला अधिकारी को अपने अधिकारों से वंचित किया जा रहा है। निशा बांगरे के इस्तीफे का मामला फिलहाल कोर्ट में लंबित है और अब सबकी नजर कोर्ट के निर्णय पर टिकी हैं, लेकिन इस बीच वह आमला विधानसभा में सक्रिय हैं और उनकी सक्रियता ने आमला में चुनावी समीकरण को काफी दिलचस्प बना दिया है।

# जयस्तंभ चौक पर नायब तहसीलदार के वाहन को मारी टक्कर



**▸ सड़क पर वाहन खड़े रहने से हो रहे हादसे**

**मुलताई, देशबन्धु।** नगर के बीच से गुजरने वाले मुख्य मार्ग पर जगह-जगह पर सड़क किनारे वाहन खड़े होने से आए दिन सड़क हादसे की घटनाएं सामने आ रही है। रविवार शाम जय स्तंभ चौक पर मुलताई तहसील में पदस्थ नायब तहसीलदार भगवानदास कुमरे, अपने परिवार के साथ कार से बस स्टैंड की ओर जा रहे थे, कि तभी सामने से आ रही एक अज्ञात कार ने उनकी कर को टक्कर मार दी। हालांकि दोनों ने समझदारी दिखाते हुए अपनी कार रिवर्स कर जगह बनाकर वाहन निकाल लिए। इस घटना के दौरान सड़क पर एक ऑटो खड़ा हुआ था, जिसके चलते यह हादसा हो गया। गनीमत रही कि दोनों वाहनों की गति धीमी थी, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। अभी तक आमजन इस परेशानी से जूझ रहा था रविवार शाम नायब तहसीलदार की गाड़ी को टक्कर मारने की घटना के बाद से नगर वासियों द्वारा कहा जा रहा है कि जब शासन प्रशासन खुद सड़क पर खड़े वाहनों की ओर ध्यान नहीं दे रहा तो, उनके साथ भी अब यह घटनाएं होना शुरू हो चुकी है। ऐसे में जब एक अधिकारी सुरक्षित नहीं है तो आम जनता का भगवान ही रखवाला है। नगरवासियों ने मांग की है की जगह जगह सड़क किनारे खड़े वाहनों पर कठोर कार्यवाही होनी चाहिए।

### जिला किराड़ समाज संगठन की बैठक हुई

**बैतूल, देशबन्धु।** 8 अक्टूबर को आयोजित होने वाले जिला किराड़ समाज संगठन के वार्षिक सम्मेलन को लेकर एजेंडा अनुसार आठनेर में सुखदेव नरवरे के निवास पर जिला कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई। जिला महामंत्री कृष्णा सुजाने द्वारा पारिवारिक, सामाजिक पर्यावरण, उन्नत व जैविक कृषि सहित आर्थिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाज के लोगों को उनके अति विशिष्ट योगदान के लिए सम्मानित करने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया। समाज संगठन के बैतूल ब्लॉक अध्यक्ष सुदामा सूर्यवंशी एवं विजय नरवरे द्वारा सम्मेलन समयबद्ध व अनुशासित रूप से करने का सुझाव दिया गया। जिलाध्यक्ष द्वारा जिला किराड़ समाज संगठन के सभी सदस्यों सक्रिय व आजीवन सदस्यों, विशेष आमंत्रित सदस्यों सहित पदाधिकारियों को आमंत्रित करते हुए वार्षिक सम्मेलन कार्यक्रम को सफल बनाने आह्वान किया गया। महिला जिला अध्यक्ष द्वारा भी संगठन के वार्षिक सम्मेलन आयोजन को लेकर सभी पदाधिकारी को निष्ठा पूर्वक अपने दायित्वों के निर्वहन के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया गया। बैठक उपरांत जिला अध्यक्ष कुलराज नरवरे सहित समाज संगठन के पदाधिकारीयों द्वारा समाजसेवी दिवंगत सुरेश पटेल झाड़े के निवास कोपरा पहुंचकर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। ज्ञात हो की स्व.सुरेश पटेल झाड़े ने जीवित रहते मृत्यु भोज न करने का जो संकल्प लिया गया था उस संकल्प को उनके पुत्र लोकनाथ झाड़े, बद्रीनाथ झाड़े द्वारा पूर्ण किया गया।

# सागौन तस्करों को 6 महीने का सश्रम कारावास

**▸ 4 हजार रुपए का अर्थदण्ड भी लगाया**

**बैतूल, देशबन्धु।** न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी बैतूल ने ट्रैक्टर में अवैध रूप से सागौन की तस्करी और परिवहन करने वाले आरोपी अरूण कुमार उम्र66 वर्ष निवासी बरबतपुर तह.एवं थाना शाहपुर जिला बैतूल एवं चुडौल काकोड़िया उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम- पलाशपानी, तह.एवं थाना शाहपुर जिला बैतूल को धारा 5(1)/15 म.प्र. वनोपज व्यापार विनियम अधिनियम 1969 के अपराध में दोषी पाते हुये प्रत्येक आरोपी को 6-6 माह के सश्रम कारावास एवं 4000-4000 रुपए के जुर्माने से दंडित किया गया।

प्रकरण में म.प्र. शासन की ओर से ए.डी.पी.ओ. अजीत सिंह के द्वारा पैरवी की गई। प्रकरण की पैरवी में सहायक ग्रेड-3 शशीकांत सोनारे द्वारा विशेष सहयोग प्रदान किया गया। मामले के मुताबिक वन परिक्षेत्र सारणी को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई थी कि एक ट्रैक्टर में अवैध सागौन लकड़ी का परिवहन किया जा रहा है। उक्त सूचना के आधार पर वन परिक्षेत्र सारणी द्वारा दल गठित कर सूचना के आधार पर शाहपुर चोपना रोड पर पहुचे तो ट्रैक्टर क्रमांक एम पी 48 एम 0629 तथा उसमें लगी ट्रॉली क्रमांक एम 0630 आते हुये दिखाई दी जिसे रोका गया जिसमें से एक व्यक्ति कुदकर भाग गया मौके पर एक व्यक्ति मिला जिससे उसका नाम पता पूछा गया तो उसने अपना नाम अरूण कुमार निवासी बरबतपुर का होना बताया। उक्त ट्रैक्टर ट्रॉली की तलाशी ली गई।

तलाशी के दौरान ट्रॉली से 4 नग सागौन लट्ठे बरामद हुये थे जिसे मौके पर ही जप्त कर जप्तिनामा तैयार किया गया। अरूण कुमार से पुछताछ की गई जिसमें उसने अपना जुर्म स्वीकारते हुये बताया कि उसके साथ उसका साथी चुडौल भी था जो कि भाग गया। अरूण से सागौन लकड़ी के परिवहन संबंधि दस्तावेज मांगे गये तो उसके द्वारा कोई दस्तावेज पेश नहीं किये गये। आरोपी के विरूद्ध वन अपराध दर्ज किया आवश्यक विवेचना उपरांत आरोपी के विरूद्ध परिवाद पत्र तैयार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। विचारण के दौरान अभियोजन ने अपना मामला युक्तियुक्त संदेह से परे प्रमाणित किया जिसके आधार पर न्यायालय ने आरोपियों को दंडित किया।

# राजपत्रित आयुष चिकित्सा अधिकारी संघ ने सौंपा ज्ञापन

**बैतूल, देशबन्धु।** अपनी विभिन्न लंबित मांगों का निराकरण करने के लिए सोमवार को म प्र. राजपत्रित आयुष चिकित्सा अधिकारी संघ के बैनर तले आयुष चिकित्सकों ने मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर तत्काल उचित कार्यवाही करने की मांग की है। संघ के जिला अध्यक्ष डॉ नितिन अतुलकर, जिला सचिव डॉ.योगेश खातरकर ने बताया कि आयुष चिकित्सक ग्रामीण क्षेत्रों में निरंतर चिकित्सा सेवाएं प्रदान करते है। इसके बावजूद शासन उनकी न्यायोचित मांगों के प्रति उदासीन बना हुआ है। म प्र. राजपत्रित आयुष चिकित्सा अधिकारी संघ की मांग है कि स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा गृह आदि विभाग के समान आयुष चिकित्सकों को भी डी.ए.सी.पी व्यवस्था का लाभ दिया जाए। चिकित्सकों की 5, 10, 15 एवं 30 वर्ष की सेवा में ग्रेड पे क्रमशः 6600, 7600, 8700, 10,000 किया जाए। स्नातकोत्तर डिग्री धारित आयुष चिकित्सकों की 3 अग्रिम वेतन वृद्धि का लाभ पुनः प्रारंभ किया जाए।6600 ग्रेड पे प्राप्त चिकित्सकों को प्रथम श्रेणी घोषित कर वरिष्ठ आयुष चिकित्सा अधिकारी पदनाम दिया जाए। नवीन जिला आयुष चिकित्सालय, आयुष विंग, औषधालय साथ ही नवीन आयुष विशेषज्ञ के पद स्वीकृत किये जाए। आयुष चिकित्सकों की सेवानिवृत्ति आयु एलोपैथिक चिकित्सकों के समान 65 वर्ष की जाए। इसके साथ ही आयुष क्लीनिक, नर्सिंग होम, पंचकर्म केन्द्र खोलने की अनुमति हेतु जिला आयुष अधिकारी को अधिकृत करने की मांग शामिल है। ज्ञापन सौंपने वालों में जिला इकाई के सचिव डॉ.योगेश खातरकर, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ.अजय मांडवे, कोषाध्यक्ष डॉ.रविंद्र पाटिल, सदस्य डॉ.नरेंद्र डढोरे, डॉ विनीता महादुले सहित विभिन्न सदस्य उपस्थित रहे।



# ईद मिलादुन्नबी और गणेश विसर्जन को लेकर थाने में हुई बैठक

**मुलताई, देशबन्धु।** गणेश उत्सव एवं 28 सितंबर को ईद मिलादुन्नबी उत्सव को देखते हुए थाना प्रभारी प्रज्ञा शर्मा ने पुलिस थाने में बैठक बुलाई। जिसमे डीजे संचालको एवं ईद मिलादुन्नबी के व्यवस्थापक के साथ ही गणेश मंडलो के लोगों से थाना परिसर में चर्चा की गई। गणेश विसर्जन एवं ईद मिलादुन्नबी पर निकलने वाले जुलूस के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए। विशेष तौर से डीजे संचालकों को थाना प्रभारी ने कहा है कि साउंड को शासन की गाइडलाइन के अनुसार नियंत्रित रखें। साथ ही समय सीमा का ध्यान रखें 10 बजे रात के बाद डीजे ना बजाए। डीजे पर तैनात कर्मचारियों को एहतियात बरतने की हिदायत दे साथ में गानों में मर्यादाएं भी बनाए रखें। बता दे की ईद मिलादुन्नबी के साथ ही गणेश विसर्जन भी प्रारंभ हो जाएगा। इसे देखते हुए थाना प्रभारी प्रज्ञा शर्मा ने ईद मिलादुन्नबी के व्यवस्थापकों से समय सीमा निर्धारित करने के लिए कहा। जिस पर यह तय किया गया है कि अब ईद मिलादुन्नबी का जुलूस सुबह 8 बजे से लेकर 2 दोपहर बजे तक ही होगा। पहले यह जुलूस की समय अवधि शाम 4 बजे तक हुआ करती थी। थाना प्रभारी ने कहा कि जुलूस में व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपने वालंटियर भी नियुक्त करें, जो पुलिस प्रशासन को व्यवस्था बनाने में मदद कर सके। गणेश मंडल के प्रतिनिधियों ने भी अपनी बात रखी।



# किसानों ने सौंपा ज्ञापन, मुआवजे की मांग



**बैतूल, देशबन्धु।** जिला कांग्रेस कमेटी आदिवासी प्रकोष्ठ ने पाढर क्षेत्र के किसानों को फसल नुकसान का मुआवजा देने की मांग की है। आदिवासी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष डॉ.रमेश काकोड़िया, उपाध्यक्ष कमलेश काकोड़िया के नेतृत्व में किसानों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्यवाही करने की मांग की है। ज्ञापन में बताया कि पाढर आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है। अति बारिश होने से किसानों की फसल मक्का, उढद, सोयाबीन एवं गन्ना की फसल खेतों में ही नष्ट हो गई है। फसल नुकसान होने के चलते क्षेत्र के किसानों के सामने आर्थिक संकट की स्थिति निर्मित हो गई है। ऐसी स्थिति में जिला कांग्रेस कमेटी आदिवासी प्रकोष्ठ ने इन किसानों को सर्वे के आधार पर मुआवजा प्रदान करने की मांग की है। इसके अलावा किसानों ने पाढर से शाहपुर तक सर्विस रोड बनाने की मांग की है। किसानों का कहना है कि सर्विस रोड ना होने के कारण दुर्घटनाएं होती है। पाढर क्षेत्र में प्राथमिक उप स्वाथ्य केंद्र के लिये वर्ष 2019 में राशि 1 करोड़ 31 लाख स्वीकृत की गई, लेकिन अब तक बिल्डिंग नहीं बनी है। पाढर क्षेत्र के आसपास की 11 पंचायतों के लगभग 40 से 50 गांव में ग्रामीणों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। पाढर के प्राथमिक उप स्वास्थ केंद्र के लिए कर्मचरियों की भी नियुक्ति हो गई है, इसके बावजूद ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधा नहीं मिल पा रही। ग्रामीणों ने आवागमन की परेशानी को दृष्टिगत रखते हुए ग्राम पाढर को टप्पा तहसील बनाने सहित शीघ्र प्राथमिक उप स्वास्थ्य केंद्र के लिए भवन निर्माण करने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में कांग्रेस ग्रामीण जिला अध्यक्ष हेमंत वागद्रे, प्रवक्ता हेमंत पगारिया, संजू वाड़िवा, विकास नागवंशी, सलमान खान जिला अध्यक्ष सेवा दल, सरफराज खान, मिथुन विश्वास, देवेंद्र लगडे, रामचरण इरपाचे, संतोष भलावी, राजू धुर्वे, राजा यादव, बंटी यादव, किंसू भलावी, विशाल नागवंशी, अच्छेलाल, बृजेश नागवंशी, अमित कुमरे, कमल आहाके आदि मौजूद रहे।

*खेलो एमपी यूथ गेम्सः जिला स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित*

# बालिका वर्ग के खिलाड़ियों का संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन

**बैतूल, देशबन्धु।** खेलों एमपी यूथ गेम्स 2023 का जिला स्तरीय आयोजन कलेक्टर अमनबीर सिंह बैंस के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। रविवार को बालिका वर्ग की जिला स्तरीय स्तरीय प्रतियोगिता जिला मुख्यालय के पुलिस ग्राउंड में सम्पन्न की गई। यहां एथलेटिक्स, हॉकी, फुटबॉल, बॉस्केटबॉल, व्हॉलीबॉल, बैंडमिंटन, जूडो, कबड्डी, टेबल-टेनिस, टेनिस, व्हॉलीबॉल, कुश्ती, तैराकी, शतरंज, खो-खो, मलखम्ब, योगासन, वेटलिफ्टिंग में विकासखण्ड स्तरीय चयन स्पर्धाओं से चयनित लगभग 1500 खिलाडियों ने प्रतिभागिता की। विकासखण्डों से आए 18 वर्ष से कम आयु वर्ग के खिलाडियों ने दलीय एवं व्यक्तिगत खेलों में अपने खेल कौशल का परिचय दिया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने विजेता टीमों एवं व्यक्तिगत खेलों में विजेता एवं उपविजेता खिलाडियों को मैडल, ट्रॉफी से पुरस्कृत किया। विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में चयनित खिलाड़ी आगामी दिनों में संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में सहभागिता करेंगे।



प्रतियोगिता का संचालन जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी पूजा कुरील ने किया। कलेक्टर बैस ने खेलो एमपी यूथ गेम्स-2023 में जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी बालक एवं बालिका खिलाडियों को जिले से संभाग एवं राज्य स्तर पर भी बैतूल जिले को गौरवान्वित करने पर बधाई दी। नागरिक बैंक अध्यक्ष अतीत पंवार ने विकाखण्डों से प्रतिभागी सभी खिलाडियों का उत्साहवर्धन किया एवं उन्हें आदर्श खिलाडियों के पथ पर अग्रसर होने प्रोत्साहित किया। खेलो एमपी यूथ गेम्स 2023 खेल प्रतियोगिता के समापन अवसर पर अतिथि के रूप में नागरिक बैंक अध्यक्ष अतीत पंवार, क्रीड़ा प्रभारी शिक्षा विभाग धर्मेन्द्र पंवार, क्रीड़ा अधिकारी जवाहर नवोदय विद्यालय श्रीमती रेणु भदौरिया, हॉकी प्रमोटर एवं समाजसेवी हेमंत चन्द दुबे, जिला टीकाकारण अधिकारी डॉ.अरविंद भट्ट उपस्थित रहे। जिले से चयनित खिलाड़ी संभाग स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं हेतु 27 एवं 28 सितंबर को भोपाल में प्रतिभागिता करेंगे।

**प्रतियोगिता में यह टीम रही विजेता:** जला स्तरीय खेलो एमपी यूथ गेम्स-2023 में बालक वर्ग में आयोजित हॉकी प्रतियोगिता में विजेता बैतूल ए और उपविजेता बैतूल ब, कबड्डी प्रतियोगिता में विजेता चिचोली एवं उपविजेता शाहपुर, व्हॉलीबॉल प्रतियोगिता में विजेता आमला एवं उपविजेता मुलताई, बॉस्केटबॉल प्रतियोगिता में बैतूल एवं उपविजेता मुलताई, फुटबॉल प्रतियोगिता में विजेता बैतूल एवं उपविजेता घोड़ाडोंगरी, खो-खो प्रतियोगिता में विजेता आमला एवं उपविजेता बैतूल टीम रही। इसी प्रकार बालिका वर्ग में आयोजित हॉकी प्रतियोगिता में विजेता बैतूल एवं उपविजेता आमला, कबडडी प्रतियोगिता में विजेता मुलताई एवं उपविजेता भीमपुर, व्हॉलीबॉल प्रतियोगिता में विजेता आठनेर एवं उपविजेता प्रभातपट्टन, फुटबाल प्रतियोगिता में विजेता बैतूल एवं उपविजेता घोड़ाडोंगरी रही।

## सार समाचार

### अग्निवीर पुरुष के लिए भर्ती रैली परिणाम घोषणा

**नर्मदापुरम देशबन्धु।** सेना भर्ती कार्यालय, भोपाल द्वारा 20 से 25 अगस्त तक मोतीलाल नेहरू स्टेडियम, भोपाल में अग्निवीर पुरुष के लिए भर्ती रैली आयोजित की। रैली के परिणाम अब आ गए हैं। सेना भर्ती कार्यालय, ने सफल अभ्यर्थियों को बधाई देता है। उम्मीदवार अपने पंजीकृत लॉगिन आईडी के माध्यम से जॉइन इंडियन आर्मी की वेबसाइट पर परिणाम देख सकते हैं। सफल उम्मीदवारों को उनके पंजीकृत ईमेल के माध्यम से सूचित कर दिया गया है। सेना भर्ती कार्यालय उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि वे सभी मूल दस्तावेजों के साथ 29 सितंबर को सुबह 8 बजे सेना भर्ती कार्यालय, भोपाल में उपस्थित हों। अभ्यर्थियों को याद रखना चाहिए कि सेना में भर्ती एक पारदर्शी प्रक्रिया है और उन्हें दलालों और फर्जी एजेंटों के जाल में फंसने से बचना चाहिए। भारतीय सेना उम्मीदवारों को शुभकामनाएं देती है और उनकी सफलता की कामना करती है।

### अप्रेंटिसशिप-प्लेसमेंट ड्राइव कल

**नर्मदापुरम देशबन्धु।** शासकीय संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नर्मदापुरम में एक दिवसीय अप्रेंटिसशिप प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन 27 सितम्बर को प्रातः 10 बजे से किया जाएगा। प्राचार्य शासकीय आईटीआई नर्मदापुरम ने उक्त जानकारी देते हुए बताया है कि मेले में सुजुकी मोटर्स गुजरात द्वारा लगभग 200 पदों पर भर्ती की जाएगी। इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता फिटर, डीजल मैकेनिक, ट्रैक्टर मैकेनिक, मोटर मैकेनिक आदि परीक्षाओं में उत्तीर्ण पुरुष अपने आवेदन दे सकते हैं। आवेदक की आयु 18 वर्ष से 24 वर्ष के बीच होना अनिवार्य है। चयनित आवेदक को सुजुकी मोटर्स, गुजरात के लिए 14 हजार 700 रुपए से 21 हजार 500 रुपए तक प्रतिमाह स्टाइपेंड आदि अन्य सुविधाएं देय होंगी। इस सबंध में मेले में भाग लेने के लिए आवेदक को समस्त मूल प्रमाण पत्र एवं अपने बायोडाटा सहित उपस्थित होना होगा। मेले में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

### स्वच्छता विभाग में प्रभार बदले, तिवारी की जगह अरोरा को चार्ज

**इटारसी देशबन्धु।** स्वास्थ्य विभाग में गड़बड़ी की शिकायत मिलने पर सीएमओ ने स्वच्छता निरीक्षक से प्रभारी लेकर उपयंत्री को दे दिया है। स्वास्थ्य समिति के सभापति राकेश जाधव ने विभाग में गड़बड़ी की शिकायत सीएमओ से की थी।

स्वास्थ्य सभापति की शिकायत पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी ऋतु मेहरा ने सेवानिवृति के बाद भी विभाग का काम देख रहे पूर्व स्वास्थ्य निरीक्षक आरके तिवारी से चार्ज वापस ले लिया है। उनके स्थान पर अब उपयंत्री मयंक अरोरा को विभाग का चार्ज दिया है।

रसोई गैस की राशि प्रदाय योजनाः कलेक्टर ने की समीक्षा

# महिलाओं के पंजीयन में गति लाए



**नर्मदापुरम देशबन्धु।** कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने सोमवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित समयसीमा की बैठक में 450 रुपए में महिलाओं को रसोई गैस प्रदाय किए जाने के लिए प्राप्त आवेदनों की भी निकाय और जनपदवार समीक्षा की। उन्होंने ग्राम पंचायतों और वार्डों में शिविरों का प्रभावी ढंग से आयोजन कर पंजीयन में गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी जनपद सीईओ एवं सीएमओ लगातार समीक्षा कर पात्र हितग्राहियों के आवेदन कराएं। उन्होंने लाडली बहना आवास योजना की भी समीक्षा कर महिलाओं के आवेदन कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी सीएमओ और सीईओ को विद्यार्थियों के समग्र आईडी बनाने के भी निर्देश दिए।

उन्होंने वर्षा जनित बीमारियां प्रमुख रूप से डेंगू से बचाव के लिए सभी सीएमओ और जनपद सीईओ को अपने क्षेत्र में जमे हुए वर्षा जल को हटाने और दवाईयों के छिड़कांव किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खाद्य सुरक्षा विभाग के अमले द्वारा भी सक्रिय रहकर खाद्य प्रतिष्ठानों में सैंपलिंग की कार्यवाही की जाएं। कलेक्टर श्री सिंह ने विधानसभा निर्वाचन की तैयारियों की समीक्षा कर सभी रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देशित किया कि मृत मतदाताओं और दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं के नाम हटाने के लिए डोर टू डोर सर्वे अच्छे से कराएं। डोर टू डोर सर्वे का निरंतर निरीक्षण करें। निर्वाचन के लिए आवश्यक सभी निविदा प्रक्रिया भी शीघ्र पूर्ण कराएं। बैठक में कलेक्टर ने प्रमुख निर्माण कार्यों की विस्तार से समीक्षा कर कार्यों को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने भूमि आवंटन के प्रकरणों की भी विस्तार से समीक्षा कर विकास कार्यों के लिए शीघ्र भूमि आवंटन किए जाने के निर्देश सभी एसडीएम और तहसीलदारों को दिए। उन्होंने मूंग उपार्जन और आगामी धान उपार्जन की भी समीक्षा की। उन्होंने मूंग उपार्जन में गड़बड़ी करने वाले गोदामों और संबंधितों के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने धान खरीदी के लिए भी बारदाना सहित अन्य लॉजिस्टिक्स की भी व्यवस्थाएं किए जाने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने गणेश प्रतिमा विसर्जन एवं ईद की तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने सम्पूर्ण जिले में विर्सजन की सभी आवश्यक व्यवस्थायें किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ईद पर्व पर भी निकलने वाले जुलूसों में भी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि नदी तालाबों पर होने वाले विसर्जन के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। इन स्थानों पर होमगार्ड का बल तैनात रहें।

कलेक्टर ने पिपरिया में गलत नामांतरण के प्रकरण में संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों के खिलाफ निलंबन सहित एफआईआर की कार्यवाही करने के निर्देश एसडीएम पिपरिया को दिए। उन्होंने सड़को की मरम्मत की स्थिति की भी समीक्षा कर एमपीआरडीसी, पीएमजीएसवाई, पीडब्ल्यूडी और एनएच को शीघ्र सड़को की मरम्मत कराने के निर्देश दिए। उन्होंने अप्रारंभ कार्यों को शीघ्र प्रारंभ कराने के निर्देश दिए। उन्होंने संबल योजना में प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने सभी जनपद सीईओ को प्राप्त आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सामाजिक न्याय विभाग अंतर्गत पेंशन प्रकरणों में आधार सीडिंग किए जाने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की भी विभागवार विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को लंबित शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक समाधान किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 50 दिवस से अधिक की शिकायतों के निराकरण में विशेष ध्यान दें। उन्होंने सीमांकन के प्रकरणों के निराकरण में विशेष ध्यान देने के निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसूनवाई में प्राप्त शिकायतों का भी गंभीरतापूर्वक निराकरण करें। बैठक में जिला पंचायत सीईओ एसएस रावत, अपर कलेक्टर देवेंद्र कुमार सिंह सहित सभी विभागो के अधिकारी उपस्थित रहें।

### जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक आयोजित

**नर्मदापुरम देशबन्धु।** कलेक्टर नीरज कुमार सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ दिनेश देहलवार, महाप्रबंधक उद्योग, जिला खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी जितेंद्र सिंह राणा, एनआरसी डाइटिशियन इंचार्ज डॉ स्वाति दुबे, खाद्य व्यवसाय से संबंधित प्रतिनिधि महेश ठाकुर इत्यादि उपस्थित रहे। खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम के अंतर्गत किए जा रहे कार्य और ईट राइट इंडिया चैलेंज फेस 3 के अंतर्गत किए जा रहे कार्य की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया गया कि विभाग द्वारा सैंपलिंग की संख्या बढ़ाई जाए और होटल रेस्टोरेंट की भी सतत जांच की जाए।

# पुलिस आरक्षक सहित 2 को भ्रष्टाचार के मामले में 4-4 साल का कारावास

### 15-15 हजार का लगाया जुर्माना

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** विशेष न्यायालय भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम नर्मदापुरम् ने एक पुलिस आरक्षक सहित 2 को भ्रष्टाचार के मामले में 4 - 4 साल के कारावास की सजा सुनाई है। आरोपियों को लोकायुक्त पुलिस ने रंगे हाथों रिश्वत लेते हुए पकड़ा था।

जिला अभियोजन अधिकारी के मुताबिक फरियादी कन्हैयालाल पटेल ने लोकायुक्त भोपाल में शिकायत की थी कि उसके खिलाफ मनीराम सोनी द्वारा की गेहूं चोरी की झूठी रिपोर्ट पर उसके खिलाफ थाना देहात नर्मदापुरम् में प्रकरण दर्ज किया गया है। चोरी के प्रकरण के विवेचक ब्रजेश उईके द्वारा कहा गया कि एसडीओपी कार्यालय होशंगाबाद में पदस्थ प्रधान आरक्षक राजेश नामदेव से बात करके पैसे दे दो। नामदेव ने आश्वासन दिया कि 20 हजार रुपये दे जाओ, आपके विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं होगी गिरफ्तार नहीं करेंगें चालान पेश करवा देंगे। जिस पर 1 जून 2016 को लोकायुक्त भोपाल का ट्रेप दल नर्मदापुरम् आए और एसडीओपी कार्यालय में फरियादी कन्हैयालाल द्वारा जब आरोपी राजेश नामदेव को रिश्वत राशि 20 हजार रुपए पॉलिथीन में रखकर दिए, उसी समय नगर पालिका कर्मचारी देवीदास वहां आया, जिसको जानकारी थी कि लोकायुक्त टीम पकड़ने के लिए आई है तब नामदेव ने पॉलिथीन में रखे पैसे देवीदास को दे दिए और देवीदास पैसे लेकर भाग गया। ट्रेप दल द्वारा राजेश नामदेव के हाथ धुलाये गए, जिससे उसके रिश्वत लेने की पुष्टि हुई। ट्रेप दल ने पाया कि नामदेव द्वारा रिश्वत राशि कन्हैयालाल से लेकर बचने के लिये देवीदास को देकर भगा दिया गया। लोकायुक्त पुलिस ने विवेचना शुरू की। विवेचना के दौरान देवीदास को गिरफ्तार कर लिया लेकिन पैसे बरामद नहीं हुए। ट्रेप कार्यवाही का नेतृत्व करते हुए निरीक्षक बीके सिंह द्वारा विवेचना की कार्यवाही की गई।

अग्रिम विवेचना निरीक्षक सुनील लाटा, एवं महेन्द्र सिंह कुल्हारा लोकायुक्त भोपाल, द्वारा की गई। थाना देहात के पुलिस अधिकारी ब्रजेश उईके एवं अन्य पुलिस अधिकारी के विरुद्ध कोई साक्ष्य नहीं मिले, लेकिन आरोपी प्रधान आरक्षक राजेश नामदेव एवं नगर पालिका कर्मचारी देवीदास के खिलाफ रिश्वत मांग करने एवं रिश्वत लेने संबंधी साक्ष्य पाये जाने पर इनके खिलाफ अभियोजन स्वीकृति उपरांत अभियोग पत्र 12 अप्रैल 2018 को विशेष न्यायालय भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम नर्मदापुरम् के समक्ष प्रस्तुत किया गया। विचारण के दौरान आए साक्ष्य एवं अभियोजन द्वारा प्रस्तुत तर्क पर न्यायालय ने आरोपी को भ्रष्टाचार अधिनियम के अंतर्गत में 4-4 वर्ष का सश्रम कारावास और 15 हजार- 15 हजार रुपए अर्थदण्ड लगाया। साथ ही साक्ष्य छिपाने के लिए 2-2 वर्ष के अतिरिक्त कारावास से दंडित किया। प्रकरण में शासन की ओर से सहायक जिला अभियोजन अधिकारी, विशेष लोक अभियोजक लोकायुक्त दिनेश कुमार यादव द्वारा पैरवी की गई।

# प्रतिभा योजनाः आवेदन 30 तक आमंत्रित

नर्मदापुरम देशबन्धु। आदिम जाति कल्याण विभाग के माध्यम से क्रियान्वित योजनाओं के तहत प्रतिभा योजना वर्ष 2022-23 के लिए एमपीटॉस पोर्टल पर आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 30 सितम्बर नियत की गई है। आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग ने बताया कि जिले के अनुसूचित जनजाति विद्यार्थियों को लाभान्वित करने हेतु संचालित प्रतिभा योजना का विकेन्द्रीकरण किया गया है। जिसके तहत विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि का वितरण जिला स्तर से किया जाएगा। प्रतिभा योजना के लिए आवेदन प्रक्रिया निर्धारित की गई है जिसके अनुसार आवेदक को एमपीटास पोर्टल पर आवेदन अंतिम तिथि तक करना अनिवार्य होगा। जिसके अंतर्गत आवेदक को स्कोर कार्ड इंस्टीट्यूट एडमिशन रिसिप्ट अपलोड करना होगा। ऑनलाइन स्वीकृति के लिए डाटा लाभार्थी अपने मूल जिले के जिलाधिकारी के लॉगिग प्रदर्शित होगा। जिला अधिकारी के परीक्षण उपरांत इसे अनुमोदित कर ऑनलाइन स्वीकृति आदेश की प्रक्रिया क्रियान्वित की जाएगी। प्रतिभा योजना ऑनलाइन के पश्चात किसी भी पाठयक्रम के लिए प्रतिभा प्रोत्साहन राशि प्राप्त किए जाने के लिए आफ लाइन आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

# माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा पूर्वी मध्य प्रदेश की शुभ संचारण कार्य समिति की बैठक हुई

**इटारसी देशबन्धु।** माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा पूर्वी मध्य प्रदेश की शुभ संचारण कार्य समिति बैठक एक्सप्रेस 11 में हुई बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई।

शुभारंभ अवसर पर अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा मध्यांचल के उपसभापति विजय राठी, राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री मध्यांचल श्रीमती अनीता जावंधिया, पूर्वी मध्य प्रदेश मध्यांचल अध्यक्ष श्रीमती रंजना बाहेती, राष्ट्रीय कार्य समिति सदस्य श्रीमती शोभा लाहोटी, नर्मदा संभाग उपाध्यक्ष श्रीमती शिखा जावंधिया, नर्मदा पुरम अध्यक्ष श्रीमती संगीता जावंधिया, जिला सचिव श्रीमती सरला माहेश्वरी, मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्रीय नर्मदा पुरम जिला सचिव प्रहलाद बंग, पूर्वी जिला अध्यक्ष श्रीमती मंजरी छापरवाल, पूर्व जिला सचिव श्रीमती प्रतिभा झंवर, इटारसी माहेश्वरी समाज अध्यक्ष रमेश चांडक, सचिव नितेश राठी एवं इटारसी महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती रेखा राठी, सचिव श्रीमती रितु राठी ने दीप प्रज्वलन किया।बैठक में दिवंगत आत्माओं को मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। महेश वंदना श्रीमती अर्चना चांडक, महिमा बिरला, ममता लखोटिया, डिंपल शारडा, जयश्री आगर, राखी चांडक ने की। श्री गणेश वंदना व



आने वाले अतिथियों का स्वागत श्रीमती तृप्ति लखोटिया और हर्षिका लखोटिया ने सुंदर नृत्य से किया। राधा अष्टमी के उपलक्ष में श्रीमती आयुषी चांडक व श्रीमती स्नेहल राठी ने राधा कृष्ण रास किया। संचालन डॉ. सोनाली राठी एवं श्रीमती राशि लखोटिया ने किया। अतिथियों का श्रीफल और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया।

### 67 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता



**पचमढ़ी, देशबंधु।** मध्य प्रदेश स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित 67 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता इंदौर में आयोजित हुई जिसमें टेबल टेनिस में सीएम राइज पचमढ़ी के छात्रों अमय, रचित ,हर्षित ,अरशद ,अनुराग ,वीरेंद्र,योगेश, ने सहभागिता की एवं अंडर 14 आयु वर्ग में ब्राज मेडल प्राप्त किया खेल शिक्षक संतोष यादव कोच नियुक्त रहे इस उपलब्धि पर प्राचार्य मनीष गुप्ता संभागीय क्रीड़ा ?

# शासकीय एमजीएम कॉलेज में स्वीप अभियान के तहत आज नुक्कड़ नाटक किया

**इटारसी देशबन्धु।** शासकीय महात्मा गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय इटारसी में स्वीप अभियान के तहत आज नुक्कड़ नाटक मेरा वोट मेरा अधिकार का मंचन किया गया।

यह नाटक किसी भी अच्छे प्रत्याशी को वोट देने से संबंधित था ना कि ऐसे प्रत्याशी जो मादक पेय पदार्थ एवं पैसा देकर वोट लेने की बात करते हैं। नाटक के मुख्य कलाकारों में सर्वश्रेष्ठ चौरे, हरीश चौरे, कौशर खान, अर्पिता सराठे, आदर्श मिश्रा, सुजाता राजपूत, ऐश्वर्य, मयंक कनौजिया, सुजल राय, निकिता ने अपनी-अपनी भूमिका निभाई। प्राचार्य डॉ राकेश मेहता ने बताया कि वर्तमान में मतदान के प्रतिशत को



बढ़ाने के लिए इस प्रकार के जागरूकता को बढ़ाने की बहुत आवश्यकता है। इसमें प्रभारी संतोष अहिरवार,डॉ रश्मि तिवारी, डॉ मनीष चौरे, डॉ दिनेश कुमार एवं अन्य प्राध्यापक के साथ बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

केसला ब्लॉक के टोलों में रहने वालों की प्रशासन और नेताओं को दो टूक

# अब आश्वासन नहीं गांव और सड़क चाहिए, तभी मिलेगा वोट




**इटारसी देशबन्धु।** आदिवासी विकासखंड केसला के टोला कलारीपट एवं अन्य तीन-चार गांवों में रहने वाले ग्रामीण इस वर्ष विधानसभा चुनावों का बहिष्कार करने का पक्का मन बना चुके हैं।

विगत पांच वर्ष से कुछ अधिकारियों का कोरा आश्वासन वर्तमान अधिकारियों की अधिक से अधिक मतदान कराने की मंशा पर पानी फेरने के लिए काफी है। इस बार मंगलवार को जनसुनवाई में मिला दो टूक जवाब ग्रामीणों के गुस्से को बढ़ाने में आग में घी का काम कर गया। नाराज ग्रामीणों ने गांव में रैली निकाली और साफ कर दिया कि अब आश्वासन से काम नहीं चलेगा बल्कि गांव और रोड चाहिए, तभी वोट दिया जाएगा। प्रशासन का कहना है कि ग्रामीणों से बातचीत हुई और वे मान भी गये हैं, जबकि शनिवार को ही कलारीपट के ग्रामवासियों ने गांवों में रैली निकालकर मांगों के समर्थन में नारेबाजी की और उसी रोड पर कुछ देर धरना भी दिया है। दरअसल, विगत पांच वर्ष पूर्व 2018 के विधानसभा चुनाव में भी कलारी पटबंदी, पुरानी बंदी, पीपलपुरा सहित अन्य टोलों में रहने वाले ग्रामीणों ने विधानसभा चुनावों का बहिष्कार करने का ऐलान किया था। तत्कालीन केसला जनपद सीईओ और अतिरिक्त तहसीलदार ने ग्रामीणों से मिलकर उनको आश्वस्त किया था कि जल्द ही उनके गांवों को आपस में जोड़ने और मुख्य मार्ग से जोड़ने रोड बनायी जाएगी और टोलों को राजस्व गांवों में तब्दील करके ग्राम पंचायत घोषित कराने की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। यह आश्वासन पर पांच वर्ष में एक पहल तक नहीं हुई और अब ग्रामीण आश्वासनों से मानने के मूड में कतई नहीं हैं। वे सिर्फ काम चाहते हैं, तभी वोट डालेंगे।

### गांव में निकाली रैली, दी चेतावनी

मंगलवार को ये ग्रामीण जनसुनवाई में अपना आवेदन लेकर नर्मदापुरम पहुंचे थे। उन्होंने वहां अधिकारियों को आवेदन दिया और पीड़ा भी जाहिर की। ग्रामीणों को कहना है कि उनको वहां से दो टूक जवाब मिला कि जल्द ही आचार संहित लग जाएगी और आपकी मांगों को पूरा करना फिलहाल संभव नहीं है। इसके बाद ये सभी वापस अपने गांव आ गये। शनिवार को इन लोगों ने गांव में ही रैली निकाली और अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी की।

### चार टोले-मजरों को गांव बनायें

सन् 1971 में प्रूफ रेंज से विस्थापित करके ग्राम ढालामऊ को कलारीपट में भेज दिया था। यहां तीन गांव पुरानी बंदी, पीपलपुरा और रैलसपाठा टोले पहले से मौजूद थे। अब कलारीपट से प्रारंभ हुआ यह जागरुकता अभियान इन तीन टोलों में भी पहुंच गया है और सभी चारों मंजरे-टोलों के निवासी अपने टोलों को राजस्व ग्राम में बदलने की मांग और गांवों को पास में रोड से जोड़कर मुख्य मार्ग से जोड़ने और रोड नहीं तो वोट नहीं के साथ गांव बनाने की मांग कर रहे हैं।

### इनका कहना है...

हम एसडीओपी, केसला टीआई, जनपद अध्यक्ष ग्रामीणों से मिलने गये थे, उनको वास्तविकता बतायी है, वे समझ गये हैं। दरअसल, जिला पंचायत सीईओ ने रोड का बजट करीब 56 लाख का राज्य शासन के पास भेजा है, वहां से बजट मंजूर होने पर ही हम कुछ कर सकते हैं, चुनाव से पहले यह हो जाएगा, ऐसा आश्वासन कैसे दे सकते हैं। रही बात ग्राम घोषित करने की तो इसका प्रस्ताव बनाकर कार्यवाही प्रारंभ कर दी है, आज भी टीएल बैठक में इसे नोट कराया गया है।

**नीता कोरी, एसडीएम इटारसी**

### ये बोले ग्रामीण

हमें रोड चाहिए ताकि हमारा आवागमन सुलभ हो सके। टोला है, इसे राजस्व ग्राम और ग्राम पंचायत घोषित किया जाए ताकि हम विकास की दौड़ में आ सकें।

**बदामीलाल दमाड़े, ग्रामीण**

हमें 2018 में आश्वासन देकर हमसे मतदान करा लिया, इसके बाद अधिकारियों ने हमारी तरफ मुड़कर भी नहीं देखा। अब हम आश्वासन नहीं काम चाहते हैं।

**सुनीता बाई, ग्रामीण**

इस बार हम आश्वासन पर भरोसा करने वाले नहीं हैं। अधिकारियों और नेताओं को हमारी मांग मानकर काम प्रारंभ कराना होगा, तभी हम मतदान करेंगे, अन्यथा नहीं।

**रामदुलारे, ग्रामीण**

वर्तमान में गांव ग्राम पंचायत भरगदा का टोला है, यहां रोड नहीं है, अधिकारी आएं, हमारी परेशानी देखें, समस्याओं का निदान करें, हम चुनाव बहिष्कार के अपने निर्णय पर अडिग हैं।

**कन्हैया दामड़े, ग्रामीण युवा**

### हितग्राहियों को शीघ्र ही होगी राशि अंतरित

# अधिक से अधिक पात्र बहनों को दिलवाएं रियायती दर पर रसोई गैस सुविधा : शिवराज



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि सस्ते दाम पर रसोई गैस उपलब्ध करवाने का कार्य पूरी तन्मयता से परिश्रम पूर्वक किया जाए, जिससे अधिक से अधिक पात्र बहनों को यह सुविधा उपलब्ध हो सके। हितग्राहियों को शीघ्र ही राशि अंतरित किया जाना प्रस्तावित है। इसके लिए सभी आवश्यक प्रयास किए जाएं। जिस तरह जिला स्तर पर मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के क्रियान्वयन पर ध्यान दिया गया उसी टीम भावना से रियायती रसोई गैस सिलेंडर री-फिलिंग योजना की सुविधा का लाभ दिलवाने का कार्य किया जाए।

मुख्यमंत्री श्री चौहान मुख्यमंत्री निवास से वीडियो कान्फ्रेंस द्वारा जिला कलेक्टर से प्रदेश में रियायती दर पर रसोई गैस सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए बहनों के पंजीयन कार्य की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने इस कार्य की जिलावार जानकारी प्राप्त कर आवश्यक निर्देश दिए। खाद्य मंत्री श्री बिसाहूलाल सिंह, मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में प्रधानमंत्री उज्जवला योजना की हितग्राही बहनों को 450 रुपए में रसोई गैस सिलेंडर उपलब्ध करवाने का निर्णय लिया गया है। इस निर्णय के परिपालन के लिए खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता संरक्षण विकास द्वारा संबंधित एजेंसियों, आयल कंपनियों और स्थानीय प्रशासन से समन्वय कर निर्धारित कार्यवाही की जा रही है। बहनों को गैस कंपनी से विक्रय दर पर सिलेंडर लेने के पश्चात अंतर की राशि का भुगतान उनके बैंक खाते में किया जाएगा। यह राशि राज्य सरकार वहन करेगी।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने 15 सितम्बर को टीकमगढ़ से योजना का शुभारंभ कर प्रतीक स्वरूप कुछ हितग्राहियों के आवेदन प्रपत्र भरवाए थे। उन्होंने गत 17 सितम्बर को भी भोपाल के कुशाभाऊ ठाकुर सभागार में बहनों के आवेदन प्रपत्र भरवाने का कार्य किया था। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कलेक्टर्स को निर्देश दिए कि कम दाम पर रसाई गैस की सुविधा मिलने से लाखों परिवारों को आर्थिक राहत मिलेगी। इसका लाभ दिलवाने के लिए प्रदेश में बहनों के पंजीयन की कार्यवाही चल रही है। बैठक में बताया गया कि उज्ज्वला योजना का लाभ ले रही बहनों और ऐसी बहनों जिन्हें उज्ज्वला योजना का लाभ नहीं मिला है, उनकी समग्र जानकारी एकत्र कर बैंक खातों के विवरण के साथ आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण की जा रही है। बड़ी संख्या में पुरुषों के नाम खाते होने से परिवार किस तरह लाभान्वित हो, इसके लिए जरूरी तकनीकी उपायों पर भी कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने वीसी द्वारा जिलों से चर्चा के दौरान पन्ना, सीहोर और कुछ अन्य जिलों में हुए श्रेष्ठ कार्य संपादन के लिए कलेक्टर्स को बधाई दी और अन्य जिलों को कार्य की गति बढ़ाने के निर्देश दिए, जिससे राशि का अंतरण कार्य जल्द संपन्न हो।मुख्यमंत्री श्री चौहान ने वीडियो कान्फ्रेन्स में जिला स्तर पर मुख्यमंत्री लाड़ली बहना आवास योजना के क्रियान्वयन के संबंध में भी निर्देश देते हुए कहा कि यह कार्य हितग्राहियों को कठिनाई आये बिना पूर्ण किया जाए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने जिलों में किसानों को रबी फसलों के लिए खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिक वर्षा से कुछ स्थानों पर फसलों की क्षति का आकलन कर प्रभावित किसानों को फसल बीमा योजना और आर बी सी 6-4 के प्रावधानों का लाभ दिलवाने को भी कहा।

### कांग्रेस महासचिव सुरजेवाला ने साधा प्रधानमंत्री पर निशाना, कहा-

# मोदी ने शिवराज सरकार की योजनाओं की नहीं की चर्चा



**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश कांग्रेस महासचिव और प्रदेश प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला ने भोपाल के जम्हूरी मैदान आयोजित भाजपा के कार्यकर्ता महाकुंभ को असफल बताया है। उन्होंने कहा कि ये प्रोग्राम फ्लॉप शो साबित हुआ। 10 लाख कार्यकर्ता जुटाने का दावा था, इसके लिए हजारों वाहन और सरकारी बसें लगा दीं। बावजूद इसके 50 हजार लोग भी जमा नहीं कर पाए। सुरजेवाला ने प्रधानमंत्री के युवा मतदाताओं के संबोधन पर कहा कि प्रधानमंत्री ने युवा मतदाताओं की चर्चा की। युवा मतदाता ने 18 साल की भाजपा सरकार में क्या देखा? प्रधानमंत्री ने कहा कि पहली बार वोट दे रहे लोगों ने मध्य प्रदेश में तरक्की देखी, लेकिन सच क्या है? युवाओं ने पिछले 18-20 साल में व्यापमं घोटाले में 23 प्रकार की भर्ती परीक्षा में एक करोड़ नौजवानों का भविष्य बर्बाद होते देखा।

सुरजेवाला ने दिल्ली में पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि लाखों युवाओं ने पटवारी भर्ती परीक्षा में 15 -15 लाख का पेपर बिकते देखा है, डीमेट और नर्सिंग कॉलेज घोटाले में भविष्य बर्बाद होते देखा। सुरजेवाला ने कहा कि हालत यह है कि भाजपा शासन के 18 साल बाद भी 26 हजार सरकारी स्कूलों में बिजली कनेक्शन नहीं है, 29 हजार स्कूलों पर ताले लगा दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता महाकुंभ में कई चौंकाने वाली बातें देखने को मिली। जिनमें प्रधानमंत्री ने 18 साल में भाजपा सरकार द्वारा लागू की गई एक योजना की भी चर्चा करना उचित नहीं समझा, क्योंकि प्रधानमंत्री जानते हैं कि शिवराज सरकार की योजनाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी हैं।

# प्रधानमंत्री मोदी का भोपाल पहुंचने पर आत्मीय स्वागत



**भोपाल, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आज भोपाल आगमन पर विमानतल पर जन-प्रतिनिधियों ने अगवानी कर आत्मीय स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी राजकीय विमानतल पर सुबह 10.55 बजे वायु सेना के विशेष विमान द्वारा आये। प्रधानमंत्री जी यहां से सेना के हेलीकाप्टर द्वारा भोपाल स्थित जंबूरी मैदान के लिये रवाना हुए।

प्रधानमंत्री श्री मोदी के विमानतल आगमन पर स्वागत के अवसर पर सांसद श्रीमती संध्या राय, सांसद श्रीमती रीति पाठक, सांसद गणेश सिंह, सांसद ढाल सिंह बिसेन, सांसद उदय प्रताप सिंह, सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी, सांसद सुधीर गुप्ता, सांसद जीएस डामोर, सांसद छत्तर सिंह, सांसद शंकर लालवानी, सांसद गजेन्द्र सिंह पटेल, सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, सांसद कैलाश सोनी, सांसद सुमेर सिंह सोलंकी सहित अन्य जन-प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## पश्चिम बंगाल में डेंगू के मामले 38 हजार के पार

**कोलकाता,** (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि राज्य में डेंगू के मामलों की संख्या रिकॉर्ड 38,000 के आंकड़े को पार कर गई है। सोमवार तक, कुल आंकड़ा 38,181 था। लगभग हर दिन अलग-अलग जिलों से डेंगू से होने वाली मौतों की खबरें सामने आ रही हैं, लेकिन विभाग ने वास्तविक संख्या नहीं बताई है। विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, चिंताजनक बात यह है कि अब उत्तर बंगाल, खासकर मालदा के कई इलाके तेजी से डेंगू की चपेट में आ रहे हैं। उत्तर और दक्षिण बंगाल में कई डेंगू हॉटस्पॉट क्षेत्र नामित किए गए हैं, जहां नियमित आधार पर विशेष निगरानी की जा रही है। राज्य की राजधानी में मामलों में अचानक वृद्धि के बीच, कोलकाता नगर निगम (केएमसी) ने स्थिति नियंत्रण में आने तक अपने स्वास्थ्य केंद्रों को सप्ताह में सात दिन के आधार पर संचालित करने का निर्णय लिया है। केएमसी ने अगले दो महीनों के लिए अपने पूरे स्टाफ की छुट्टियां भी रद्द कर दी हैं। अक्टूबर में दुर्गा पूजा और नवंबर में दिवाली के दौरान कर्मचारी छुट्टियां नहीं ले सकेंगे। इस बीच, विपक्षी भाजपा ने पश्चिम बंगाल में डेंगू की चिंताजनक स्थिति को लेकर राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला है। पश्चिम बंगाल में भाजपा प्रवक्ता समिक भट्टाचार्य ने कहा कि जिस तरह पश्चिम बंगाल में घोटालेबाज राज्य सरकार से प्राप्त संरक्षण के कारण निडर हो गए हैं, उसी तरह मच्छर भी यह समझकर निडर हो गए हैं कि स्वास्थ्य अधिकारी उन्हें नियंत्रित करने के लिए निवारक उपाय करने में इतने लापरवाह हैं।

# पेड़ से टकराई तेज रफ्तार कार, 5 अधिकारियों की गई जान

**शहडोल, देशबन्धु।** बीती रात सड़क घुनघुटी चौकी के पास एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई, इस सड़क दुर्घटना में 5 प्रशासनिक अधिकारियों की मौत हो गई। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। मृतकों के शव पोस्टमॉर्टम के लिए उमरिया जिले के पाली में रखे गए हैं। सभी मृतक एक जन्मदिन की पार्टी से वापस लौट रहे थे।

जानकारी के मुताबिक, पुलिस को सूचना मिली कि शहडोल-उमरिया हाइवे पर मझगंवा के पास भीषण हादसा हो गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि एक एसयूवी पेड़ से टकरा गई है। दुर्घटना में एसयूवी कार के परखच्चे उड़ गए थे. उसे पहचानना भी मुश्किल था। पुलिस ने जांच की तो पता चला कि 3 लोगों की मौके पर ही हो गई थी, जबकि पुलिस ने बाकी 2 घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भेज दिया, जहां उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस ने बताया कि जांच में पता चला कि कार में सवार सभी लोग शहडोल जिले के प्रशासनिक अधिकारी हैं। ये सभी अधिकारी खनिज निरीक्षक पुष्पेंद्र त्रिपाठी के रिश्तेदार अमित शुक्ला का जन्मदिन मनाकर रीवा से लौट रहे थे। उसी दौरान रात डेढ़ बजे के करीब यह भीषण हादसा हुआ। पुलिस ने कागजी कार्रवाई के बाद मृतकों के शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिए। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है, दूसरी ओर लोगों ने कहा कि हादसे के बाद कार की हालत देखने लायक भी नहीं बची थी, जैसे-जैसे सभी को बाहर निकाला जा सका।

घुनघुटी चौकी प्रभारी एएसआई शैलेन्द्र चतुर्वेदी ने बताया कि 5 लोग कार क्रमांक एमपी 18 जेडबी 2942 सेलटोस कार से उमरिया की तरफ से शहडोल जा रहे थे। कार में सवार शहडोल के खनिज इंस्पेक्टर पुष्पेंद्र त्रिपाठी, लोक सेवा जिला प्रबंधक अविनाश दुबे, जिला पंचायत के प्रकाश जगत, गोहपारू सब इंजीनियर दिनेश सारीबा और अमित शुक्ला सवार थे, इन सभी की सड़क हादसे में मौत हो गई, पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई।

# कलेक्ट्रेट में हंगामा, पुलिस ने छोड़े आंसू गैस के गोले, भांजी लाठियां

**ग्वालियर, देशबन्धु।** कलेक्ट्रेट परिसर में आज गुर्जर महासभा के प्रदर्शन के दौरान हुए हंगामे के बाद पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े और लाठी चार्ज कर उपद्रवी भीड़ को तितर-बितर करने का काम किया। दरअसल अपने समाज की मांगों को लेकर गुर्जर समाज के लोगों ने आज फूलबाग मैदान पर गुर्जर महाकुंभ का आयोजन किया। फूलबाग पर सभा के दौरान लोगों ने चौराहे पर चक्काजाम किया और पुलिस की गाड़ी तोड़ दी, पुलिस ने इन्हें यहां समझाइश देकर शांत करा दिया।

शाम के समय ये लोग बिना पूर्व सूचना के कलेक्ट्रेट पहुंचे, इसके बावजूद पुलिस और प्रशासन ने इनसे ज्ञापन लेने की व्यवस्था की और कलक्ट्रेट के गेट पर बैरिकेड्स लगाकर उन्हें नीचे ही रोकने का प्रयास किया, कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह और एसपी राजेश सिंह चंदेल भी वहां मौजूद थे। पुलिस अधिकारी जब लोगों से बात कर रहे थे, उसी समय कुछ लोगों ने हंगामा करना शुरू कर दिया, नारेबाजी करते हुए बैरिकेड तोड़ते हुए कलेक्ट्रेट में घुस गए और पत्थर फेंकने लगे, पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो कुछ लोगों ने पुलिस से ही धक्का-मुक्की कर मारपीट शुरू कर दी, देखते ही देखते वहां कलेक्टर, एसपी, तहसीलदार, सीएसपी, मीडिया के वाहन और अन्य लोगों के वाहनों पर बड़े बड़े पत्थर बरसने लगे, हालात बेकाबू होते देख पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे और भीड़ को तितर बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया।

### उपद्रवियों को चिन्हित कर की जाएगी कड़ी कार्रवाई

कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने कहा कि हमने इन्हें सामाजिक कार्य करने के लिए जगह दी, इनकी बात सुनने यहां आए, लेकिन इनका ये तरीका स्वीकार नहीं है। इन पर कड़ी कार्रवाई होगी। पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल ने कहा कि बिना अनुमति के बाद भी कलेक्टर साहब इनका ज्ञापन ले रहे थे, लेकिन ये पुलिस पर ही हमलावर हो गए, पत्थर फेंकने लगे, सीसीटीवी देखकर उपद्रवियों को चिन्हित किया जाएगा और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**कांग्रेस जंग लगा लोहा, उसके.... की सरकार ने देश का भव्य संसद भवन बनाया, जिसकी पूरा देश तारीफ** कर रहा है, लेकिन कांग्रेस इसका पहले दिन से विरोध कर रही है और कांग्रेस के लोग आज भी नकारात्मकता फैला रहे हैं। देश कोई भी उपलबधि हासिल करे, कांग्रेस को पसंद नहीं। देश का नाम रोशन हो, इज्जत बढ़े, मान-सम्मान बढ़े तो हर भारतीय को गौरव होता है, लेकिन कांग्रेस को इससे गर्व की अनुभूति नहीं होती। श्री मोदी ने कहा कि पूरा देश आज समृद्धि के लिए परिश्रम कर रहा है, लेकिन कांग्रेस देश को 20 वीं सदी में ले जाना चाहती है। वह न खुद बदलना चाहती है और न देश को बदलने देना चाहती है। श्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस पहले बर्बाद हुई, फिर दिवालिया और अब तो पार्टी चलाने का ठेका ही दूसरों को दे दिया है। कांग्रेस ऐसी कंपनी बन गई है,जो हर चीज आउटसोर्स कर रही है। उसे चलाने का ठेका अरबन नक्सलियों के पास है और पार्टी का हर कार्यकर्ता यह महसूस कर रहा है कि कांग्रेस खोखली हो चुकी है।

श्री मोदी ने कहा कि मध्यप्रदेश में बीते 20 सालों से भाजपा की सरकार है। महाकुंभ में उपस्थित कार्यकर्ताओं और प्रदेश के मतदाताओं में बड़ी संख्या ऐसे सौभाग्यशाली युवाओं की है, जिन्होंने कांग्रेस की सरकार नहीं देखी। इन युवाओं ने प्रदेश की लाचार कानून व्यवस्था नहीं देखी, खस्ताहाल सड़कें नहीं देखी और अंधेरे में जीने की मजबूरी नहीं देखी। लंबे समय तक सत्ता में रही कांग्रेस ने एक साधन संपन्न प्रदेश को बीमारू राज्य बना दिया। कुनीति, कुशासन और करप्शन कांग्रेस की पहचान बन गए। श्री मोदी ने कहा कि मैं आज के नौजवानों को यह बता देना चाहता हूं कि अगर उनके माता-पिता या दादा-दादी अभावों में जीये हैं, तो इसकी वजह कांग्रेस है। उन्हें मुसीबतें झेलने पर मजबूर करने वाली कांग्रेस ही है। उन्होंने कहा कि देश को आज जो सम्मान मिल रहा है, वह पहले भी मिल सकता था, लेकिन कांग्रेस एक परिवार को गौरव बढ़ाने में लगी रही। कांग्रेस ने लोकतंत्र को परिवार तंत्र बना दिया। कांग्रेस की राजनीति गरीबी, अभावों और मुश्किलों में ही फलती-फूलती है। कांग्रेस गरीबों को तरसाती रही और वोट देने वालों को ही लाभ पहुंचाती रही। कांग्रेस ने देश को जानबूझकर गरीब बनाए रखा और लोगों को रोटी, कपड़ा और मकान के चक्कर में उलझाए रखा। श्री मोदी ने कहा कि जो मुश्किलें पिछली पीढ़ियों ने झेली, वो आपके बच्चों को न झेलना पड़े, इसके लिए भाजपा की डबल इंजन सरकार लगातार काम कर रही है।

**कांग्रेस ने 30 सालों से महिला....** टॉयलेट बनाना पड़ते? क्या माताएं-बहनें धुएं में जिंदगी गुजारने को मजबूर होतीं? उन्होंने कहा कि अगर ये महिला हितैषी होते, तो हमारी बहनों को बूंद-बूंद पानी के लिए तरसना नहीं पड़ता। इन्होंने संसद में हंगामा किया, बिल फाड़ दिया और स्पीकर पर हमला किया। उनको इस अधिनियम का समर्थन इसलिए करना पड़ा, क्योंकि देश के माता-बहनें अब जाग गई हैं। वो इतनी सशक्त हो गई हैं कि कांग्रेस और घमंडिया गठबंधन प्रस्ताव का विरोध करने की हिम्मत नहीं कर पाए। इन्होंने कई दशकों तक शासन किया, अगर चाहते तो वो भी ऐसा कानून बना सकते थे, लेकिन नहीं बनाया। इसका मतलब है इनकी नीयत में खोट है और ये घमंडिया गठबंधन मौका मिलते ही माताओं, बहनों को धोखा देने को तैयार है। गठबंधन के लोग बौखला गए हैं और अब ये नारी शक्ति को बांटने की कोशिश करेंगे।

**महिला जनप्रतिनिधियों ने किया....** श्रीमती मनीषा सिंह, श्रीमती नंदिनी मरावी, श्रीमती संगीता सोनी, विधायक श्रीमती मालिनी गौड, पिछडा वर्ग मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व विधायक श्रीमती कृष्णा गौर, महापौर श्रीमती मालती राय, महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती माया नारोलिया, श्रीमती अमिता चपरा, श्रीमती निर्मला बारेला, श्रीमती तनुश्री कुलदीप राठौर, श्रीमती मनुप्रिया विनीत यादव, सुश्री भक्ति शर्मा, श्रीमती प्रज्ञा त्रिपाठी, श्रीमती सोनम मरावी स्वागत में मौजूद थी।

**प्रदेश में 2 तिहाई बहुमत से....** मध्यप्रदेश से उनके गले में 29 कमल की माला पहनानी है। उन्हांने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता संकल्प ले कि प्रत्येक बूथ जीतेंगे, विधानसभा जीतेंगे और भारत को भारी बहुमत से विजयी बनाकर एक वैभवशाली, गौरवशाली और समृद्ध भारत के निर्माण में हम सहयोगी बनेंगे। डबल इंजन की सरकार ने मध्यप्रदेश में तेजी से विकास किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई संसद के शुभारंभ के पहले दिन ही महिला सशक्तिकरण कानून बनाकर 33 प्रतिशत बहनों को लोकसभा एवं राज्यसभा में आरक्षण दिया है। यह ऐतिहासिक काम इसलिए संभव हुआ है कि मोदी है तो मुमकिन है।

**महिलाओं को आरक्षण देकर....** महिला सशक्तिकरण की दृष्टि से लाड़ली लक्ष्मी योजना एवं लाड़ली बहना योजना संचालित हो रही हैं। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से केंद्र एवं राज्य की डबल इंजन की सरकारों द्वारा चलाये गये गरीब कल्याण के महाअभियान से 1 करोड़ 36 लाख गरीब गरीबी रेखा से ऊपर आएं हैं। प्रधानमंत्री ने प्रदेश के विकास को ताकत दी है और गरीब का जीवन बदलने का जो अभियान चलाया है, इसलिए आज लाखों लाख कार्यकर्ता मोदी जी का आशीर्वाद लेने के लिए यहां उपस्थित हुए हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव एवं 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में इतिहास बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता तैयार हैं। संचालन प्रदेश महामंत्री एवं सांसद सुश्री कविता पाटीदार ने किया।

### कोरोना से 7 गुना खतरनाक महामारी आने का अनुमान

# 5 करोड़ लोगों की जान ले सकती है नई महामारी

**विश्व स्वास्थ्य संगठन ने डिसीज एक्स दिया नाम**

**लंदन, एजेंसियां।** ब्रिटेन की वैक्सीन टास्कफोर्स के चीफ डेम केट बिंघम का कहना है कि अगली महामारी 5 करोड़ लोगों की जान ले सकती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इस एंटीसिपेटेड महामारी को डिसीज एक्स नाम दिया है।

वहीं, डेली मेल की रिपोर्ट के मुताबिक, विशेषज्ञों का कहना है कि यह महामारी कोविड-19 से 7 गुना ज्यादा खतरनाक साबित हो सकती है और जल्द ही फैल सकती है। यानी इसके मामले जल्द सामने आ सकते हैं। यह महामारी मौजूदा वायरस की वजह से ही फैलेगी। ऐसा इसलिए क्योंकि वायरस तेजी से म्यूटेट हो रहे हैं। म्यूटेशन का मतलब होता है कि किसी जीव के जेनेटिक मटेरियल में बदलाव। जब कोई वायरस खुद की लाखों कॉपी बनाता है और एक इंसान से दूसरे इंसान तक या जानवर से इंसान में जाता है तो हर कॉपी अलग होती है। कॉपी में यह अंतर बढ़ता जाता है।

कुछ समय बाद एक नया स्ट्रेन सामने आता है। यह बहुत ही सामान्य प्रक्रिया है। वायरस अपना रूप बदलते रहते हैं। सीजनल इन्फ्लूएंजा तो हर साल नए रूप में सामने आता है।

### वैक्सीन बनाने पर काम शुरू

ब्रिटेन के वैज्ञानिकों ने डिसीज एक्स के आने से पहले ही इससे लड़ने के लिए वैक्सीन बनाना शुरू कर दिया है। इसके लिए 25 तरह के वायरस पर स्टडी की। साइंटिस्ट्स का फोकस जानवरों में पाए जाने वाले वायरस पर है। यानी वो वायरस जो जानवरों से इंसानों में फैल सकते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि क्लाइमेट चेंज की वजह से कई जानवर और जीव-जंतु रिहायशी इलाकों में रहने के लिए आ रहे हैं।

### जलवायु परिवर्तन बन रहा कारण

इंसानों ने विकास के नाम पर जंगलों को काटकर यहां घर और इंडस्ट्रीज बना लीं। इस कारण हमारा जानवरों, मच्छरों, बैक्टीरिया, फंगस से संपर्क बढ़ गया है। दूसरी तरफ ये सभी जीव-जंतु खुद को बदलती जलवायु परिवर्तन के अनुकूल बना रहे हैं और हमारे वातावरण में ही रह रहे हैं। इनसे कई बीमारियां फैल रही हैं, जो हमारे जीवन के लिए खतरनाक हैं।

### उप्र के स्कूल में छात्र को पिटवाने पर बोला सुप्रीम कोर्ट

# सरकार की अंतरात्मा झकझोर जानी चाहिए

- जांच की निगरानी के लिए आईपीएस अधिकारी को करें तैनात
- शीर्ष अदालत ने मुकदमा दर्ज करने में देरी पर भी आपत्ति जताई



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में एक विशेष समुदाय के स्कूली छात्र को उसके सहपाठी के एक शिक्षिका के आदेश पर थप्पड़ मारे जाने के मामले में टिप्पणी करते हुए सोमवार को कहा कि यह घटना जिस प्रकार से घाटी, उससे सरकार की अंतरात्मा झकझोर जानी चाहिए। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने उत्तर प्रदेश के स्कूलों में दी जा रही शिक्षा की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल किया और उस शिक्षिका के छात्रों से एक मुस्लिम छात्र को थप्पड़ मारने के लिए कहने की कथित घटना की जांच निगरानी के लिए भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के एक अधिकारी को तैनात करने का राज्य सरकार को आदेश दिया। पीठ ने कहा, यह मामला गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से संबंधित है, जिसमें संवेदनशील शिक्षा भी शामिल है। जिस तरह से यह हुआ है, उससे राज्य की अंतरात्मा झकझोर देनी चाहिए।

पीठ ने एक छात्र को दी गई यह सजा 'सबसे खराब शारीरिक सजा' हो सकती है। अदालत ने प्रथम दृष्टया राज्य सरकार को शिक्षा का अधिकार अधिनियम और उन नियमों के अनुपालन में विफल पाया, जो छात्रों के शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न और धर्म और जाति के आधार पर उनके भेदभाव को रोकते हैं। न्यायमूर्ति ओका ने कहा, 'हम हमेशा यह स्वत: संज्ञान ले सकते हैं, क्योंकि यह संविधान के अनुच्छेद 21ए (शिक्षा का अधिकार) का सीधा उल्लंघन है।' पीठ ने सरकार की इस दलील खारिज कर दी कि तुषार गांधी द्वारा दायर याचिका पर विचार नहीं किया जा सकता, क्योंकि वह महात्मा गांधी के परपोते हैं। शीर्ष अदालत ने मुकदमा दर्ज करने में हुई लंबी देरी और तरीके पर भी गंभीर आपत्ति जताई।

### सरकार के वकील बोले, घटना बढ़ा-चढ़ाकर पेश की

सरकार का पक्ष रख रहे अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के एम नटराज ने जब कहा कि सांप्रदायिक पहलू को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया। इस पर पीठ ने उनसे पूछा, यह बहुत गंभीर मामला है। शिक्षक ने बच्चे को उसके धर्म के कारण पीटने का आदेश दिया यह कैसी शिक्षा दी जा रही है? पीठ ने नटराज से कई सवाल करते हुए कहा, जांच की निगरानी वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी को करने दें। आरोपपत्र कब दाखिल किया जाएगा? गवाहों और बच्चे को क्या सुरक्षा दी जाएगी? हम जानना चाहते हैं। काउंसलिंग पेशेवर होनी चाहिए। पीठ ने पूछा, पिता (पीड़िता छात्र के) ने एक बयान दिया था, जिसमें आरोप लगाए गए थे कि उन्हें धर्म के कारण पीटा गया था। इस आरोप का मुकदमा में उल्लेख नहीं है। शीर्ष अदालत ने यह भी नोट किया गया कि काफी समय बीतने बाद 6 सितंबर 2023 को किशोर न्याय अधिनियम 2015 की धारा 75 और आईपीसी की धारा 323 और 503 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।

### 30 अक्टूबर की होगी अगली सुनवाई

शीर्ष अदालत ने राज्य सरकार से अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश देते हुए कहा कि राज्य को इस महत्वपूर्ण प्रश्न का उत्तर देना होगा कि वह (आरटीई अधिनियम के तहत) अपराध के पीड़ित को उसकी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए क्या सुविधाएं प्रदान करेगी। इस अधिनियम में कहा गया है कि राज्य बच्चे से उसी स्कूल में पढ़ाई जारी रखने की उम्मीद नहीं कर सकता। शीर्ष अदालत ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 30 अक्टूबर की तारीख मुकर्रर की है।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स, प्लाट नं. 26 बी देशबन्धु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. 462011 से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** फोन 0755-4222971, ई-मेल deshbandhubpl1@yahoo.co.in प्रेस पंजीयन-प.स. 45096/85 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।